हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष, पुनर्वसु, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 30 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 260 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना

जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (JMMSY)

गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना

बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना

सामुदायिक और व्यक्तिगत वन पट्टा का आवेदन और वितरण

अबुआ आवास योजना

सर्वजन पेंशन योजना

मनरेगा

बिरसा हरित ग्राम योजना

राजस्व से जुड़े मामले, जैसे म्युटेशन, मापी, लगान रसीद, आदि

धोती-साड़ी-लुंगी वितरण

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना

कंबल वितरण

केसीसी

मुख्यमंत्री पशुधन योजना

राशन एवं आधार कार्ड में संशोधन

आयुष्मान कार्ड

झारखण्ड सरकार
सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF JHARKHAND

30 अगस्त - 15 सितम्बर

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

पंचायत - 4,351 | नगर निकाय - 50

वर्ष 2021 के आंकड़े		वर्ष 2022 के आंकड़े	
कुल शिविर 6,867	कुल प्राप्त आवेदन 35.95 लाख	कुल शिविर 5,696	कुल प्राप्त आवेदन 55.44 लाख

वर्ष 2023 के आंकड़े	
कुल शिविर 5,496	कुल प्राप्त आवेदन 58.26 लाख

तीन वर्षों में प्राप्त 1 करोड़ 49 लाख आवेदनों का निष्पादन किया गया

देने अधिकार... चौथी बार हेमन्त सरकार आ रही आपके द्वार

अधिक जानकारी के लिए :- https://sarkaraapkedwar.jharkhand.gov.in/

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No.334127 / IPRD / 2024-25

चलती ट्रेन से बच्चा गायब, तांत्रिक पर शक

परेशान मां से महिला बोली- मैं माता रानी की भक्त, तेरा बेटा सुरक्षित, खेल रहा है

निज संवाददाता। गया

गया की एक महिला शिवानी कुमारी का 9 माह का बच्चा महाबोधि एक्सप्रेस से गायब हो गया। बच्चे के दिल में छेद है। उसे उसकी मां और दादी इलाज के लिए दिल्ली एम्स ले गई थीं। वापस लौटने के दौरान घटना हुई। पीड़ित मां और दादी अपने बच्चे को ट्रेन में खोजती रहीं पर वो नहीं मिला। दोनों का रो-रोकर बुरा हाल था, इस बीच ट्रेन में एक अनजान महिला उनके पास आई। उसने पीड़िता से कहा था मैं माता रानी की भक्त हूं। मैं कह रही हूं, तुम्हारा बच्चा सुरक्षित है। खेल रहा है। तुम परेशान मत हो। मैं अपने गुरुजी से संपर्क कर बच्चा दिलवा दूंगी। ट्रेन में पीड़िता का मोबाइल नंबर भी लिया था। बुधवार को उस महिला ने पीड़िता को फोन कर मस्जिद बुलाया। कहा था कि चावल में बच्चे को हंसता-खेलता हुआ दिखाऊंगी, पर ऐसा नहीं हुआ। जिसके बाद पीड़िता ने एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस ने उस महिला को हिरासत में ले

लिया है। जीआरपी ने जीरो एफआईआर दर्ज कर मामले को मिर्जापुर पुलिस को ट्रांसफर कर दिया। पूरे मामले में महिला और उसके गुरु पर परिवार का शक है।

26 अगस्त को लौट रही थी पीड़िता: पिपरपांती मोहल्ला निवासी शिवानी कुमारी ने कहा कि मैं 26 अगस्त को महाबोधि एक्स. से घर लौट रही थी। रात 10 बजे तक बच्चा साथ में ही था। दूध पिलाकर मैं भी सो गई। सफर के दौरान जब विंध्याचल स्टेशन पर जागी तो देखा कि मेरे पास मेरा बेटा नहीं है। ट्रेन में बच्चे की तलाश कर रही थी तो एक महिला ने मुझे भरोसे में ले लिया। उसने कहा कि बच्चा ला दूंगी। मैं माता रानी की भक्त हूं। गुरुजी से संपर्क कर बच्चा ला देंगे। तीनों दिनों तक संदिग्ध महिला के कहने पर वह पागलों की तरह उसके बताए गए जगह पर गई, लेकिन बच्चा नहीं मिला।

जनरल बोगी में एक साधु था, जिसपर मुझे शक है- सास महिला की सास ने बताया कि मेरी बहू बहुत रो रही थी तो एक महिला आई उसने खुद को माता रानी का भक्त बताया। कहा कि मैं बच्चा सही सलामत ढूंढ दूंगी। मैंने मोबाइल नंबर मांगा तो कहा मेरे पास फोन नहीं आप अपना नंबर दे दो। उसने कहा कि मैं देख रही हूं, तेरा बच्चा हंस रहा है। खेल रहा है। दूध पी रहा है। मेरे गुरुजी उसे खोज देंगे। मैंने जनरल बोगी में एक साधु को देखा था। उसके पास में एक बोरी भी थी। बाद में जब उसने मुझे कॉल किया तो उसी साधु की फोटो दिखाई दी। उनलोगों ने ही हमारे पोते को गायब किया है।

आज ढूंढ लो नहीं तो बच्चा कहीं और चला जाएगा: 26 अगस्त से संदिग्ध महिला पीड़ित महिला से रोजाना फोन कर बात किया करती थी। उसे विश्वास दिलाती थी कि वह किसी एक तांत्रिक बाबा को जानती है जो बच्चा को दिला देंगे। यहां तक कि पीड़ित महिला को किसी तांत्रिक बाबा से बात भी कराया। जो बताता था कि उसका बच्चा को ट्रेन से बैग में रखकर ले जाया गया है इसलिए स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे में भी उसकी तस्वीर नहीं होगा। कभी बताता था कि उसका बच्चा खेल रहा है। तो कभी बताता था कि उसका बच्चा आज मानपुर में है। आज ढूंढ लो नहीं तो बच्चा कहीं और चला जाएगा।

केस को मिर्जापुर पुलिस के हवाले किया: पीड़िता ने कहा कि सुबह हम किसी तरह गया पहुंचे, बच्चा नहीं मिला। जीआरपी इंस्पेक्टर सुशील कुमार ने बताया कि मामले में शून्य में केस दर्ज कर मिर्जापुर को केस ट्रांसफर कर दिया गया है। अब मिर्जापुर पुलिस गया देर रात तक आने वाली है।

नालंदा के 102 एंबुलेंस कर्मचारियों का आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल

4 महीने से वेतन नहीं मिला, सदर अस्पताल में एम्बुलेंस खड़ी कर देंगे धरना

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिले में 102 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों ने बकाया वेतन के भुगतान न होने पर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। संघ के जिला अध्यक्ष सिकंदर कुमार ने बताया कि पिछले 4 माह से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। उन्होंने कहा की पीडीपीएल कंपनी ने न वेतन का भुगतान रोका है, बल्कि पीएफ और ईएसआई का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। हाल ही में सिविल सर्जन से मुलाकात के दौरान उन्हें आश्वासन दिया गया था कि वेतन का भुगतान जल्द किया जाएगा, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हमारे कर्मचारी पहले से ही कम वेतन पर काम कर रहे हैं। अब भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं।

एंबुलेंस का ठीक से रख-रखाव नहीं होता: कहा कि इसके अलावा, एंबुलेंस के रख-रखाव की समस्या भी गंभीर है। कई एंबुलेंस में टायर तक नहीं हैं, लेकिन अधिकारियों की ओर से इस मुद्दे पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। 29 अगस्त से सभी 102 एंबुलेंस कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर चले

जाएंगे। वे सदर अस्पताल में एंबुलेंस खड़ी करके धरना देंगे। कर्मचारियों की एक बड़ी चिंता यह भी है कि पीडीपीएल कंपनी का अनुबंध समाप्त हो गया है। पिछली कंपनी भी चार महीने का वेतन बकाया छोड़कर चली गई थी। कर्मचारियों को डर है कि इतिहास दोहराया जा सकता है।

कृषि कार्यक्रम बंद हुआ तो अपने दम पर खेती कर रहे कई किसान

हरनौत। चल रहे वित्तीय वर्ष के लिए राज्य में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के लिए फंड जारी नहीं किया गया था। उस समय लोकसभा चुनाव की आचार संहिता को उसका कारण बताया गया। इसके बाद भी सरथा गांव के किसानों ने अपना दम दिखाया है। इस वर्ष वे नौ सौ एकड़ में खरीफ फसल की खेती कर रहे हैं। जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के दौरान किसान खेती की आधुनिक तकनीक से लैस हुये थे। कार्यक्रम बंद होने के बाद वे सीखी गई तकनीक का फायदा उठा रहे हैं। किसान शिवमोहन सिंह और दिनेश प्रसाद ने बताया कि करीब आठ वर्षों तक हमें जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम का लाभ मिला। इससे हमने प्राकृतिक संसाधनों का सही इस्तेमाल करते हुए तकनीक आधारित खेती की। इसमें फसल अवशेष सहित जीरो टिलेज से बीज की सीधी बुआई, खेत में पानी अधिक हो तो ड्रम सीडर से धान की बुआई, लैंड लेजर लेवलर से जमीन का समतलीकरण, ड्रोन से दवा आदि का छिड़काव सहित कई विद्याओं की जानकारी से लाभान्वित हुए।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं.: एसएएनडीटी/सीओएन/एचडब्ल्यूएच/टीएन/08/2024, निविदा सं.: एसएएनडीटी-सीओएन-08-2024-एचडब्ल्यूएच, दिनांक: 28.08.2024, उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101 द्वारा उचित वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव के साथ वैध ठेकेदार का लाइसेंस रखने वाले अनुभवी सिग्नलिंग एवं टेलीकम्यूनिकेशन ठेकेदारों, पार्टनरशिप फर्म आदि से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के हावड़ा और आसनसोल मंडल में विद्युत संस्थापन (स्विचिंग पोस्ट) के लिए 2x25 केवी कार्य के सिलसिले में एससीएडीए कनेक्टिविटी का प्रावधान एवं अन्य सहायक गतिविधियाँ। **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु.5,54,01,238/-, **बयाना राशि जमा:** रु.4,27,000/- जो एफए एंड सीएओ/कॉन/पूर्व रेलवे/कोलकाता के पक्ष में जमा की जाएगी। **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। प्रस्ताव और बयाना राशि की वैधता निविदा के खुलने की तिथि से **60 दिन** रहनी चाहिए। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 06.09.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 20.09.2024 को 12.00 बजे। निविदा कागजात वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है एवं इस निविदा के लिए उल्लिखित अंतिम तिथि और समय पर या उससे पूर्व वर्णित ''निविदा कागजात की लागत'' एवं ''बयाना राशि'' के ऑनलाइन भुगतान के बाद बोली उक्त वेबसाइट पर जमा की जा सकती है। इस निविदा के लिए हर पहलू से संपूर्ण निविदा, ऊपर वर्णित सभी कागजातों के साथ **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं इस प्रकार प्राप्त किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा कागजात, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी शुद्धिपत्र (यदि कोई है) एवं अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। विस्तृत निविदा सूचना उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, 371, तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101 के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

CON-54/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा । क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. : 103_ 2024-25, कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल-वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में टीआरआर (पी) -12.597 टीकेएम, इन स्थानों में-आजिमगंज - न्यू फरक्का जं. अप 179.880 -181 = 1.120 किमी , कटवा-आजिमगंज, आजिमगंज-सीतारामपुर लाइन-4 प्लेटफॉर्म-4 177.222 -177.720 = 0.498 किमी, बाजारसौ डाउन लूप 0 - 0.845 = 0.845 किमी, डाउन 131- 136 = 5 किमी, बैण्डेल- कटवा डाउन 42.009 - 42.423 = 0.414 किमी, अप 12.746-16 = 3.254 किमी, अप 44.391 - 44.950 = 0.559 किमी, अप 86.535 - 87.442 = 0.907 किमी, और टीबीआर -20.411 टीकेएम इन स्थानों में -कटवा - आजिमगंज डाउन 132.325- 132.500 = 0.175 किमी, अप 142.400 - 143.300 = 0.900 किमी, 152.400-152.700 = 0.300 किमी, 152.800 - 153 = 0.200 किमी, 162.700 - 163.400 = 0.700 किमी, 170.700 - 170.900 = 0.200 किमी, 171 - 171.100 = 0.100 किमी, 171.200 - 171.400 = 0.200 किमी, बैण्डेल - कटवा अप 47.200 - 50.190 = 2.990 किमी, 50.340 -50.400 = 0.060 किमी, 50.850 - 51.146 = 0.296 किमी, 51.162- 51.266 = 0.104 किमी, 51.369 - 51.580 = 0.211 किमी, 75 - 86 = 11 किमी, 86.480 - 89.455 = 2.975 किमी, टीएफआर - 0.271 टीकेएम इन स्थानों में - कटवा -आजिमगंज डाउन 162.600 - 162.871 = 0.271 किमी. एवं एसईजे-13 सेट । **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,03,11,145.13, **बयाना राशि :** रु.2,01,600/-, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं.: 104_2024-25, कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल-वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा की शाखा में, टीएसआर (पी) - 13.612 टीकेएम बैण्डेल -कटवा डाउन 46 - 50.118 = 4.118 किमी, अप 46 - 47.100 = 1.100 किमी, अप 51.540 - 54.707 = 3.167 किमी, अप 54.834 - 56.951 = 2.117 किमी और टीएसआर (पी) -3.11 टीकेएम इन स्थानों में-आजिमगंज - नलहाटी अप 37 - 37.900 = 0.900 किमी, अप 38.270-38.520=0.250 किमी, अप 40.020-41.980=1.960 किमी, कुल टीएसआर.(पी)-13.612 टीकेएम। **अनुमानित मूल्य:** रु. 1,55,52,544.74, **बयाना राशि:** रु.2,27,800/-, **क्रम सं. 3, ई-निविदा सं. : 105_ 2024-25, कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल-वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा की शाखा में, सीटीआर (पी) - 6.00 टीकेएम कटवा-आजिमगंज डाउन 125-131 = 6 किमी। **अनुमानित मूल्य :** रु. 87,09,367.14, **बयाना राशि:** रु.1,74,200/-, **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह (क्रम सं 1 से 3 प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 18.09.2024 को 14.00 बजे। (क्रम सं 1 से 3 प्रत्येक हेतु)। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान- बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान ई-निविदा प्रणाली के मामले में, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के जरिए स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-249/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संक्षिप्त समाचार

सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा का कार्यशाला

नीमचक बथानी। खिजरसराय भाजपा मंडल कमिटी के तत्वावधान में बुधवार को कार्यशाला का आयोजन खिजरसराय शिवाला स्थित धर्मशाला में किया गया। सदस्यता अभियान को सफल बनाने को लेकर आयोजित कार्यशाला में दक्षिणी एवं उत्तरी मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के सभी कोषांग के पदाधिकारी भी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व जिलाध्यक्ष धनराज शर्मा ने हिस्सा लिया। उन्होंने सदस्यता अभियान को सफल बनाने से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी ने मंडल के सभी बूथों पर कम से कम 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए सभी से 8800002024 नंबर पर मिस्ड कॉल कराना होगा। मौके पर जिला मंत्री धर्मेंद्र प्रसाद यादव, वीरेंद्र कुमार, पूर्व अध्यक्ष मनोज कुमार, पंकज कुमार दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।

गया के टिकारी में NIA का दो जगहों पर छापा, प्रखंड के दो युवकों से की पूछताछी

गया। गया के विभिन्न स्थानों पर बुधवार को NIA ने नक्सली कनेक्शन के तहत छापेमारी की। एसएसपी आशीष भारती ने एनआईए की ओर से जारी रिलीज जारी किया है। जिसमें बताया गया है कि जोनल कमांडर बिहारी पासवान उर्फ राकेश जी को खगड़िया से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ अलग-अलग जिलों में नक्सली के मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा टिकारी प्रखंड के तीतागंज निवासी दो युवकों से पूछताछ की गई है। हालांकि इस बात की जानकारी रिलीज में नहीं है, गया पुलिस को भी कार्रवाई के बारे में नहीं बताया गया, पर चर्चा जोरों पर है। सूत्रों के अनुसार एनआईए एक युवक का मोबाइल अपने साथ ले गई है। रिलीज के अनुसार 9 लोकेशन पर कार्रवाई की गई है। जिसमें 7 बेगूसराय और 2 गया के स्थान शामिल हैं। गया में दोनों स्थान टिकारी में ही है।

पिछले साल अगस्त में हुई कार्रवाई का भी जिक्र: रिलीज में बीते वर्ष अगस्त में टिकारी थाना क्षेत्र के हुडरही ग्राम से नक्सली शीर्ष नेता और पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा उर्फ सोहन दा, अनिल यादव और नक्सली समर्थक विनोद मिश्रा की गिरफ्तारी की एनआईए ने चर्चा की है। प्रमोद मिश्रा व उसके सहयोगी नक्सलियों के खिलाफ चार्जशीट स्पेशल कोर्ट पटना में फरवरी में ही दाखिल कर दिया गया है। एसएसपी आशीष भारती ने कहा कि एनआईए की टीम ने कार्रवाई की है, लेकिन इस बात की जानकारी जिला पुलिस को नहीं दी गई कि किस मामले में एक्शन लिया गया है। जबकि सहयोग के लिए स्थानीय पुलिस मुहैया कराई गई थी।

पंसस ने उप मुख्यमंत्री से की ढाढ़र नदी के किनारे गाइडवाल के निर्माण की मांग

फतेहपुर। फतेहपुर प्रखंड की काफी पिछड़ा व सुदूर नौडीहा झुरांग पंचायत की मुख्य समस्याओं को लेकर पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार ने उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से पटना स्थित उनके आवास पर मिले। उन्होंने मंत्री से मिल उन्हें पंचायत की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही उन्हें मांग पत्र सौंप उनसे समस्या निदान की मांग की। नौडीहा झुरांग पंचायत क्षेत्र संख्या 26 के पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने मुख्य रूप से ग्राम पंचायत नौडीहा झुरांग के कुंभियातरी स्थित अतिप्राचीन ऐतिहासिक व धार्मिक गोली पहाड़ी को विकसित करने और इसे पर्यटन क्षेत्र से जोड़ने की मांग की है। इसके साथ ही हाई स्कूल नौडीहा से ग्राम गोली तक ढाढर नदी के किनारे गाइडवाल का निर्माण कराने और बडगांव मोड़ से कुंभियातरी मोड़ से होकर मांझी टोला होते हुए रविदास टोला तक सड़क का निर्माण कराने की भी मांग की गई है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी से कहा कि नौडीहा झुरांग पंचायत काफी पिछड़ा क्षेत्र है जो झारखंड के सीमा से सटा हुआ है। अगर इन मुख्य समस्याओं का निदान कर दिया जाए तो इस सुदूर क्षेत्र का विकास संभव होगा। साथ ही क्षेत्र के लोग भी खुशहाल होंगे। पंसस मुकेश कुमार ने उप मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि क्षेत्र की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपर्युक्त मुख्य मांगों को जल्द पूरा करने का आग्रह किया है। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने उपरोक्त समस्याओं का जल्द निराकरण का आश्वासन दिया है।

एसएन सिन्हा कॉलेज में एनसीसी यूनिट का उद्घाटन

टिकारी। अनुमंडल के एकमात्र अंगीभूत महाविद्यालय एसएन सिन्हा कॉलेज में दशकों बाद एक बार फिर से एनसीसी की शुरुआत होने जा रही है। बुधवार को कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के 82 छात्र-छात्राओं ने लिखित और शारीरिक जांच परीक्षा में भाग लिया। कॉलेज के बर्सर प्रो. शक्ति कुमार पासवान ने बताया कि आयोजन में एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अमर सुधीर पारकर, जेसीओ सूबेदार संजय कुमार, सूबेदार अभिरंजन, हवलदार वाईके यादव सहित अन्य ने हिस्सा लिया। कॉलेज की ओर से प्रो. राजकुमार को एनसीसी यूनिट का इंचार्ज बनाया गया है। जानकारी के अनुसार कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. उदय कुमार पासवान ने इस यूनिट को शुरु करने में व्यक्तिगत रुप से काफी प्रयास किया है। बुधवार को आयोजित परीक्षा में 82 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया है। मालूम हो कि 1980-90 के दशक में कॉलेज का एनसीसी यूनिट अच्छे ढंग से संचालित था। उसके बाद कॉलेज और विश्वविद्यालय प्रशासन की उपेक्षा से यह यूनिट बंद हो गया था। उस समय के छात्र एनसीसी में काफी रुचि रखते थे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त प्रभारी प्राचार्य डॉ. पासवान, बर्सर प्रो. शक्ति कुमार पासवान, प्रो. दीनदयाल प्रसाद, प्रो. राजकुमार आदि थे।

पूर्व एमएलसी और उनके बेटे को मारने की धमकी

गया। गया के पूर्व एमएलसी और जदयू नेत्री मनोरमा देवी और उनके बेटे राकेश रंजन उर्फ रॉकी यादव को धमकी से भरा पत्र मिला है। जिसमें जान से मारने की बात लिखी है। लेटर स्पीड पोस्ट से 26 अगस्त को ही आया था। जो पटना जीपीओ से भेजा गया था। मामले में मनोरमा देवी ने 28 अगस्त को रामपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अब तक की कार्रवाई में पुलिस को किसी प्रकार की सफलता नहीं मिली है। लेटर पढ़ने के बाद मनोरमा देवी और उनका परिवार चिंतित है। पूर्व एमएलसी से संपर्क करने की कोशिश की गई पर नहीं हुआ।

पुलिस कर रही जांच: एफआईआर में मनोरमा देवी ने जानकारी दी है कि स्पीड पोस्ट से एक लिफाफा आया था। रिसीव घर के कर्मचारी अनुज शर्मा ने किया था। उसने लिफाफा हमारे पीए रविंद्र कुमार दिया। रविंद्र ने लेटर पढ़कर मामले की जानकारी मुझे दी। मैंने भी लेटर को पढ़ा। जिसके बाद काफी चिंतित हो गई। आशंका जताई जा रही है कि इसके पीछे जरूर कोई गैंग है। पत्र भेजने वाले का नाम सुजीत कुमार साकेतपुरी, बहादुरपुर व राजेन्द्र नगर लिफाफे पर लिखा है। रामपुर थाना प्रभारी दिनेश बहादुर सिंह ने कहा कि पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी को धमकी दिए जाने से सम्बंधित केस दर्ज किया गया है। इसकी जांच चल रही है।

पीपल के पत्ते पर बनाई गायक मुकेश कुमार की तस्वीर

मुंगेर । गायक मुकेश की 48वें पुण्यतिथि पर कलाकार मधुरेंद्र कुमार ने इस बार बुधवार की संध्या पर अपनी 5 घंटों के परिश्रम के बाद दुनियां के सबसे छोटे 3 सेंटीमीटर वाले पीपल के पत्ता में उनका खूबसूरत तस्वीर बनाकर याद करते श्रद्धांजलि अर्पित की। इनकी यह कलाकृति चर्चा का विषय बनी रही। मधुरेंद्र ने बताया कि सदाबहार गीतों से लोगों के दिलों पर राज करने वाले महान मुकेश की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुकेश जी मेरे पसंदीदा गायकों में से एक हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।

पत्रांक..... दिनांक.....

प्रेष विज्ञप्ति

PR NO.-333874

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना संख्या-01RIV/2024-25/EE/RWD/DALTONGANJ, दिनांक 27.08.2024 के द्वारा आमंत्रित निविदा में टेण्डर कॉल नं0 तृतीय के स्थान पर चतुर्थ पढ़ा जाए । शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगा ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

PR 334090 (District) 24-25 (D)

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ..... दिनांक .....

अतिआवश्यक सूचना

मेदिनीनगर नगर निगम अन्तर्गत कार्यालय ज्ञापांक 2672 दिनांक 05.08.2024 द्वारा जर्जर भवन (कंडम बिल्डिंग) करने हेतु इच्छा की अभिवृति **Expression of Interest** (EOI) आमंत्रित की गयी थी। उक्त निविदा में किसी भी इच्छुक संवेदक/एजेन्सी/व्यक्ति द्वारा भाग नहीं लिया गया। मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा उक्त सभी बिल्डिंग को सुरक्षित Dismantle किया जा रहा है। इच्छुक संवेदक/एजेन्सी/व्यक्ति मो0 2,000/- प्रति हाईवा या 500/- रू0 प्रति टैक्टर के दर से कार्यालय में जमा कर मलवा का उठाव कर सकते है। Dismantle (कंडम बिल्डिंग) की सूची निम्नवत् है :-

क्र0	स्थल का नाम	क्र0	स्थल का नाम
1.	बंगला कॉलोनी FCI क्वाटर।	6	जिला शिक्षा अधिकक्षक कार्यालय कचहरी परिषर।
2.	सिंचाई कॉलोनी DSO आवास के पीछे।	7	समाहरणालय के सामने का जर्जर भवन।
3.	टाउन हॉल के पास पुराना शौचालय जर्जर स्थिति है।	8	महिला शीशु कल्याण केन्द्र स्वास्थ्य विभाग सदर अस्पताल (सेन्टर के पास)
4.	डॉ0 आर0पी0 सिन्हा के नर्सिंग होम के सामने का जर्जर भवन।	9	मलेरिया कार्यालय (संस्कृति महाविद्यालय के सामने)।
5.	नई मुहल्ला रोड़ सरकारी स्कूल	10	शाहपुर मिशन रोड़ में पानी हाउस।

नगर आयुक्त -सह- प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 334040 District(24-25).D

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11 खेल

परिवार संग तिरूअंतपुरम पहुंचे पीआर श्रीजेश का अपमान, केरल सरकार ने दो बार टाल दिया...

Page 10 देश

गुलाम नबी आजाद अपने ही नेताओं का नहीं करेंगे प्रचार, कहा-चाहें तो वापस ले लें नामांकन

कृष्ण पक्ष, पुनर्वसु, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 30 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 260 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
₹ 67,150	₹88,500

आज का इतिहास

- 1885 : आधुनिक भारत के दिग्गज हिंदी कवि और लेखकों में से एक भारतेंदु हरिश्चंद्र का निधन हुआ।
- 1947 : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने भारत का विभाजन का विभाजन स्वीकार किया।

न्यूज बाइट्स

बेखौफ सफर कर पाएंगी महिलाएं, डायल करें 112

पटना (नि.सं.)। पटना समेत पूरे बिहार की महिलाएं किसी भी वक्त निडर होकर सफर करें। इसके लिए नीतीश सरकार निडर नारी प्रोजेक्ट शुरू कर रही है। इसके तहत घर से निकलने के पहले महिलाओं को बस डायल 112 पर फोन करना होगा। उसके बाद पुलिस की टीम उन्हें ट्रैक करती रहेगी। बिहार पुलिस पायलट प्रोजेक्ट के तहत 5 सितंबर से 6 जिलों में इसे शुरू करने जा रही है। पटना, नालंदा, गया, भागलपुर, बेगूसराय और मुजफ्फरपुर में निडर नारी कॉन्सेप्ट के तहत चौबीस घंटे सुरक्षित सफर सुविधा शुरू कर रही है। इन जिलों से मिले फीडबैक के बाद 15 सितंबर से पूरे बिहार में यह सुविधा दी जाएगी। ऐसा करने वाला बिहार, देश का तीसरा राज्य होगा। हरियाणा में 2023 से और तेलंगाना में 2024 से यह सुविधा महिलाओं को चौबीसो घंटे निःशुल्क दी जा रही है।

अडाणी फैमिली देश में सबसे अमीर, अंबानी को पीछे छोड़ा

मुबंई (ए.)। अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी और उनके परिवार की कुल संपत्ति एक साल में 95% बढ़कर 11.62 लाख करोड़ रुपए हो गई। अडाणी परिवार ने अपनी टोटल वेल्थ में पिछले एक साल में 5,65,503 करोड़ रुपए का इजाफा किया है। अडाणी फैमिली ने अंबानी परिवार को पीछे छोड़कर देश की सबसे धनवान फैमिली बन गई है। अंबानी परिवार की संपत्ति 10.15 लाख करोड़ रुपए है। एक साल में इसमें 25% की बढ़ोतरी हुई है। 'हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024' के मुताबिक, 'हिंडनबर्ग के आरोपों के बाद भी गौतम अडानी एंड फैमिली ने पिछले साल की तुलना में संपत्ति में 95% की ग्रोथ हासिल की।' एचसीएल के मालिक शिव नाडार एंड फैमिली 3.14 लाख करोड़ रुपए और सीरम इंस्टीट्यूट के मालिक साइरस एस. पूनावाला एंड फैमिली 2.90 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ लिस्ट में तीसरे और चौथे नंबर पर हैं।

अरवल में 29 निजी स्कूलों पर एक्शन, डीएम ने बंद करने का दिया आदेश

अरवल (नि.सं.)। शिक्षा विभाग के ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर जिले के 599 विद्यालयों के द्वारा अबतक एक लाख 17 हजार 566 बच्चों की इन्ट्री की गई है। यह नामांकन लक्ष्य एक लाख 33 हजार 711 का 88 प्रतिशत है, जिसमें एक लाख 291 बच्चों का नामांकन आधार आधारित है बाकी 17 हजार 275 आधार विहीन बच्चे हैं। इन बच्चों का आधार कार्ड बनाकर पोर्टल पर 15 दिनों के अन्दर इन्ट्री कराने का निर्देश जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया था। 123 निजी विद्यालयों में से 94 विद्यालय में नामांकित 15735 बच्चों में 6347 बच्चों की इन्ट्री कर ली गई है। शेष 8477 बच्चों की इन्ट्री यथाशीघ्र कराने एवं 29 विद्यालय जिनके द्वारा अबतक इन्ट्री प्रारंभ भी नहीं किया गया है, उनको बंद कराने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के खिलाड़ियों को दी सौगात

खेल अकादमी का किया उद्घाटन

750 करोड़ से बने स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स- यूनिवर्सिटी में 24 प्रकार के खेल का मिलेगा प्रशिक्षण

- मुख्यमंत्री ने को राजगीर में राज्य खेल अकादमी और बिहार खेल विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया और खिलाड़ियों को सम्मानित किया, साथ ही चल रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया

निज संवाददाता | राजगीर (नालंदा)

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजगीर पहुंचे। राज्य खेल अकादमी और बिहार खेल विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी मंत्री श्रवण कुमार विजय कुमार चौधरी भी मौजूद रहे। गुरूवार को नीतीश कुमार ने 90 एकड़ में फैले इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बने राज्य खेल अकादमी और खेल विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया है। यह समारोह खेल अकादमी के नवनिर्मित ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। यहां राज्य के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के आवासीय एवं गैर आवासीय वैज्ञानिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें एथलेटिक्स ट्रैक, फुटबॉल स्टेडियम, हॉकी टर्फ स्टेडियम, स्विमिंग पुल, बास्केट बॉल, वॉलीबॉल, हैण्डबॉल, लॉन टेनिस, कुश्ती, भारोत्तोलन, कबड्डी, बैडमिंटन कोर्ट, तीरंदाजी, शूटिंग, टेबल टेनिस, तलवारबाजी, बिलियड्र्स, साइकिलिंग आदि खेलों के लिए इंडोर एवं आउटडोर स्टेडियम का निर्माण किया गया है। 750 करोड़ रुपये की लागत से बने राज्य खेल अकादमी एवं अंतर्राष्ट्रीय मानक के क्रिकेट स्टेडियम राजगीर के संचालन के लिए विभिन्न कोटि के स्थाई 81 पदों एवं संविदा पर 33 पदों की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा दी गई है।

इस खेल परिसर में खिलाड़ी छात्रावास (पुरुष एवं महिला) ट्रान्जिट हॉस्टल, प्रशिक्षक आवास, उप निदेशक, सहायक निदेशक, निदेशक एवं कर्मचारी आवास का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। राज्य खेल अकादमी एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानक के क्रिकेट स्टेडियम राजगीर के सुगम संचालन के लिए भी विभिन्न कोटि के स्थाई 81 पदों एवं संविदा पर 33 पदों की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा दी गई है। यहां निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक, खेल विधावार प्रशिक्षक, मीडिया प्रभारी, डाइटिशियन, साईन्टिफिक ऑफिसर, लाइब्रेरियन, मसाजर, योग गुरु, योग प्रोफेशनल आदि की नियुक्ति की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि रविंद्रन शंकरन को राज्य खेल अकादमी का पहला निदेशक नियुक्त किया गया है, जबकि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रजनीकांत को बिहार खेल विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के रूप में नियुक्त किया गया है। यह पहल बिहार सरकार की दूरदर्शी योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी खिलाड़ियों को तैयार करना है।

राज्य की सभी पंचायतों में खेल क्लब का गठन अगले महीने से

पटना (नि.सं.)। राज्य की सभी नगर और ग्राम पंचायतों में खेल क्लब का गठन सितंबर से शुरू होगा। इसके अंतर्गत एक ओर नए खेल क्लब गठित होंगे, दूसरी ओर पुराने क्लब को भी पंजीकरण कराने की सुविधा सरकार देगी। इसके लिए पोर्टल लॉन्च किया जाएगा। खेल क्लब के गठन की नियमावली बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा तैयार कर दी गयी है। खेल विभाग ने उसमें कुछ बदलाव के निर्देश दिये हैं, जिसे जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। खेल क्लबों की देख-रेख में संबंधित गतिविधियां संचालित होंगी। इस नियमावली के जरिये प्रदेश की 154 नगर और आठ हजार ग्राम पंचायतों में अलग-अलग खेलों की सुविधाएं बहाल की जाएंगी। स्थानीय स्तर पर खिलाड़ियों की मांग, भौगोलिक परिस्थिति, जमीन की उपलब्धता और महत्ता को देखते हुए तय किया जाएगा कि किस पंचायत में कौन से खेल की सुविधा विशेष रूप से बहाल की जाएंगी।

देश की संस्कृति को गौरव के साथ आगे बढायें विदेश सेवा के अधिकारी : नरेन्द्र मोदी

एजेंसी | नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विदेश सेवा के अधिकारियों से देश की संस्कृति को गौरव के साथ आगे बढाने तथा औपनिवेशिक मानसिकता से निजात पाने को कहा है। भारतीय विदेश सेवा के 2023 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस बैच में 15 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 36 अधिकारी प्रशिक्षु हैं। प्रशिक्षु अधिकारियों ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विदेश नीति की सफलता की सराहना की और उनसे सुझाव तथा मार्गदर्शन मांगा। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि उन्हें हमेशा गर्व और गरिमा के साथ देश की संस्कृति को अपने साथ रखना चाहिए और जहां भी वे तैनात हों, इसे प्रदर्शित करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने व्यक्तिगत आचरण सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में औपनिवेशिक मानसिकता पर काबू पाने और इसके बजाय खुद को देश के गौरवान्वित प्रतिनिधि के रूप में आगे बढ़ाने की बात की।

प्रधानमंत्री ने बताया कि विश्व मंच पर देश के प्रति धारणा बदल रही है। उन्होंने कहा कि अब हम दुनिया के साथ समान स्तर पर, परस्पर सम्मान और गरिमा के साथ जुड़ते हैं। उन्होंने बताया कि भारत ने अन्य देशों की तुलना में कोविड महामारी को कैसे संभाला। उन्होंने देश के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ने का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों को विदेश में तैनात होने पर भारतीय प्रवासियों के साथ अपने संबंधों को मजबूत बनाने का भी सुझाव दिया।

उद्योग विभाग आज सभी जिलों में लगाएगा शिविर

निज संवाददाता | पटना

उद्योग विभाग की ओर से शुक्रवार को राज्य के सभी जिलों में शिविर(कैंप) लगाए जाएंगे। इसमें विभाग से संबंधित योजनाओं की स्वीकृति एवं लोन (ऋण) का वितरण होगा। शिविर में लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए ऋण एवं अनुदान दिये जाएंगे। जिन योजनाओं के लिए ऋण एवं अनुदान का वितरण होगा, उसमें पीएमईजीपी-1 और 2, पीएमएफएमई और पीएम विश्वकर्मा योजना शामिल है। शिविर में जिला स्तरीय अधिकारी, उद्योग विभाग, जीविका एवं बैंक के वरीय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि 17 जिलों में शिविर सुबह 11 बजे से और शेष जिलों में अपराह्न दो बजे से आयोजित किए जाएंगे। शिविर के जरिए इन योजनाओं में अधिक से अधिक लाभार्थियों को ऋण की स्वीकृति दी जाएगी। उन्होंने इच्छुक लोगों से इसका लाभ लेने की अपील की है।

देश की दूसरी परमाणु पनडुब्बी अरिघात नौसेना के बेड़े में शामिल

नयी दिल्ली (नि.सं.)। अरिहंत श्रेणी की दूसरी परमाणु पनडुब्बी 'आईएनएस अरिघात' गुरूवार को विशाखापतनम में नौसेना के बेड़े में शामिल हो गयी जिससे नौसेना की मारक क्षमता कई गुना बढ गयी है। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अनेक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी तथा सुरक्षा क्षेत्र से जुड़े अधिकारी भी मौजूद थे।

होमगार्ड भर्ती परीक्षा की तारीखों में बदलाव

नज संवाददाता | आरा (भोजपुर)

फॉर्म भरने के करीब 18 वर्ष बाद 301 पदों पर दो सितंबर से होमगार्ड जवानों की भर्ती को लेकर शुरू होने वाली अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा की तिथि में गुरूवार को अचानक बदलाव कर दिया गया। अब 18 सितंबर से शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा शुरू होगी, जो 30 सितंबर तक चलेगी। गृह रक्षक चयन समिति के अध्यक्ष सह जिलाधिकारी राज कुमार ने गुरूवार को प्रेस को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी है। नवीन पुलिस केंद्र ,आरा में दो पालियों में जांच परीक्षा ली जाएगी। पहली पाली सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तथा दूसरी पाली दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी। पूर्व की तरह बिहिया प्रखंड से ही दक्षता परीक्षा की शुरूआत होगी। लेकिन, इस बार अभ्यर्थियों की संख्या के हिसाब से कुछ बड़े बदलाव भी किए गए है।

13 दिनों तक चलेगी परीक्षा

पूर्व में आठ दिनों के अंदर ही दक्षता परीक्षा को संपन्न किए जाने को लेकर तिथि घोषित हुई थी। इस बार जो नया आदेश जारी हुआ है, उसके अनुसार शारीरिक दक्षता परीक्षा 12 दिनों तक चलेगी। गृह रक्षक चयन समिति ने शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय आधार कार्ड, आवासीय प्रमाण पत्र, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, पावती रसीद एवं तीन स्टांप साइज का फोटो के साथ आने का निर्देश दिया है।

बिहार में सौर ऊर्जा उत्पादन की संभावना 11 हजार मेगावाट

निज संवाददाता | पटना

केंद्र सरकार की एक हालिया रिपोर्ट में यह जिक्र है कि बिहार में सौर ऊर्जा क्षेत्र में 11 हजार, 200 मेगावाट की संभावना है। वहीं, प्रदेश में सौर ऊर्जा के उत्पादन की वर्तमान स्थिति यह है यह केवल 180 मेगावाट ही है। यानी 11 हजार मेगावाट का बाजार पूरी तरह से खुला पड़ा है। इस आंकड़े के साथ यह तथ्य भी महत्वपूर्ण यह है कि अभी बिहार में प्रतिदिन औसतन 9000 मेगावाट बिजली की खपत है। इस लिहाज से अगर क्षमता के हिसाब से यहां सोलर एनर्जी उत्पादन इकाई लग जाती हैं तो फिर रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हो जाएगी। बिहार से सौर ऊर्जा की बिक्री दूसरे राज्यों को भी संभव हो सकेगी।

सोलर एनर्जी सेक्टर बिहार में निवेश के एक बड़े सेक्टर के रूप में सामने आया है। बिजली कंपनी ने यह व्यवस्था कर रखी है कि सोलर एनर्जी यूनिट से जितनी बिजली का उत्पादन होगा, वह अगले 25 साल तक बिजली कंपनी खुद खरीद लेगी। इसके लिए संबंधित कंपनी के साथ पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) किया जाएगा। विद्युत विनियामक आयोग के स्तर पर बिजली क्रय की दर तय की जाएगी। सौर ऊर्जा उत्पादन इकाई को यहां रेस्को मॉडल के तहत लगाने की व्यवस्था है। इस मॉडल के तहत बिजली कंपनी द्वारा बिजली क्रय की गारंटी उपलब्ध कराई जाती है। बिहार में अभी 910 मेगावाट सोलर ऊर्जा का क्रय बिजली कंपनी द्वारा किया जा रहा है। बिहार में अगर सोलर एनर्जी उत्पादन इकाई लग जाती है तो प्रदेश की इकाई से ही बड़े स्तर पर क्रय संभव हो सकेगा। केंद्र सरकार ने जब से राज्यों के लिए बिजली क्रय में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन इकाई से एक हिस्से की खरीद को अनिवार्य किया है तब से सौर ऊर्जा की मांग बाजार में बढ़ी है। आम तौर पर अब जितने भी सोलर यूनिट लग रहे हैं, सभी ग्रिड कनेक्टिवटी के साथ हैं। बिहार में कुछ वर्ष पहले कैमूर की पहाड़ी पर 120 गांवों में ऑफ ग्रिड सोलर यूनिट लगे थे। बिजली कंपनी के अधिकारी का कहना है कि तब ग्रिड कनेक्टिविटी के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिला था।

सौर ऊर्जा के उपकरणों के क्षेत्र में विदेशी निवेश

सौर ऊर्जा के उपकरणों के निर्माण में बिहार में ऑस्ट्रेलिया की कंपनी निवेश की तैयारी में है। वह यहां सोलर यूनिट में लगने वाले चिप्स, सेमी कंडक्टर व मॉड्यूल तैयार करेगी। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के राजदूत ने इस संबंध में बिजली कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक भी की थी।

झारखंड सरकार ने 39.44 लाख लोगों के बिजली बिल किये माफ

निज संवाददाता | रांची

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने 39.44 लाख लोगों को बड़ी खुशखबरी दी है। गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 39,44,389 लोगों के बिजली बिल माफ करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। सरकार के इस फैसले से खजाने पर 3,584 करोड़ रुपए का बोझ आएगा। कैबिनेट की बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना दाडेल ने यह जानकारी दी। झारखंड सरकार की कैबिनेट में आज 44 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें शहीद होने वाले राज्य के अग्निवीरों के आश्रितों को आर्थिक मदद के साथ-साथ सरकारी नौकरी देने का भी निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहले ही इसकी घोषणा कर चुके थे। लेकिन, कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को गुरूवार को मंजूरी दे दी गई।

महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी

झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक के अनुसार प्रोजेक्ट भवन में संपन्न हुई बैठक में कुल 44 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। बैठक में राज्य कर्मियों के वेतन में महंगाई भत्ता 230 से बढ़ा कर 239% किया गया है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल द्वारा निवारक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

- 40 वर्ष या उससे अधिक आयु के बीमित व्यक्तियों और महिलाओं के लिए निवारक स्वास्थ्य जांच
- विभिन्न प्रतिष्ठानों के कर्मचारी इस शिविर से हो रहे हैं लाभान्वित
- 15 अगस्त से 14 सितम्बर तक, प्रत्येक कार्यदिवस पर आयोजित

निज संवाददाता | पटना

डा. राजेश कुमारए चिकित्सा अधीक्षकए कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पतालए फुलवारीशरीफ़ द्वारा मुख्यालयए कर्मचारी राज्य बीमा निगमए नई दिल्ली के तत्वावधान में दिनांक 15.08.2024 से प्रत्येक कार्यदिवस को पटना स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों में निवारक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 40 वर्ष या इससे अधिक आयु वाले बीमित व्यक्तियों एवं बीमित महिलाओं के स्वास्थ्य जांच किए जा रहे हैं। विदित हो कि संप्रति स्वास्थ्य जांच शिविर लगातार 14 सितम्बरए 2024 तक जारी रहेगा। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में बीमितों की स्वास्थ्य जांच विशेषज्ञ चिकित्सक की देख.रेख में उनकी पूरी टीम द्वारा सम्यक रूप से की जा रही है। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में मुख्य रूप से एचबी गणना आरबीएस, बीपी कैंसर के पूर्व लक्षण की पहचानए एनीमिया की पहचान हेतु जांच किए जा रहे हैं। अभी तक पटना स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों के कर्मचारीगण अपने स्वास्थ्य की जांच करवाए हैं एवं लाभान्वित हुए हैं। विदित हो कि गुरूवार को मेसर्स बाटा इंडिया लिमिटेडए बाटागंजए पटना में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

पटना में 50 लाख की प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद

पटना (नि.सं.)। पटना। पटना में उत्पाद विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। जकरियापुर इलाके से 300 कार्टून प्रतिबंधित और नकली कफ सिरप बरामद हुआ है। ट्रांसपोर्ट कंपनी की आड़ में नशीली दवाओं का कारोबार चल रहा था। मौके से 2 तस्करों की गिरफ्तारी हुई है। उत्पाद विभाग के सहायक उत्पाद अधीक्षक प्रेम प्रकाश ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है। सूचना मिली थी कि ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम में नशीली दवाओं का कारोबार किया जा रहा है। इनपुट के आधार पर टीम ने छापा मारा। मौके से प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ रैपर और खाली बोतल भी मिला। जब्त कफ सिरफ की अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपए है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने हेतु शी-बॉक्स पोर्टल का किया शुभारंभ

एजेंसी | नई दिल्ली

महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज करने और उनकी निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत मंच नया शी-बॉक्स पोर्टल का शुभारंभ किया है। इस पोर्टल के शुभारंभ का कार्यक्रम 29 अगस्त, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया। उन्होंने इस कार्यक्रम के दौरान मंत्रालय की नई वेबसाइट का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर और सचिव, महिला और बाल विकास मंत्रालय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। नया शी-बॉक्स पोर्टल देश भर में गठित आंतरिक समितियों (आईसी) और स्थानीय समितियों (एलसी) से संबंधित सूचनाओं के केंद्रीकृत भंडार के रूप में कार्य करता है जिसमें सरकारी और निजी दोनों क्षेत्र शामिल हैं। यह शिकायत दर्ज करने, उनकी स्थिति को ट्रैक करने और आईसी द्वारा शिकायत पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एक साझा मंच प्रदान करता है। यह पोर्टल शिकायतों का सुनिश्चित निवारण और सभी हितधारकों के लिए सुव्यवस्थित प्रक्रिया प्रदान करता है। यह पोर्टल नामित नोडल अधिकारी के माध्यम से शिकायतों की वास्तविक समय पर निगरानी करने की सुविधा प्रदान करेगा। चूंकि भारत अगले 25 वर्षों में अपनी आज़ादी के शताब्दी वर्ष में पहुँच जाएगा, इसलिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार 2047 तक 'विकसित भारत' के लिए प्रतिबद्ध है। इसे प्राप्त करने के लिए सरकार ने पिछले दशक में वीमेन-लेड-डिवेलपमेंट पर महत्वपूर्ण जोर दिया है और समावेशी आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में महिलाओं के नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता दी है।

माछिल में दो, तंगधार में एक घुसपैठिया मारा गया, राजौरी में भी आतंकियों की तलाश जारी

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में 3 आतंकी ढेर, आतंकियों के शव नहीं हुए बरामद

एजेंसी | कुपवाड़ा (श्रीनगर)

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सेना ने 3 आतंकियों को मार गिराया है। इनमें दो माछिल और एक तंगधार में मारा गया। अभी मारे गए आतंकियों के शव बरामद नहीं हुए हैं। सेना ने बताया कि माछिल और तंगधार में 28-29 अगस्त की देर रात खराब मौसम के बीच संदिग्ध गतिविधि देखी गई। इसके बाद यहां सेना और पुलिस ने सर्चिंग शुरू की। इस दौरान मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों जगह अभी भी सर्चिंग जारी है।

तीसरा सर्च ऑपरेशन राजौरी में चल रहा है। यहां बुधवार को 2 से 3 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि 28 अगस्त की रात 9:30 बजे गांव खेरी मोहरा लाठी और दांथल इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। तलाशी के दौरान देर रात करीब 11:45 बजे आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी हुई। कुपवाड़ा में जुलाई में 7 आतंकी मारे गए, 2 जवान शहीद हुए 14 जुलाई को लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। सेना ने 3 आतंकियों को मार गिराया था। इनके पास से पिस्तौल, गोला-बारूद बरामद किए गए। 18 जुलाई को केरन इलाके में सेना ने 2 आतंकियों को मार गिराया था। सेना ने आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया था। इसी दौरान मुठभेड़ हुई। 24 जुलाई को कोवुत इलाके में 2-3 आतंकियों के मूवमेंट की सूचना मिली थी। सर्च ऑपरेशन में फायरिंग के दौरान एक आतंकी मारा गया। वहीं गोलीबारी में सेना के ऑफिसर दिलावर सिंह शहीद हो गए। 26 जुलाई को कमकारी के फॉरेस्ट एरिया में मुठभेड़ के दौरान सेना ने एक पाकिस्तानी आतंकी को मार गिराया। एनकाउंटर में राइफलमैन मोहित राठौर शहीद और मेजर समेत 4 जवान घायल हो गए।

भारतीय स्वराज मोर्चा का जेडीयू में विलय

निज संवाददाता | पटना

बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपना कुनबा बढ़ा रहे हैं। भारतीय स्वराज मोर्चा का गुरुवार को जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) में विलय हो गया। पार्टी के मुखिया रवि उज्ज्वल कुशवाहा ने अपने समर्थकों के साथ पटना में जेडीयू की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव भगवान सिंह कुशवाहा एवं मनीष कुमार वर्मा मौजूद रहे। भारतीय स्वराज मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि उज्ज्वल कुशवाहा, समाजसेवी आकाश कुमार उर्फ राहुल, दीपक कुमार साव, अजीत यादव, जगजीवन राम, आनंद मोहन कुमार उर्फ सोनू कुमार एवं कुणाल शर्मा को जेडीयू प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई।

न्यूज बाइट्स

बस ने कार में मारी जोरदार टक्कर कार सवार घायल बस जब्त

पकरीबरावां (नवादा) (नि. सं.)। नवादा- जमुई स्टेट हाईवे पर पकरीबरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरावां पेट्रोल पंप के पास बस एवं कार की टक्कर में कार सवार एक युवक घायल हो गया। घटना गुरुवार की बताई जा रही है, जहां पकरीबरावां की ओर से नवादा जा रही पांडव बस उसी दिशा में जा रही एक बलेनो कार में टक्कर मार दी। इस घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर सड़क किनारे खेत की ओर लुढ़क गई। वहीं, कार सवार युवक घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इधर, बस टक्कर मारकर निकल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस एक्टिव हुई। पुलिस ने कादिरगंज से बस को पकड़कर उसे जब्त किया। प्रभारी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि इस मामलें में कार मालिक नालंदा जिले के हरनौत थाना क्षेत्र अंतर्गत पोआरी गांव के अजीत प्रसाद सिंह के पुत्र रौशन कुमार ने एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाईमें जुटी है।

मनरेगा पदाधिकारी की मनमानी से योजनाओं में हो रही धांधली

नवादा (नि.सं.)। जिले के उग्रवाद प्रभावित सिरदला प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजनाओं में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शिवकुमार भारती के द्वारा मनमानी की जा रही है। पीओ की मिली भगत से जेई, पी टी ए एवं पी आर एस योजनाओं की राशि बंदरबाट कर योजनाओं में जमकर धांधली की जा रही है। बड़गांव पंचायत की वार्ड सदस्य ने बीडीओ समेत कई आला अधिकारी को आवेदन देकर बताया कि इस्माइलपुर पैन कि खुदाई नदी मुहाने से लेकर इस्माइलपुर होते हुए अमोखारी तक कराया जाना था। लेकिन पी आर एस ने पैन के बिच भाग में खुदाई करवा कर पैन पानी का बहाव को अवरुद्ध करा गया जिससे किसान काफी परेशान हैं। साथ ही चौबे पंचायत, लौंद पंचायत, सांढ पंचायत में भी मनरेगा योजना में जमकर धांधली कर सरकारी राशि का बंदरबाट किया गया है। स्थानीय समाजसेवी जनप्रतिनिधि ने उप विकास आयुक्त से सिरदला प्रखंड क्षेत्र के मनरेगा योजनाओं की स्थल जांच कर दोषी कर्मियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई किया।

पूर्व सदस्य ने तालाब में डूब कर हुए मौत पर परिजनों को दिया सांत्वना

नवादा (नि.सं.)। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सह गोविन्दपुर पंचायत की पूर्व मुखिया अफरोजा खातुन जिले के उग्रवाद प्रभावित रटनी गांव पहुंची। उन्होंने डूबने से मरे दो बच्चों के परिवार वालों से मिलकर शोक संतप्तों को सांत्वना दिया। इसके साथ बरसात के मौसम में खुले में शौच जाने से परहेज करने की सलाह दी। उन्होंने ग्रामिणों से कहा कि जिनके घर में अबतक शौचालय नहीं बना है आवेदन दें प्राथमिकता के आधार पर शौचालय निर्माण कराने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा। बच्चों से विद्यालय या खेल के दौरान पानी भरे गड्ढे या आहर समेत अन्य स्थानों पर न जाने की नसीहत दी। बता दें दो बच्चों की मौत की सूचना के बावजूद अबतक परिजनों के आंसू पोंछने की जहमत किसी दल के नेता या फिर वर्तमान से लेकर पूर्व विधायक ने नहीं उठाया है।

भाजपा की बैठक में 10 हजार सदस्य बनाने का संकल्प

नवादा (नि.सं.)। नवादा जिले के सदर प्रखंड भाजपा नवादा पश्चिमी मंडल सदस्यता अभियान कार्यशाला बैठक मंडल अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार उर्फ गरीबन मेहता की अध्यक्षता में ग्राम भगवानपुर में संपन्न हुआ। मंडल में दस हजार भाजपा सदस्य बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सह जिला सदस्यता प्रभारी अरविंद कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सह मंडल प्रभारी प्रताप रंजन, जिला सदस्यता सह प्रभारी अशोक चौहान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामबृक्ष, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सह बीजेपी नेता उमेश प्रसाद, अजय जी एव अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर भारतीय विश्वकर्मा महासंघ ने निकाला जन आक्रोश मार्च

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

विगत दिनों बड्डी थाने से महज 500 मीटर दूर विश्वकर्मा समाज के स्वर्णकार सूरज कुमार सोनी की हुई निर्मम हत्या के विरोध में गुरुवार को भारतीय विश्वकर्मा महासंघ ने जिला मुख्यालय सासाराम की सड़कों पर आक्रोश मार्च निकाला। जन आक्रोश मार्च में शामिल सैकड़ों विश्वकर्मा वंशजों ने सूरज सोनी को न्याय दिलाने के लिए अपनी एकजुटता दिखाई तथा हाथों में तख्ती लिए सूरज सोनी को न्याय दिलाने की मांग करते दिखे। वहीं जन आक्रोश मार्च का नेतृत्व कर रहे भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद ने सरकार और प्रशासन के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि कब तक हम विश्वकर्मा समाज ऐसी घटनाओं के शिकार होते रहेंगे। लूटपाट, रेप, मर्डर जैसी जघन्य अपराध की घटनाएं विश्वकर्मा समाज के ऊपर निरंतर घट रही है। मुकुल आनंद ने कहा कि बड्डी थाना के सिंघुई गांव निवासी सूरज कुमार सोनी को विगत दिनों अपराधियों ने थाना के समीप गोली मार कर हत्या कर दी और उससे लूटपाट कर लिया। जो जिला में अपराधियों के बढ़ते मनोबल को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर सूरज सोनी की हत्या में संलिप्त हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो विश्वकर्मा समाज उग्र आंदोलन करने और पूरे जिले सहित राज्य में चक्का जाम करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान महासंघ ने जांच कर दोषी हत्यारों को गिरफ्तार कर सजा दिलाने के लिए रोहतास डीएम को अपनी मांग पत्रों का एक ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें सूरज कुमार सोनी के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने, मृतक के परिवार को 50 लाख का मुआवजा देने, मृतक के परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, बड्डी थाना प्रभारी को निलंबित करने व बड्डी थाना में किये गए फर्जी एफआईआर में फसाए गए सभी निर्दोष को मुक्त करने की मांग की गई है। आक्रोश मार्च के दौरान जिला सचिव जयशंकर शर्मा, भाकपा माले जिला सचिव अशोक बैठा, गौतम शर्मा, जिला महामंत्री संतोष सोनी, संरक्षक बैजनाथ प्रसाद, संजय शर्मा, जे एल शर्मा, अर्जुन शर्मा, रमेश शर्मा, द्वारिका शर्मा, दिनेश शर्मा, लाल धारी शर्मा, दयानंद शर्मा, विक्की शर्मा, विजय शर्मा, रामचंद्र शर्मा, राजू शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, काशीनाथ शर्मा, रिंकु शर्मा, अवधेश शर्मा, अखिलेश शर्मा, मुकेश शर्मा, रिंकु शर्मा, सतीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

सदस्यता अभियान को ले कार्यशाला आयोजित

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

गुरुवार को बिक्रमगंज में भारतीय जनता पार्टी मंडल एवं नगर की सदस्यता अभियान कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष नागेश्वर कुशवाहा तथा संचालन ग्रामीण अध्यक्ष सुनील सिंह ने की। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री ने सदस्यता अभियान के सभी प्रक्रियाओं को उदाहरण सहित समझाया और कहा कि 8800002024 पर मिस कॉल करें और आगे की प्रक्रिया को भी पूरा करें तथा भाजपा का सदस्य बनकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। सदस्य बनने के क्रम हेल्पलाइन नंबर 8860147147 का उपयोग करना है।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर फुटबॉल मैच का आयोजन

बिक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)। डी ए वी पब्लिक स्कूल सेमरा, बिक्रमगंज में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। मेजर ध्यानचंद (अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी) के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष यह दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान कक्षा नवीं एवम् दसवीं के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रमिला सिंह ने सभी खेल प्रतिभागियों से मुलाकात करते हुए खेल के प्रति बेहतर सोच जागृत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

एक पेड़ मां के नामः कृषि विज्ञान केंद्र धनगाई में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र धनगाई फॉर्म में 10 पौधे लगाकर एक पेड़ मां के नाम के कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इससे पहले भी केंद्र के द्वारा वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉक्टर शोभा रानी की अगुवाई में किसानों के साथ इस वृक्षारोपण कार्यक्रम को किया गया था। केंद्र के द्वारा कई मौको पर किसानों को वृक्ष लगाने हेतु प्रेरित किया गया है। इस कार्यक्रम की शुरुआत भारत के प्रधानमंत्री ने 5 जून, 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वैश्विक अभियान एक पेड़ मां के नाम के रूप में की थी। वैश्विक अभियान के भाग के रूप में, भारत सरकार द्वारा सितंबर, 2024 तक देश भर में 80 करोड़ पौधे लगाने और मार्च, 2025 तक 140 करोड़ पौधे लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान के एक भाग के रूप में, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय 29 अगस्त, 2024 को कृषि मंत्री की अगुवाई में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, आज कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज के द्वारा धनगाई परिसर में आम, सागवान एवं आंवाला के पौधे लगाए गए। एक पेड़ मां के नाम अभियान एक जन आंदोलन है और लोग पेड़ लगाकर अपनी मां और धरती माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए इसमें भाग ले रहे हैं। पेड़ लगाने से सरकार द्वारा शुरू किए गए मिशन लाइफ़ (LiFE) जो पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली का एक जन आंदोलन है, के उद्देश्य की पूर्ति भी होती है। कृषि में, पेड़ लगाना टिकाऊ खेती को प्राप्त करने के लक्ष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। पेड़ मिट्टी, पानी की गुणवत्ता में सुधार करके और जैव विविधता को बढ़ाकर कृषि उत्पादकता में सुधार करने में मदद करते हैं।

महाप्रबंधक ने किया पाटलिपुत्र-पूर्णिया कोर्ट रेलखंड का निरीक्षण

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज सोनपुर, बरौनी, बेगूसराय, मानसी के रास्ते पाटलिपुत्र-सहरसा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मार्ग में पड़नेवाले रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, ओचई, सहित यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा सहरसा स्टेशन का निरीक्षण कर सर्कुलेटिंग एरिया, साफ-सफाई, प्रतीक्षालय, एफओबी, प्लेटफार्म सहित यात्रियों को उपलब्ध करायी जा रही समस्त सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया। उन्होंने वाशिंग पीट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ सहरसा स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। पुनर्विकसित स्टेशन भवन आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत एवं आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज मधेपुरा इलेक्ट्रिक लोको फैक्ट्री में इंजन निर्माण कार्य का गहन मुआयना किया गया। इसके उपरांत मधेपुरा इलेक्ट्रिक लोको फैक्ट्री के उच्चाधिकारियों के साथ आयोजित एक बैठक में लोको फैक्ट्री के क्रिया कलापों एवं उत्पादन आदि से महाप्रबंधक महोदय को अवगत कराया गया। यह कारखाना उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा के उच्चतम मानकों के साथ तैयार की गई एकीकृत यूनिट है जो 'मेक इन इंडिया' का सर्वोत्तम उदाहरण है। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने पूर्णिया कोर्ट स्टेशन पर पूर्णिया के माननीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव जी की गरिमामयी उपस्थिति में स्टेशन पर यात्री सुविधाओं आदि का जायजा लिया। इस दौरान सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव एवं महाप्रबंधक के मध्य पूर्णिया कोर्ट एवं इसके आस-पास के स्टेशनों से संबंधित यात्री सुविधा आदि से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा हुई। इस दौरान सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद तथा समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव अपने-अपने क्षेत्राधिकार में महाप्रबंधक के साथ उपस्थित रहे।

दो दिवसीय कैटालिस्ट वर्कशॉप कार्यक्रम का होगा आयोजन

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी, हिमाचल प्रदेश एवं गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, बिहार के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 17 एवं 18 सितंबर 2024 को दो दिवसीय कैटालिस्ट वर्कशॉप कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति की ओर से संस्थान के सचिव गोविंद नारायण सिंह ने बताया कि इसका उद्देश्य सतत विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे नए उद्यमियों को बढ़ावा देना है तथा नवाचार उद्यमिता को सही दिशा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन विश्वविद्यालय परिसर जमुहार में संपन्न होगा जिसमें किसी भी क्षेत्र में कार्य कर रहे नव उद्यमी अपने स्टार्टअप का प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि आईआईटी मंडी से आने वाले विशेषज्ञ नये उद्यमियों को अपना उद्यम बनाने, उसे स्थापित करने एवं बढ़ाने में मदद करेंगे साथ ही उन्हें कार्यात्मक ज्ञान और कौशल से लैस करेंगे। उन्होंने बताया कि इस स्टार्टअप कार्यक्रम के माध्यम से उद्यम शीलता की संस्कृति को विकसित करना तथा गुणवत्ता बढ़ाना आदि प्रमुख विशेषताएं होगी। इस स्टार्टअप में आने वाले उद्यमियों को उनकी राह में आने वाली समस्याओं को दूर करना तथा उन्हें बेहतर दिशा प्रदान करना भी शामिल है। उद्यमियों को आवश्यक संसाधनों एवं तकनीकी की जानकारी विशेषज्ञों के माध्यम से प्राप्त होगी और किसी भी प्रकार की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उद्यमियों को व्यवसाय मॉडल कैनवस, बाजार अनुसंधान और प्रतिस्पर्धी नीति बनाने की प्रक्रियाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की जाएगी। दो दिनों का यह सत्र नए उद्योगों को अपने स्टार्टअप को मजबूत करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। इस कार्यशाला में उद्योग जगत के विशेषज्ञों के साथ ही नेटवर्किंग के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे जो प्रतिभागियों को उनके उद्यमिता यात्रा के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और मेंटरशिप प्रदान करेंगे।विश्वविद्यालय का प्रौद्योगिकी संस्थान इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अभी से ही तैयारी में जुट गया है तथा इस कार्यक्रम को सफल करने में कार्यक्रम के समन्वयक श्रीमती मोनिका सिंह के दिशा-निर्देश में तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

पोखरा से युवक का शव बरामद आक्रोशित लोगो ने किया चौक जाम

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

शहर के तेंदुनी गांव के पास समीप पोखर से एक युवक का शव बरामद किया गया है। आरोप है कि युवक का गला दबाकर हत्या किया गया है। जिसको लेकर आक्रोशित लोगों का गुस्सा फूट गया और शहर के मुख्य तेंदुनी चौक को घंटो जाम कर दिया।

शहर के तेंदुनी गांव के पास एक पोखर से तेंदुनी निवासी अशोक साह के 21 वर्षीय पुत्र आकाश साह का शव गुरुवार को दोपहर में बरामद किया गया। परिजनों ने गला दबाकर हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों के साथ बिक्रमगंज शहर के तेंदुनी चौक को जाम कर दिया।

लोग तत्काल हत्यारों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग पर देर शाम तक डटे रहे। हालांकि स्थानीय पुलिस सड़क पहुंच कर जाम हटाने के लिए लोगों को समझाने का कड़ी मशक्कत करती रही।

लेकिन अपने मकसद में कामयाब नही हो पाई।आक्रोशित लोग जाम स्थल पर वरीय अधिकारी को बुलाने की बात पर खबर लिखे जाने तक लोग अड़े हुए थे।

पंचायत में संचालित योजनाओं की बीडीओ व सीओ ने की जांच

» करोड़ों की लागत से बने पंचायत सरकार भवन पर सरकार द्वारा जनहित में ऑन लाइन कार्यो के लिए संचालित सीएससी सेन्टर का ग्रामीण उपयोग नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

निज संवाददाता | (राजपुर) रोहतास

राजपुर (रोहतास)। प्रखण्ड के बरना, बरांव व पडरिया पंचायत में संचालित सरकार के योजनाओं व कार्यो के वर्तमान स्थिति का गुरूवार को बीडीओ रवि राज व अंचलाधिकारी ने जाच किया। जिसमें कई खामियां सामने आए। बीडीओ ने बताया कि किसी पंचायत सरकार भवन पर सरकार के आरटीपीएस काउंटर का ग्रामीण उपयोग नहीं कर रहे हैं। तो कहीं अपरेटर नहीं पहुंच रहे हैं। करोड़ों की लागत से बने पंचायत सरकार भवन पर सरकार द्वारा जनहित में ऑन लाइन कार्यो के लिए संचालित सीएससी सेन्टर का ग्रामीण उपयोग नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण हैं। इससे सेन्टर की उपयोगिता नगण्य बना हुआ है। बरना, बरांव व पडरिया पंचायत में कई भूमिहीनों को सरकार से मिले जमीन पर दखल कब्जा को लेकर विवाद है। जिसकी शिकायत लाभुकों ने किया है। ऐसे सभी मामलों को अंचलाधिकारी के मौजूदगी में जांच कर अवरोध उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए कर्मियों को निर्देशित किया गया है। सभी पंचायतों में सरकार से मिले आवास योजना के लाभुको के आवास निर्माण की स्थिति का भौतिक सत्यापन किया गया। सभी लाभुकों को राशि के अनुरूप निर्माण कार्य जल्द से जल्द करने के लिए निर्देशित किया गया। खामियों को दुर करने के लिए समबन्धित कर्मियों को शखत निर्देश भी दिया गया। पडरिया पंचायत के आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 38 पर जांच के दौरान मात्र छः बच्चे उपस्थित पाए गए। मामले में स्पष्टीकरण व सीडीपीओ को कारवाई के लिए निर्देशित किया गया।

समाजसेवी की छठी पुण्यतिथि पर उनके स्मृति में 'मधुकम फाउंडेशन' ने अखण्ड रामायण पाठ का किया आयोजन

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

जाने माने प्रतिष्ठित व्यक्तित्वत सह प्रख्यात समाजसेवी स्वर्गीय कमलेश्वर प्रसाद सिंह समाज के प्रति सदैव उदार भाव रखते हुए हमेशा जनहित में कार्य करने के लिए याद किए जाते है। स्वर्गीय कमलेश्वर प्रसाद सिंह जी के 6वे पुण्यतिथि पर उनके निवास स्थान धनगाई पर अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया गया जिसमें उनकी पत्नी माधुरी सिंह, पूत्र राहुल प्रियदर्शी, पुत्र वधू निधि सिंह के साथ समस्त सिंह परिवार सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर स्व. कमलेश्वर प्रसाद सिंह की स्मृति में स्थापित 'मधुकम फाउंडेशन' का भी शुभारंभ किया गया। मधुकम फाउंडेशन की स्थापना स्व कामेश्वर जी याद में समाजसेवा कर उनके विचारों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। शुभारंभ के मौके पर विक्रमगंज के कई प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे। मौके पर जरूरतमंद दर्जनों की तादाद में आए नन्हे मुन्ने बच्चों के बीच कॉपी, पेन, पेंसिल, इत्यादि, भोजन सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण भी किया गया। मधुकम फाउंडेशन की सचिव निधि सिंह ने बताया की 'मधुकम फाउंडेशन का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की सेवा करना है, ताकि कठिनाइयों या संसाधनों की कमी के कारण जरूरतमंद व प्रतिभाशाली लोग पीछे न रह जाए।' फाउंडेशन की स्थापना सिंह परिवार ने स्व कमलेश्वर प्रसाद सिंह जी की स्मृति में किया है, ताकि उनकी समाज सेवा की विरासत को आगे बढ़ाया जा सके। मधुकम फाउंडेशन के शुभारंभ के मौके पर संस्था की अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं सभी अन्य कार्यकारिणी समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे और समाज सेवा के इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा मंडल के निम्नवत स्टेशनों पर 05 वर्षों के लिए कैटरिंग एवं मिल्क स्टालो के आवंटन हेतु ई-निविदा आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :-
1. कार्य का नाम एवं स्थान : पं. दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 5/6 पर कैटरिंग स्टाल सं. 12 के लिए। प्रथम वर्ष का आरक्षित मूल्य (जी.एस.टी रहित) (रू. में) : ₹7,22,000/-, धरोहर राशि (रू. में) : ₹3,75,500/-
2. कार्य का नाम एवं स्थान : पं. दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 7/8 पर कैटरिंग स्टाल सं. 17 के लिए। प्रथम वर्ष का आरक्षित मूल्य (जी.एस.टी रहित) (रू. में) : ₹14,51,501/-, धरोहर राशि (रू. में) : ₹7,54,800/-
3. कार्य का नाम एवं स्थान : गया स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 4/5 पर कैटरिंग स्टाल सं. 13 के लिए। प्रथम वर्ष का आरक्षित मूल्य (जी.एस.टी रहित) (रू. में) : ₹5,73,000/-, धरोहर राशि (रू. में) : ₹2,98,000/-
4. कार्य का नाम एवं स्थान : सासाराम स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 3/4 पर कैटरिंग स्टाल सं. 05 के लिए। प्रथम वर्ष का आरक्षित मूल्य (जी.एस.टी रहित) (रू. में) : ₹2,36,000/-, धरोहर राशि (रू. में) : ₹1,22,800/-
5. कार्य का नाम एवं स्थान : भभुआ रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1/2 पर कैटरिंग स्टाल सं. 02 के लिए। प्रथम वर्ष का आरक्षित मूल्य (जी.एस.टी रहित) (रू. में) : ₹1,01,000/-, धरोहर राशि (रू. में) : ₹52,600/-
6. कार्य का नाम एवं स्थान : गया स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 01 पर मिल्क स्टाल सं. 02 के लिए। प्रथम वर्ष का आरक्षित मूल्य (जी.एस.टी रहित) (रू. में) : ₹4,81,000/-, धरोहर राशि (रू. में) : ₹2,50,200/-
7. कार्य का नाम एवं स्थान : गया स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 4/5 पर मिल्क स्टाल सं. 03 के लिए। प्रथम वर्ष का आरक्षित मूल्य (जी.एस.टी रहित) (रू. में) : ₹4,37,000/-, धरोहर राशि (रू. में) : ₹2,27,300/-
8. निविदा फार्म अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय : 16.09.2024 को 15.00 बजे तक। 9. वेबसाईट का पता जहाँ ई-निविदा का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in.

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)/ पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/00983/डीडीयू/वा./एन/24-25/60

ज्ञान गंगा स्वयंसिद्धा महिला विकास व ज्ञान गंगा महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी का वार्षिक आम सभा संपन्न

निज संवाददाता | नवादा

महिला विकास निगम सम्पोषित ज्ञान गंगा स्वयंसिद्धा महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड एवं सर्व सेवा समिति संस्था फ़ोर एस इंडिया एवं एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के बैनर तले हिसुआ ज्ञान गंगा महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी दोनों का वार्षिक आम सभा एक साथ हिसुआ सेवा सदन हिसुआ में संपन्न किया गया। कार्यक्रम का विधिवत् उदघाटन अमित नारायण मुख्य शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक हिसुआ, पी.एन. बी.शाखा प्रबंधक अर्पिता कुमारी महिला हेल्प लाईन के राज कुमारी, पीपुल्स एक्शन फॉर डेवलपमेंट के सचिव रामयतन प्रसाद, पत्रकार एवं समाजसेवी सुनील कुमार ज्ञान गंगा समिति की अध्यक्ष सरस्वती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शाखा प्रबंधक के द्वारा समूह सदस्यों को ऋण लेकर काम करने व ससमय पर ऋण वापस की बात कही वही समाजसेवी सुनील कुमार व रामयतन प्रसाद के द्वारा ज्ञान गंगा समिति द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहे की इस प्रकार के संस्था जो विगत 16 वर्षो से महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए हर क्षेत्र में अपने हिसुआ प्रखंड के सभी गांवों में कार्य कर रही है। लोगो को इस आम सभा में मुख्य कार्यपालक आनन्द प्रकाश ने समिति एवं कंपनी द्वारा वर्ष 2023 -2024 में किए गये कार्यों का प्रतिवेदन आय -व्यय का ब्योरा, अंकेक्षण रिपोर्ट, आगामी वर्ष 2024-25 में किए जाने वाले कार्य योजना को उपस्थित शेयरधारक के बीच प्रस्तुत कर अनुमोदन लिया गया।वहीं सरस्वती देवी द्वारा बताया गया की हिसुआ प्रखंड के विभिन्न पंचायत के भिन्न भिन्न गांवों में 1111 स्वयं सहायता समूह जिसमें 12648 महिला सदस्यों के बीच हर प्रकार जीविकोपार्जन संबंधित कार्य, स्वास्थ्य जागरूकता, छोटे छोटे रोज़गार के लिए सूक्ष्म ऋण देकर तथा उसी समूह में किसान से जुड़े महिला को फ़ार्मर प्रोड्यूसर कंपनी में जोड़कर कृषि संबंधी कार्य औषधिय पौधा मेंथा, लेमनग्रास, तुलसी दलहन एवं मशरूम की खेती का प्रशिक्षण देकर खेती करने के लिए प्रेरित एवं कम दाम में उच्चतम गुणवता वाले बीज एवं उत्पादित वस्तुओं का बाज़ार से लिंक करवकार उसे उचित मुनाफ़ा करवाकर उसे आत्मनिर्भर बनाकर रोज़गार से उन्हें जोड़ा जा रहा है। ज्ञात हो कि इस कंपनी में 1515 महिला किसान शेयरधारक बन गये है। इस कंपनी द्वारा अन्नदेवी फ़ूड किट योजना शुभारम्भ किया गया। इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से वैसे परिवार लाभान्वित है, जो रोज़ कमाते है और रोज़ खाने की सामग्री को ख़रीदते है। वैसे महिलाओं के लिए कंपनी द्वारा 10 परिवारों के लिए एक माह के लिए चावल, दाल,आटा, तेल, मसाला एवं अन्य उपयोगी खाद्य सामग्री आसान किस्तों में उपलब्ध कराया जा रहा है, इसका लाभ हजारों महिला किसान ले रही है। इस आम सभा में लगभग 800 महिलायें उपस्थित हुई। कार्यक्रम में जागरण फेडरेशन के वरुण कुमार सिंह सर्वोदय फेडरेशन की अध्यक्ष शिवर्ति ने भी अपनी बातों को रखी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मौक़े पर कार्यकर्ता मुकेश कुमार, बादल कुमार, पियुष कुमार, नीलम देवी, नेहा कुमारी, साधना कुमारी, चिंता देवी, सरिता देवी, रिंकु कुमारी, उषा देवी, रूबी कुमारी, रंजु कुमारी, बेबी देवी, उम्दा देवी, पायल देवी इत्यादि लोग उपस्थित रहें।

वृक्षारोपण कर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की शुरुआत

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र धनगाई फॉर्म में 10 पौधे लगाकर एक पेड़ मां के नाम के कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इससे पहले भी केंद्र के द्वारा वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉक्टर शोभा रानी की अगुवाई में किसानों के साथ इस वृक्षारोपण कार्यक्रम को किया गया था। केंद्र के द्वारा कई मौको पर किसानों को वृक्ष लगाने हेतु प्रेरित किया गया है। इस कार्यक्रम की शुरुआत भारत के प्रधानमंत्री ने 5 जून, 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वैश्विक अभियान एक पेड़ मां के नाम के रूप में की थी। वैश्विक अभियान के भाग के रूप में, भारत सरकार द्वारा सितंबर, 2024 तक देश भर में 80 करोड़ पौधे लगाने और मार्च, 2025 तक 140 करोड़ पौधे लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान के एक भाग के रूप में, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय 29 अगस्त, 2024 को कृषि मंत्री की अगुवाई में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, आज कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज के द्वारा धनगाई परिसर में आम, सागवान एवं आंवाला के पौधे लगाए गए। एक पेड़ मां के नाम अभियान एक जन आंदोलन है और लोग पेड़ लगाकर अपनी मां और धरती माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए इसमें भाग ले रहे हैं। पेड़ लगाने से सरकार द्वारा शुरू किए गए मिशन लाइफ़ (LiFE) जो पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली का एक जन आंदोलन है, के उद्देश्य की पूर्ति भी होती है। कृषि में, पेड़ लगाना टिकाऊ खेती को प्राप्त करने के लक्ष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। पेड़ मिट्टी, पानी की गुणवत्ता में सुधार करके और जैव विविधता को बढ़ाकर कृषि उत्पादकता में सुधार करने में मदद करते हैं।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

निज संवाददाता | नवादा

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन नवादा एवं जिला खेल कार्यालय नवादा की ओर से सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि उप विकास आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा, जिला खेल पदाधिकारी नवीन कुमार पांडे एवं अन्य पदाधिकारी व अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम के शुरुआत में मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिला खेल पदाधिकारी नवीन कुमार पांडे द्वारा अतिथियों को पौधा देकर स्वागत व सम्मान किया एवं स्वागत भाषण दिए। सभी आगंतुक अतिथियों के द्वारा केक काटकर मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाया एवं उन्हें याद किया गया। अलख देवप्रसाद के द्वारा नवादा खेल का संक्षिप्त प्रस्तुति दी गई वहीं उपविकास आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ने नवादा के खिलाड़ियों को अपने शब्दों से उत्साह बढ़ाया एवं शुभकामनाएं दिए। वही जिला पदाधिकारी ने सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई देते हुए उन्हें नवादा जिला का नाम रौशन करने को कहा और संघ के अधिकारियों को और नए खिलाड़ियों को जोड़कर प्रशिक्षित करने पर बोल दिया। उन्होंने कहा कि पूरे जिले के प्रत्येक पंचायत में एक स्टेडियम बनाने की योजना है वहीं प्रखंड स्तर पर भी एक स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। मंच का संचालन करते हुए संतोष कुमार वर्मा ने नवोदित सभी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के बारे में जानकारी दिया। सम्मानित होने वाले में हैंडबॉल से काजल कुमारी, सुमेर प्रताप बैडमिंटन से राहुल कुमार राज, आर्यन, ताइक्वांडो से रूपम पांडे, करण यादव क्रिकेट से सुमन सौरभ मुस्कान वर्मा रग्बी फुटबॉल से गुलशन बाबू, पवन राज ड्रैगन बोट से काजल कुमारी, कीर्ति रंजन, पेन्चक सिलाट से चंदन कुमार, जूही पांडे एथलेटिक्स से इंद्रजीत कुमार, शिखा कुमारी कबड्डी से बिंदिया कुमारी, शबनम कुमारी खो- खो से निभा कुमारी, जुली कुमारी वहीं प्रशिक्षक के रूप में जिले से राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत अलखदेव प्रसाद यादव, शिवकुमार प्रसाद, शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा, मनीष कुमार, आनंद कौशल कुमार, गुलशन कुमार, छोटी कुमारी, अमन कुमार, विक्रम कुमार, कुंदन कुमार, सतीश कुमार और आशीष पटेल को जिला पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त ने खेल के क्षेत्र में बेहतर करने के लिए सम्मानित किया। अंत में जिला खेल पदाधिकारी नवीन कुमार पांडे के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया कार्यक्रम में जिले के कई अधिकारी मौजूद थे।

तीन अगवा महिला को बरामद करने के लिये एससी/ एसटी संघर्ष मोर्चा ने सौंपा आवेदन

» 72 घंटा बाद भी प्रशासन द्वारा तीनो दलित समाज की महिलाओं को ढूंढ कर नहीं लाया है। हिसुआ थाना कांड राख्या 511/24 में हिसुआ अरियन निवासी तीन महिलाओं को दबंगों द्वारा अगवा कर गायब कर दिया गया है। हिसुआ थाने में परिजनों ने लिखित आवेदन देकर बरामदगी का मांग करते हुए कारवाई की मांग भी किया गया था।

निज संवाददाता | नवादा

जिले के हिसुआ में दबंगों द्वारा 03 दलित महिलाओं को अगवा कर गायब कर दिया गया है, जिसे प्रशासन शीघ्र और सही सलामत बरामद करे। साथ हीं अपराधियों को गिरफ्तार किया जाए। उक्त बातें चन्दन कुमार चौधरी सचिव अनुसूचित जाति/ जनजाति संघर्ष मोर्चा नवादा ने मांग पत्र जिला प्रशासन को सौंपकर जल्द से जल्दी सही सलामत वापस घर लाने का मांग किया है। उन्होंने कहा 72 घंटा बाद भी प्रशासन द्वारा तीनो दलित समाज की महिलाओं को ढूंढ कर नहीं लाया है। उन्होंने कहा हिसुआ थाना कांड राख्या 511/24 में हिसुआ अरियन निवासी तीन महिलाओं को दबंगों द्वारा अगवा कर गायब कर दिया गया है। हिसुआ थाने में परिजनों ने लिखित आवेदन देकर बरामदगी का मांग करते हुए कारवाई की मांग भी किया गया था। उन्होंने कहा हिसुआ थानाक्षेत्र के अरियन ग्राम के टोला जयप्रकाश नगर के निवासी तीन महिलाओं को विगत रविवार से अपहरण के 72 घंटे बाद भी बरामदगी नहीं किया गया है। जिससे हमारे दलित समाज में आक्रोश बढ़ रहा है। मामला को गंभीरता पूर्वक लेते हुए करवाई किया जाए। अगर 48 घंटा बाद तीनो महिलाओ को सही सलामत नहीं लाया गया, तो मजबूर होकर अनुसूचित जाति/जनजाति संघर्ष मोर्चा एवं अन्य कई संगठनों द्वारा नवादा समाहरणालय का घेराव करेंगे और बड़ा आदोलन करेंगे।

जनसुराज संविधान सभा की बैठक में जनसुराज की नई राजनीति पार्टी को लेकर लिया गया आम लोगों से राय

निज संवाददाता | (नवादा)

जिले के हिसुआ में जनसुराज संविधान सभा की बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता जनसुराज के प्रवक्ता एवं संविधान सभा के अध्यक्ष मसीहउद्दीन ने किया वहीं मच का संचालन गोपाल कृष्ण कुमार ने किया। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवियों, प्रबुद्ध जनों ने जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के विचार धाराओं से प्रभावित होकर भाग लिया और संविधान सभा में पार्टी के रूपरेखा पर विचार किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ नेता मसीह उद्दीन ने बताया कि प्रशांत किशोर बिहार समेत पूरे देश में सबका मान, सबका विकास की अवधारणा को लेकर आगे बढ़ रहें हैं। आप जन सुराज से जुड़कर बिहार के बेहतर विकास के लिए बेहतर विकल्प बन सकते हैं। प्रशांत किशोर लगातार विभिन्न जिलों का दौरा कर अपनी बातों को रख रहे हैं। इन्होंने कहा कि हम उनसे आग्रह करेंगे कि नवादा में भी वे आए और अपनी बातों को रखें। इसे लेकर हमलोग उनका पुरजोर स्वागत भी करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में मजबूत राजनीति को लेकर बिहार के सभी 40 लोकसभा क्षेत्रों में संविधान सभा की कुल 900 बैठकें हो रही है। अगामी विधानसभा चुनाव में प्रशांत कुमार की पार्टी बिहार के सभी 243 सीटों पर अपनी उम्मीदवार को उतारेंगे। इसकी भी तैयारी की जा रही है। बैठक में मौजूद जनसुराज के संविधान सभा के सदस्य इंद्रदेव कुशवाहा ने कहा जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर की विचारधारा को मजबूत करने और बिहार से जाति और धर्म के नाम पर विकास बाधित करने को लेकर संवाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। वहीं जिला परिषद सदस्य रंजीत कुमार चुन्नू ने कहा कि देश की राजनीति जातियों व धर्मो में सिमट कर रह गई है. यही कारण है कि देश की व्यवस्था कमजोर होते जा रही है। जब तक हम सभी व्यक्ति जात-पात से ऊपर उठकर राजनीति में अपना योगदान नहीं देंगे, तब तक व्यवस्था में सुधार नहीं हो सकता है। ऐसी स्थिति में जन सुराज मंच की विचारधारा को आगे लेकर चलना चाहिए। बैठक को संबोधित करते हुए जनसुराज संविधान सभा के सदस्य राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित युगल किशोर राम ने कहा कि इस अभियान के संस्थापक प्रशांत किशोर के प्रयास का समर्थन करते हुए कहा कि बिहार से ही बिहार और देश को सकारात्मक बदलाव की कोशिश होगी, जो स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में प्रशांत किशोर के विचारधाराओं को युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों का समर्थन मिलेगा। सदस्य उदय सिंह ने बताया कि बिहार में कृषि, शिक्षा, रोजगार, उद्योग आदि मामले में जिला से लेकर राज्य तक अपेक्षा की जानकारी जमीनी स्तर पर प्रशांत किशोर को है। विकास कुमार ज्योति ने कहा कि प्रशांत किशोर एक चर्चित राजनीतिक व रणनीतिकार है। उनके साथ अच्छे व शिक्षित लोगों की समर्पित सशक्त टीम है। बिहार को लेकर उनका दृष्टिकोण साफ है। हम उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है। इस बैठक में सरला सिन्हा, रानी पाण्डेय, अनुज रावत, अखिलेश यादव, मोहम्मद शादाब, मोहम्मद नन्हू सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

शैक्षणिक सामग्रियों का किया गया वितरण

कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)। प्रखण्ड के कन्या मध्य विद्यालय कौआकोल में गुरुवार को पहली से पांचवीं कक्षा के बच्चों के बीच राज्य सरकार द्वारा विभाग को उपलब्ध कराए गए शैक्षणिक सामाग्री का वितरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवध कुमार पासवान ने बताया कि बच्चों के बीच शैक्षणिक सामग्रियों जैसे-स्कूल बैग, कॉपी, कलम, पानी बोतल आदि सामग्रियों का निःशुल्क वितरण किया गया।

विद्यालय में खेल मेला आयोजित

निज संवाददाता | पकरीबरावां (नवादा)

उत्क्रमित मध्य विद्यालय मिर्जापुर में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल मेला का आयोजित की गई। खेल मेला का आयोजन नव चेतना विकास केंद्र नवादा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवीन कुमार ने की। संस्था सचिव नारायण पासवान ने खेल मेला का उद्देश्य एवं कार्यक्रम को विस्तारपूर्वक से बताया। प्रोग्राम मैनेजर आशीष राहुल ने खेल का संचालन किया। बताया गया कि खेल मेला का मुख्य उद्देश्य छलांग प्रोग्राम के तहत बच्चों में खेल के प्रति उत्कृष्टता को बढ़ावा देना तथा खेल के माध्यम से बच्चों में सर्वांगीण विकास हो सके। साथ ही साथ बच्चे विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित हो सके। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों में राजबल्लव पासवान, दिलीप कुमार, बिन्नी कुमारी, उमा भारती, सीमा संस्था के सदस्य पूजा कुमारी, बिंदु कुमारी, सतीश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

अपोलो एक्सरे की आड़ में संचालित अवैध क्लिनिक में भर्ती 10 वर्षीय लड़की की हुई मौत

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के बजरंगबली चौक स्थित अपोलो एक्सरे में संचालित अपोलो मेडिकल हॉल सह क्लिनिक में बीते बुधवार की दोपहर को जोगियामारण पंचायत के खुशियाली भित्ता गांव की एक 10 वर्षीय लड़की की मृत्यु इलाज में बरते जानेवाली लापरवाही के कारण हो गया।घटना के बाद डोमचांच निवासी कथित डॉ. सन्तोष कुमार उर्फ दखनाहवा डॉक्टर साहब मृतक लड़की के परिजनों को बहला-फुसलाकर किसी तरह शव को बाहर किया एवं तुरंत शटर बन्द कर भाग खड़ा हुआ। पीड़ित परिजन एक मजदूर थे, इसलिए वे अपने नसीब को कोसते हुए घर चले गए और मृत लड़की का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक लड़की की पहचान खुशियाली भित्ता गांव निवासी पिन्टू मांझी की एकमात्र 10 वर्षीय पुत्री राजन्ति कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं एक्सरे एवं मेडिकल हॉल के नाम पर अवैध क्लिनिक चलाने वाले संचालक अबतक दुकान बंद कर फरार है। मृतक लड़की के दादा नरेश मांझी समेत अन्य लोगों ने बताया कि बुधवार के अहले सुबह लगभग 4 बजे से उनकी पोती को उल्टी एवं दस्त होना शुरू हुआ। घर में लगभग दो बार उल्टी और दस्त हुआ तो वे इलाज कराने बुधवार की सुबह लगभग 9 बजे रजौली के बजरंगबली चौक स्थित अपोलो एक्सरे में संचालित क्लिनिक में पहुंचे।जहां कथित डॉ. संतोष कुमार के अलावे दो महिला नर्स स्टाफ ने लड़की को स्लाइन का एक बोतल चढ़ाया। एक बोतल स्लाइन के बाद लड़की परिजनों से बातचीत भी की। किन्तु दूसरे बोतल स्लाइन के दौरान उसकी तबियत अचानक बिगड़ने लगी और अंततः लड़की ने अपना दम क्लिनिक में तोड़ दिया। इसके बावजूद क्लिनिक संचालक सह कथित डॉक्टर द्वारा लड़की को सरकारी अस्पताल ले जाने की बात कहकर जल्दीबाजी में शटर को बन्द करने लगा। डॉक्टर द्वारा काफी प्रयास एवं स्थानीय दवाई दुकान विक्रेताओं एवं अन्य सहयोगियों के सहयोग से मृतक लड़की और परिजन को बाहर निकाल दिया और शटर बन्द कर भाग खड़ा हुआ। जबकि क्लिनिक में काम करने वाली एक नर्स अंदर ही बन्द रह गई, जिसे डेढ़-दो घंटे बाद जब परिजन मृतक लड़की को लेकर अपने घर चले गए, तब शटर खोलकर निकाला गया। पीड़ित परिजन का कहना है कि वे मजदूर हैं और लड़की के मृत होने पर कुछ समझ नहीं आया कि क्या करें। इसलिए वे अपने नसीब को कोसते हुए घर आकर बुधवार की शाम को ही गांव में लड़की को जमीन में दफना कर अंतिम संस्कार पूर्ण होने के बाद घर चले गए। उन्होंने कहा कि वे अपनी बेटी को इंसाफ दिलाने को लेकर सिविल सर्जन नवादा डॉ. नीतू अग्रवाल से न्याय की गुहार लगाई है। परिजनों ने बताया कि सिविल सर्जन मैडम द्वारा उन्हें थाने जाकर प्राथमिकी दर्ज करवाने की बात कही है। साथ ही अवैध क्लिनिक संचालक के विरुद्ध उचित क़ानूनी कार्रवाई करने को लेकर आश्वस्त की है। पीड़ित परिजनों ने कहा कि गुरुवार को थाना जाकर लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाएंगी। रजौली मुख्यालय में ब्लॉक रोड से लेकर अस्पताल रोड, बजरंगबली चौक से लेकर सिरदला रोड, पुरानी बस स्टैंड के सती स्थान,कुंडल मोहल्ला के रास्ते एवं बायपास समेत अन्य जगहों पर दर्जनों अवैध नर्सिंग होम बेरोकटोक संचालित हैं। जहां आये दिन नवजात से लेकर प्रसव कराने वाली महिलाओं एवं जहर आदि खाने वाले मरीजों की जान जाते रही है। इसके पीछे का एक मुख्य वजह प्रशासन द्वारा इन अवैध क्लीनिकों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई नहीं की जाती है। यदि प्रशासन द्वारा समय-समय पर रजौली में जांच अभियान चलाया जाए, तो किसी की जान यूं ही जाने से बच सकती है और लोगों का आर्थिक दोहन भी रुक सकेगा।

शिवलाय में कल को मनाया जाएगा विश्व हिंदू परिषद का 60 वां वार्षिक दिवस

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

विश्व हिंदू परिषद रजौली इकाई के द्वारा विश्व हिंदू परिषद का 60 वां स्थापना दिवस मनाने हेतु राज शिव मंदिर नीचे रजौली में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष मनीष सिंह की अध्यक्षता में एक हम बैठक किया गया। उपाध्यक्ष ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस का 60वां और बजरंग दल का 40वां स्थापना वर्ष बहुत ही धूमधाम से राज शिव मंदिर नीचे बाजार रजौली में मनाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद प्रांत उपाध्यक्ष परशुराम, महंथ डॉ. दयानंद मुनि राष्ट्रीय धर्मचार्य प्रदेश प्रभारी अखिल भारतीय संत, परिषद संयोजक के मार्गदर्शक मंडल विश्व हिंदू परिषद, प्रांत सहसंयोजक बजरंग दल के अभिमन्यु जी,बजरंग दल नालंदा विभाग संयोजक कुंदन, नवादा बजरंग दल संयोजक मुकेश विद्यार्थी, सहसंयोजक अनीश, विश्व हिंदू परिषद के राजकुमार गुप्ता, सुबोध लाल, सुरक्षा प्रमुख संजय यादव, नवादा जिला के पूर्व बजरंग दल संयोजक जीतू प्रताप, हिंदू परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष कैलाश विश्वकर्मा एवं जिला एवं प्रखंड का सभी सम्मानित लोग इस स्थापना दिवस में उपस्थित रहेंगे।

आशा को दिया गया प्रशिक्षण

पकरीबरावां (नवादा) (नि. सं.)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में आशा को प्रशिक्षण दिया गया। सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामकुमार ने नियमित टीकाकरण पर जोर दिया। उन्होनें आशा को अपने क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को देने का निर्देश दिया। इस अवसर पर बीसीएम विश्वजीत देवगन, यूनिसेफ के विनीत चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर सम्मानित हुए खिलाड़ी एवं कोच

निज संवाददाता | नवादा

महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा की संस्था मॉडर्न इंगलिश स्कूल, कुंती नगर (नवादा) में भव्य खेल समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि बरिये उप समाहर्ता श्री चंद्रशेखर एवं मॉडर्न एजुकेशनल ग्रूप के चेयरमैन, शिक्षाविद और खेल प्रेमी डॉ. अनुज कुमार सिंह ने रंगीन गुब्बारा उडा कर किया। इसके पश्चात राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले दर्जनों खिलाडियों को मेडल तथा स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय मिनी हैंडबॉल प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम की खिलाड़ी काजल कुमारी, आरती कुमारी, श्रेया राज, स्मृति कुमारी, छोटी कुमारी, कृति कुमारी, राजलक्ष्मी कुमारी, राजनंदनी कुमारी तथा टीम के कोच अमन कुमार एवं पूजा कुमारी, ताईक्वांडो खिलाडी रुपम पाण्डेय को सम्मानित किया गया। सी.बी. एस.ई क्लस्टर के अंतर्गत हैंडबॉल में बालिका वर्ग में चैंपियन रही मॉडर्न की खिलाडियों को भी इस अवसर पर पुरस्कृत किया गया। खेल दिवस के अवसर पर कुंती नगर के खेल मैदान में क्रिकेट, कबड्डी, चेस, हैंडबॉल, एथलेटिक्स, डिसकस थ्रो, लंबी कूद तथा ऊंची कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विजेता रहे खिलाडियों तथा उनके कोच अलखदेव यादव, राकेश रंजन, नीतीश कुमार, अनिल कुमार एवं शिवकुमार प्रसाद को भी मौके पर ही सम्मानित किया गया। राज्यस्तरीय कबड्डी तथा हैंडबॉल के कोच संतोष कुमार वर्मा मॉडर्न एजुकेशनल ग्रूप के मीडिया प्रभारी प्रत्यूष आनंद तथा शिक्षिका प्रतिभा कुमारी को भी उनके विशेष योगदान के लिए स्मृति चिन्ह् दे कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित खिलाडियों की हौसला अफ़ज़ाई करते हुए विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर प्रसाद ने कहा कि खिलाड़ी पूरी मेहनत और लगन से खेलें, प्रशासन उन्हें हर तरह की सुविधाएं मुहैया कराने को तैयार है। उन्होंने केन्द्र तथा राज्य सरकार के द्वारा खेलों को बढावा देने के लिए चलाई जा रही योजनाओं की भी संक्षिप्त जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ.अनुज कुमार जो कि खेलों में अपनी विशेष रुचि एवं खिलाडियों को निरंतर प्रोत्साहित करने के लिए प्रसिद्ध हैं, उन्होंने भी सभी खिलाडियों का मनोबल बढ़ाया और कहा कि जिले और राज्य में ही नहीं बल्कि ओलंपिक खेलों में देश के लिए पदक लाने कि प्रतिज्ञा करें। उनके तरफ़ से हर तरह का सहयोग किया जाएगा। समारोह के आयोजन में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित खेल प्रशिक्षक अलखदेव यादव की सक्रिय भूमिका रही।

कृषक महाविद्यालय में शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव

पकरीबरावां (नवादा) (नि. सं.)। कृषक महाविद्यालय धेवधा पकरीबरावां में गुरुवार को महाविद्यालय शासी निकाय के सत्र 2024-25 के लिए शिक्षक प्रतिनिधि सदस्य का चुनाव हुए। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सह निर्वाची पदाधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में मौजूद।

डीईओ के आदेश का नहीं हो रहा अनुपालन

निज संवाददाता | नवादा

जिले के कौआकोल प्रखंड शिक्षक नियोजन में फर्जी प्रमाण पत्र पर नियोजित शिक्षक उज्जवल कुमार आजाद का नियुक्ति फर्जी प्रमाणित होने के बावजूद कार्रवाई से नियोजन इकाई कतरा रही है। इस बावत डीईओ ने पुनः पत्र निर्गत कर कार्रवाई प्रतिवेदन की मांग की है। आश्चर्य तो यह कि बीडीओ आरटीआई कार्यकर्ता से आरोपी का नम्बर व पता की मांग कर रहे हैं। क्या है मामलाः- जिले के बहुचर्चित आरटीआई कार्यकर्ता प्रणव कुमार चर्चील ने उज्जवल कुमार आजाद की नियुक्ति से संबंधित फोल्डर की मांग नियोजन इकाई से की थी। उपलब्ध कराये फोल्डर में नियुक्ति में अनियमितता पाये जाने पर डीईओ ने उक्त मामले में नियोजन इकाई को नियुक्ति रद्द कर अग्रेतर कार्रवाई का आदेश निर्गत किया था। नहीं हुई कार्रवाईः- उक्त मामले में एक माह बाद भी नियोजन इकाई द्वारा कार्रवाई नहीं किये जाने को डीईओ ने काफी गंभीरता से लिया। उन्होंने पुनः कार्रवाई कर प्रतिवेदन की मांग कर दी। नियोजन इकाई मांग रहा नम्बरः- अब बीडीओ आरटीआई कार्यकर्ता से आरोपी का मोबाइल नम्बर मांग रहे हैं ताकि उससे स्पष्टीकरण की मांग की जा सके। अब सबसे बड़ा सवाल यह कि जब डीईओ ने नियोजन रद्द कर कार्रवाई का आदेश निर्गत किया है तब फिर स्पष्टीकरण कैसा जाहिर है नियोजन इकाई एकबार फिर मामले को टाल शिक्षक को बचाने में जुटी है।

विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

कौआकोल प्रखण्ड के दरावां पंचायत अंतर्गत राजकीय बुनियादी विद्यालय बरौन बाजितपुर में गुरुवार को मनरेगा योजना के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मनरेगा के पीओ प्रमोद मिस्त्री के नेतृत्व में लोगों ने एक दर्जन से अधिक फलदार एवं छायेदार पौधारोपण कर लोगों से पौधारोपण करने एवं इसके संरक्षण करने की अपील किया। पीओ प्रमोद मिस्त्री ने कहा कि पर्यावरण संतुलन को लेकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस कार्यक्रम से धरती पर हरियाली तो फैलेगी ही, साथ ही साथ पर्यावरण भी शुद्ध होगा। उन्होंने कहा की अगर जन जीवन को बचाना है, तब सभी लोग इस पौधरोपण कार्यक्रम में हिस्सा लेकर पुण्य का भागीदार बने। मौके पर पीटीए सरोज कुमार, पीआरएस अजीत कुमार, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार आदि द्वारा भी पौधा रोपण किया गया।

विद्यालयों में मासिक मूल्यांकन परीक्षा सम्पन्न

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पूर्णा भदौर में दो दिवसीय मासिक मूल्यांकन परीक्षा गुरुवार को सम्पन्न हुआ। इस दौरान प्रथम से आठवीं कक्षा के छात्र व छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। उपस्थित छात्र व छात्राएं शान्तिपूर्ण तरीके से परीक्षा देने में शामिल हुए। प्रभारी प्रधानाध्यापक रामबालक चौधरी के देखरेख में परीक्षा हुई। उन्होंने कहा आयोजित परीक्षा में प्रथम से आठवीं कक्षा तक में 210 छात्र व छात्राएं भाग लिए।

दारोगा को कोर्ट से लगा बड़ा झटका वेतन से 2 हजार रूपये काटने का आदेश

निज संवाददाता | नवादा

जिले में पुलीसिया कार्यशैली पर जहां आम नागरिक सवाल खड़ी करते हैं वही न्यायालय ने पुलिस के द्वारा किये गए कार्यों पर सिर्फ अंगुली ही नहीं उठाई बल्कि दारोगा पर कार्रवाई का आदेश भी दें चुकी हैं। पुलिस से न्याय का मंदिर भी परेशान है। पकरीबरांवा के बाद अब रोह पुलिस के विरुद्ध न्यायालय को आदेश निर्गत करना पड़ा है। कर्तव्य का निर्वहन सही तरीके से नहीं करने के आरोप में एक दारोगा को कोर्ट ने झटका दिया है। उनके वेतन से 2 हजार रूपये काट कर सरकारी खजाना में जमा किये जाने का आदेश दिया गया है। मामला रोह थाना कांड संख्या-179/24 से जुड़ा है। बताया जाता है कि उक्त कांड के अभियुक्त सुगन यादव काराधीन है। उनके खिलाफ कांड का विचारण विशेष न्यायाधीश पोक्सो मनीष द्विवेदी की अदालत में विचाराधीन है। काराधीन आरोपित द्वारा जमानत याचिका दायर किया गया है। जिसकी सुनवाई के लिये अदालत द्वारा कांड दैनिकी की मांग की गई थी। लेकिन कांड के अनुसंधानकर्ता ने दूसरे कांड की दैनिकी लगाकर अदालत को भेज दिया। सुनवाई के क्रम यह बात उजागर हुई की अनुसंधानकर्ता के द्वारा भेजा गया कांड दैनिकी किसी दूसरे कांड से सम्बंधित है। इसकी सूचना अनुसंधानकर्ता को दी गई। बावजूद अनसंधानकर्ता ने भूल सुधार नही किया। तब अदालत ने यह पाया कि अनुसंधानकर्ता अपने पदीय कार्य का सही तरीके से निर्वहन करने में घोर लापरवाही बरत रहे हैं तथा कर्तव्य का निर्वहन सही तरीके से नहीं किया है। जिससे न्यायिक कार्य बाधित हुआ। जबकि काराधीन अभियुक्त को यह अधिकार है कि उसके जमानत आवेदन का निष्पादन शीघ्र किया जाय। न्यायाधीश ने अनुसंधानकर्ता को आदेश दिया है कि वांछित कांड दैनिकी के साथ अगली निर्धारित तिथि को अदालत में उपस्थित रहें। वहीं आरक्षी अधीक्षक को निर्देश दिया है कि अनुसंधानकर्ता के वेतन से 2 हजार रूपये काटकर सरकारी खजाना में जमा कर अदालत को सूचित करें।

संक्षिप्त समाचार

गुमशुदा बच्ची को पुलिस ने किया बरामद

कोईलवर। चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव से पिछले 12 अगस्त से गुम हुई एक बच्ची को चांदी पुलिस ने उत्तर प्रदेश के चन्दौली रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया है। इस बाबत प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पिछले 12अगस्त को गुम हुई बच्ची की जानकारी बच्ची के पिता ने थाने को दी थी। उसके बाद पुलिस ने अनुसंधान शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को सुचना मिली की उत्तर प्रदेश के चन्दौली रेलवे स्टेशन पर उक्त गुमशुदा बच्ची देखी गई है। पुलिस को सुचना मिलते ही उक्त गुमशुदा बच्ची को बरामद कर लिया है।

दो पक्षों में हुई मारपीट दोनों पक्ष से कई लोग घायल

आरा। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोठहुला गांव में जमीन के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना के बाद परिवार के लोगों ने घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां दोनों पक्ष के घायलों का इलाज किया जा रहा है। घायलों में प्रथम पक्ष के लालू यादव 55 वर्ष पिता रणजीत यादव उर्फ पहाड़ी , सुलक्षणा देवी 50 वर्ष पति लालू यादव, विनोद यादव 33 वर्ष पिता लालू यादव है। वहीं दूसरे पक्ष से मनोज यादव 45 वर्ष पिता जोगेंद्र यादव , मुनी देवी 40 वर्ष पति मनोज यादव, टिंकू कुमार 21 वर्ष पिता मनोज यादव, पिंटू कुमार 17 वर्ष पिता मनोज यादव हैं।

शास्त्रीय संगीत समारोह का किया गया आयोजन

आरा। ठाकुरबाड़ी में चल रहे बक्शी कुलदीप नारायण कल्चरल सोसाईटी द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव संगीत समारोह के तीसरे दिन शास्त्रीय संगीत के कलाकरों ने कई नृत्य व संगीत की प्रस्तुति हुई। चर्चित शास्त्रीय गायक उस्ताद निजामुद्दीन खां ने राग पुरिया धनाश्री में विलंबित ख्याल के साथ द्रुत ख्याल में पयलिया झनकार मोरी झनन झनन बाजे झनकार.. व ठुमरी बातों बातों में बीत गयी रात..,प्रस्तुत किया। वरिष्ठ तबला वादक राणा प्रताप सिन्हा ने स्वतंत्र तबला वादन में अजराड़ा घराने की खास बंदिशों को सुनाया। कथक नृत्यांगना हर्षिता विक्रम ने कथक नृत्य के प्रारंभ में श्री राम की वंदना, तीनताल में शुद्ध कथक व मीरा की कृष्ण भक्ति पर आधारित भाव नृत्य प्रस्तुत किया। हरमोनियम पर श्रेया पांडेय व तबले पर सूरज कांत पांडेय ने संगत किया। कवियित्री डॉ. किरण कुमारी ने कहा कि भारतीय संगीत की परंपरा हजारों वर्ष पुरानी है। इस परंपरा के संस्थापक स्वयं नटराज भगवान् शंकर हैं ।

एनएचएम कर्मियों के समर्थन में किया कार्य बहिष्कार

आरा। बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के राज्य कार्यकारिणी के निर्णयानुसार एनएचएम कर्मियों के समर्थन में संघ ने सदर प्रखंड के सभी कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार बुधवार को किया। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के समक्ष कर्मियों ने प्रदर्शन भी किया। जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के आपात सेवा को छोड़कर सभी सेवाएं प्रभावित रहीं। मुख्यालय पर पहुंचे, कर्मचारी सरकार के खिलाफ आक्रोशपूर्ण नारेबाजी कर रहे थे। कर्मचारियों ने आंदोलनरत एनएचएम कर्मियों के मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने एवं संघ के नेतृत्व से वार्ता कर जनहित में आंदोलन को समाप्त कराने की मांग की।

टीबी मुक्त पंचायत होने पर मिलेगा गोल्डन सर्टिफिकेट

बक्सर। राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम की समीक्षा बैठक सभाकक्ष में की गई। डीएम अंशुल अग्रवाल को बैठक में संचारी रोग पदाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2023-24 में राज्य के 27 पंचायतों में से बक्सर जिले के 3 पंचायत कमरपुर, जासो, सरेंजा को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इन पंचायतों में 1 वर्ष तक संतोषजनक प्रगति रहने पर कांस्य सर्टिफिकेट, 2 वर्ष तक संतोषजनक प्रगति रहने पर सिल्वर सर्टिफिकेट एवं 03 वर्ष तक संतोषजनक प्रगति रहने पर गोल्डन सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। टीबी मुक्त कार्यक्रम के तहत चिन्हित पंचायतों में कार्यों का मॉनिटरिंग एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक को नोडल बनाया गया।

प्रकृति की रक्षा करना आवश्यक : मीना सिंह

आरा। जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज, सिकंदरपुर में बुधवार को वृहत्त पौधरोपण का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मीना सिंह ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 30 अगस्त को उनका जन्म दिवस है। इस अवसर पर पौधरोपण करने के लिए इस कॉलेज में आने का अवसर प्राप्त हुआ है। बढ़ते जलवायु परिर्वतन को देखते हुए प्रकृति की रक्षा करना अति आवश्यक है। प्रकृति ने हमें मुफ्त ऑक्सीजन उपलब्ध कराया है। हमारा भी कर्तव्य बनता है कि अपने और पूरे विश्व के कल्याण के लिए अधिक से अधिक पौधा लगाए। वर्तमान जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण पाने के उद्देश्य से देशव्यापी 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम चल रही है। इसके अंतर्गत प्रत्येक भारतवासी से एक पेड़ लगाने की अपील की गयी है। जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज द्वारा आज 100 पौधों का रोपण किया जाना प्रकृति की रक्षा में श्रेयस्कर भागीदारी है। चंदन, महोगनी, पीपल, पाक़ड़, नीम आदि पौधो का किया गया रोपण कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। हेल्थ एण्ड एजुकेशनल सोसायटी के सचिव सह जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज के चेयरमैन डा. आदित्य विजय जैन ने बताया कि कॉलेज परिवार का पर्यावरण संरक्षण में सदैव अग्रणी भूमिका रहती है। पूर्व में भी कॉलेज परिसर में 1500 से अधिक पौधा लगाये जा चुके हैं। कॉलेज परिसर में आगामी वर्षों में 5000 पौधा लगाकर इस क्षेत्र को हरा-भरा करने का लक्ष्य है। आज यहां चंदन, महोगनी, पीपल, पाक़ड़, नीम, शीशम, आम, जामुन आदि जैसे पौधा का रोपण किया गया है। निदेशक डा. सीपी जैन ने कॉलेज परिवार की ओर से मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया और लोगों को जीवन में पेड़ों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सिद्ध विजय जैन ने कहा कि पौधारोपण के प्रति युवा पीढ़ी के मन में भावना जागृत होना अति महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है। पौधारोपण कार्यक्रम में अशोक शर्मा, पुतुल, मृत्युंजय, अरिहन्त विजय जैन, प्रो. नीरज, नन्दलाल यादव, ओम कुमार, सुमेश श्रीवास्तव, सौरभ सिंह, अरूण मिश्रा, निशा भारती, राहुल आनन्द, राकेश कुमार, निष्मा प्रकाश, हिमान्शु, निकेश तिवारी, विक्की प्रजापति, उत्कर्ष कुमार, संस्कृति कुमारी, अनुष्का कुमारी व श्रेया कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

2 सितंबर सुबह 8:00 बजे से आरा न्यू पुलिस लाइन में होगी होमगार्ड शारीरिक दक्षता जांच

आरा। एक जनवरी 2006 में प्रकाशित होमगार्ड की बहाली की प्रक्रिया को आखिर कार 18 वर्ष 7 माह बाद दो सितंबर 2024 से शुरू किया जा रहा है जो 10 सितंबर 2024 तक चलेगा। 2 सितंबर से न्यू पुलिस लाइन आरा में सुबह 8 बजे से होगी होमगार्ड की शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा। इसके लिए डीएम राज कुमार सिंह सह अध्यक्ष गृह रक्षक चयन समिति भोजपुर के निर्देशानुसार गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन से संबंधित विज्ञापन अभ्यर्थियों की प्रखण्ड वार सूची भोजपुर एनआईसी . इन पर (Bhojpur.nic.in)पर प्रकाशित कर दी गयी है। स्वच्छ नामांकन की प्रखण्ड वार तिथि दिनांक 2 सितंबर 2024 से 10 सितंबर 2024 तक निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी अपने निर्धारित प्रखण्ड और तिथि को आधार कार्ड, आवासीय प्रमाण पत्र, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, पावती रसीद, तीन स्टाम्प साईज का अद्यतन फोटो एवं सभी प्रमाण पत्र मूल के साथ शारीरिक दक्षता परीक्षा में ससमय उपस्थित होगें। भोजपुर एनआईसी . इन पर (Bhojpur.nic.in)पर प्रकाशित सूची में अभ्यर्थी अपना रोल नं०, नाम, पिता का नाम , जन्म तिथि, पता एवं जाति/कोटि देख लेंगे। अगर कोई आपत्ती है तो 29 अगस्त तक अभ्यर्थी अपना उपयुक्त दस्तावेज के साथ जिला समादेष्टा कार्यालय बिहार गृह रक्षा वाहिनी आरा कार्यालय में कार्य अवधि में आकर जमा कर सकते है। दिनांक 29 अगस्त के उपरान्त कोई भी दावा अमान्य होगा। दौड़ पुरुषों के लिए 800 मीटर की दौड़ के लिए समय सीमा 2.5 मिनट है। महिलाओं के लिए 800 मीटर की दौड़ 5 मिनट के अन्दर पूरी करनी है। अधिक समय लेने वाले उम्मीदवार असफल घोषित होंगे। दौड़ के लिये सिर्फ न्यूनतम मापदंड होगा ।

बाढ़ से हजारों लोग परेशान सड़क पर आया बाढ़ का पानी

जान जोखिम में डाल सफर करने को ग्रामीण मजबूर

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के ज्ञानपुरा गांव के लोग लगभग डेढ़ महीने से बाढ़ की समस्या को झेल रहा है। सड़क पर पानी चढ़ने की वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। अब बाढ़ का पानी पूरे सड़क पर फैल चुका है। बाढ़ का पानी बढ़ने की वजह से ज्ञानपुरा गांव में जाने वाली सड़क डूब चुकी है। इसकी वजह से लोग अब नाव का सहारा ले रहे हैं। इस गांव में हजारों लोग हैं, जो इससे प्रभावित हैं। प्रतिदिन छोटी नाव से लोग मेन सड़क पर आते हैं और फिर यहां से नाव पर बैठकर गांव की ओर जाते हैं। दिन और रात इसी छोटी नाव की मदद से ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर आना-जाना पड़ रहा है। वहीं, पानी बढ़ने की वजह से गांव के स्कूल को भी बंद कर दिया गया है।

डेढ़ महीने से परेशान हैं ग्रामीण, पानी नहीं हो रहा कमः नाव पर बैठकर एक बुजुर्ग महिला ज्ञानपुर निवासी कौलेसरी देवी ने बताया कि बहुत परेशानी होती है। मैं तो डर की वजह से थर-थर कांपते हूं। अगर किसी को इलाज करवाने जाना हो तो इसी छोटे नाव के सहारे गांव से बाहर जाना पड़ेगा। रात में भी जाना होता है तो इसी की मदद से जाना पड़ता है। ग्रामीण मुन्नी देवी ने बताया कि पानी लगभग डेढ़ महीने से भरा हुआ है। परेशानी भी हो रही है। छोटे नाव से सवारी करने में डर लगता है। दो नाव है।

पानी बढ़ने की वजह से लाखों का नुकसानः ज्ञानपुरा गांव के किसान भी बाढ़ की वजह से बेहद परेशान हैं। ज्ञानपुरा गांव के रहने वाले किसान धनजी ने बताया कि उन्होंने खेत में लौकी, नेनुआ की खेती की थी। अन्य भी सब्जी की फसल लगाई थी। लेकिन पानी बढ़ने की वजह से खेत में भी पानी चला गया। अब सब बर्बाद हो चुका है। लगभग एक लाख रुपए खर्च हुए थे, जो अब सब बर्बाद हो चुका है। अगर सरकार की तरफ से बाढ़ से बर्बाद फसलों का मुआवजा मिल जाता तो किसानों के लिए अच्छा होता।

दो नाव के सहारे हो रहा हजारों लोगों का आना-जानाः वहीं, नाविक हृदय बीन ने बताया कि दो छोटे छोटे नाव हैं, जो ग्रामीणों के ही है। इसी की मदद से हम लोग ग्रामीणों को घर तक पहुंचाते हैं और फिर घर से बाहर जाने वालों को लाते हैं। जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई मदद नहीं मिली है। एक नाव पर दस से पंद्रह लोगों को बैठाकर पानी पार करवाते हैं। यह नाव को लंबी बांस और पतवार की मदद से चलाना पड़ता है। लंबी बांस से जोर से धक्का देना पड़ता है और पतवार से दिशा देते है। इस नाव में मोटर नहीं है, इसे ठेल कर चलाना पड़ता है।

नाव बंद कराई जा रही हैः डीएम राज कुमार ने बताया कि ज्ञानपुर गांव के ग्रामीणों के लिए दूसरा रास्ता कायमनगर से हो कर भी निकलता है, लेकिन वो सभी शॉर्ट कर्ट होने की वजह से नाव का सहारा लेते हैं। जो भी नाव वहां चला रहे है उसे बंद कराया जा रहा है।

बक्सर में कोका कोला बॉटलिंग प्लांट का भूमि पूजन

बियाडा की भूमि पर 1235 करोड़ रुपए का निवेश करेगी कंपनी

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के प्रखंड मुख्यालय स्थित बिहार औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बियाडा) की भूमि पर कोका कोला बॉटलिंग प्लांट निर्माण के लिए एसएलएमजी कंपनी के द्वारा बुधवार को भूमि पूजन की गई।लदानी ग्रुप के लदानी फैमिली सहित कंपनी के सीईओ कोस्टिन मन्द्रिया ने यजमान बनकर कंपनी के लिए प्रस्तावित भूमि 65 एकड़ जमीन का भूमि पूजन किया। बिहार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने बीते 10 अगस्त को बिहार में बढ़ते औद्योगिक वातावरण को देखते हुए एसएलएमजी वेवरेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को कोका कोला की बॉटलिंग प्लांट स्थापना की मंजूरी दी थी। प्लांट निर्माण प्लानिंग को लेकर मिली जानकारी के अनुसार स्पेशल इकोनॉमिक जोन की स्वीकृति के बाद कोका कोला बॉटलिंग प्लांट के लिए एसएलएमजी कम्पनी 1235 करोड़ रुपए निवेश करेगी। बता दें कि हाल में ही केंद्र सरकार ने बिहार में दो स्पेशल इकोनॉमिक जोन स्थापित करने की सहमति जताई थी। जिसमें बक्सर जिले के नावानगर स्थित बियाडा भी शामिल था। केंद्र सरकार के वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय ने नावानगर के बियाडा भूखंड का निरीक्षण कर इसे एसईजेड के लिए उपायुक्त माना था। इस क्षेत्र के लोगों ने बिहार सरकार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा तथा केंद्रीय मंत्री वाणिज्य तथा उद्योग विभाग पीयूष गोयल का आभार जताया है।

सड़क हादसे में बिजली ऑफिस के कैशियर की मौत, दोस्त के साथ सड़क किनारे खड़े थे

निज संवाददाता। आरा

आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के पीरो बाजार स्थित मॉल के समीप बुधवार को बेलगाम ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़े बिजली विभाग के कैशियर, रिटायर्ड प्रोफेसर और दो सगे भाई-बहन समेत चार लोगों को रौंद दिया। हादसे में बिजली विभाग के कैशियर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि रिटायर प्रोफेसर और सगे भाई-बहन तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। रिटायर्ड प्रोफेसर को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी सगे भाई-बहन का इलाज पीरो रेफरल अस्पताल में कराया जा रहा है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया। मृतक रोहतास जिला के नासरीगंज थाना क्षेत्र के तरांव गांव निवासी अवध बिहारी राय के 57 वर्षीय पुत्र उपेंद्र राय है। वह वर्तमान में पीरो बस स्टैंड के पास किराए का मकान लेकर रहते थे। वह बिजली विभाग के एकाउंट विभाग में कैशियर के पद पर थे। पीरो प्रखंड के बिजली ऑफिस में कार्यरत थे।

संस्कृत विभाग से रिटायर्ड हुए थेः घायलों में राजपुर थाना क्षेत्र के बिशेनी कला गांव निवासी स्व. राम जी तिवारी के 75 वर्षीय पुत्र व रिटायर्ड प्रोफेसर सिद्धनाथ तिवारी, हीरो थाना क्षेत्र के निवासी सगे भाई-बहन शामिल हैं। जख्मी सिद्धनाथ तिवारी पीरो प्रखंड के बेचरी कॉलेज से संस्कृत विभाग से प्रोफेसर के पद से रिटायर्ड हुए थे।

सब्जी खरीदने गए थेः इधर, मृतक के बेटे मनीष कुमार राय ने बताया कि बुधवार की सुबह घर से अपने ऑफिस के लिए निकले थे। ड्यूटी खत्म करने के बाद वे अपने साथी रिटायर्ड प्रोफेसर के साथ सब्जी खरीदने के लिए पीरो बाजार स्थित मॉल के पास गए थे। वहां पर वे दोनों व सगे भाई-बहन सड़क किनारे खड़े थे। तभी विपरीत दिशा से आ रही बेलगाम ट्रैक्टर ने चारों को रौंद दिया। जिसमें पिता उपेंद्र राय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उनके साथ सिद्धनाथ तिवारी और भाई-बहन गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक के परिवार में पत्नी संगीता देवी व तीन पुत्र अनीश कुमार राय, मनीष कुमार राय, रजनीश कुमार राय और एक बेटी प्रियंका कुमारी है।

BSAP जवान 4 दिन से लापता, निकला था बाजार, थर्मल पावर प्लांट में थी तैनाती, मां ने अपहरण की कराई FIR

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के चौसा थर्मल पावर प्लांट में तैनात BSAP (बिहार स्पेशल आर्म्ड पुलिस) जवान चार दिन से लापता है। जवान सारण के गरखा थाना क्षेत्र मोतीराजपुर गांव निवासी सलाउद्दीन अंसारी का बेटा अल्ताफ आलम है। जवान की मां ने मुफस्सिल थाना में बेटे के अपहरण की आशंका जताते हुए FIR दर्ज कराई है। पुलिस जवान की खोजबीन में लग गई है। अल्ताफ आलम (25) की मां जलिमा खातून ने FIR में कहा है कि '26 अगस्त की रात 8 बजे हाल जानने के लिए उसके मोबाइल पर कॉल किया था तो नबर बंद बता रहा था। जब उसके साथ काम करने वाले जवान के नंबर पर फोन किया तो उसने बताया सोमवार सुबह 5 बजे से दिन के 11 बजे तक ड्यूटी की। शाम 4 बजे वो बैरक से निकलकर बाजार गया था। इसके बाद वह वापस बैरक में नहीं लौटा।'

पुलिस जल्द मामले का खुलासा कर लेगीः मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि 'बीते 26 अगस्त से चौसा पावर प्लांट में तैनात BSAP जवान के मिसिंग का एक मामला आया है। जिसमें पुलिस तकनीकी अनुसंधान के आधार पर लापता जवान की खोजबीन कर रही है। पुलिस बहुत जल्द पूरे मामले का खुलासा कर लेगी।

भाई ने कहा था किसी लड़की के लिए परेशान रहता थाः बैरक में साथ में रहने वाले दोस्त अमीर सुहैल ने कहा कि अल्ताफ का एक भाई साऊदी में रहता है। उसने फोन से बैग चेक करने को कहा था। तलाशी ली तो अल्ताफ का मोबाइल मिला और दवा भी मिली। जवान के भाई ने बताया था कि अल्ताफ की शादी नहीं हुई है। वह किसी लड़की को लेकर परेशान रहता था। हालांकि जिस लड़की का जिक्र भाई ने किया वह अपने घर पर ही है। इसकी जानकारी भी अफताब आलम के भाई ने फोन से दी। अमीर सुहैल ने कहा कि 26 अगस्त को अल्ताफ घर से लौट कर आया था। वो जैसे पहले रहता था वैसे ही अभी भी नॉर्मल था। हमलोग के साथ चिकन खाया उसके बाद बजार में चाय पीने के बाद हमलोग बाल बनवाले लगे। दो मिनट में आता हूं कहकर गायब हो गया। उसके बाद उसकी काफी खोजबीन की गई। हमलोग बैरक से वापस हो गए।

तीन दिन की छुट्टी ली थी, 42 दिन बाद आयाः बैरक के अधिकारी दारोगा शुक्ला और मोइनीदिन अंसारी ने कहा कि 9 जुलाई को सिपाही मो. अल्ताफ आलम इग्नु परीक्षा के नाम पर तीन दिन की छुट्टी लेकर गया था, लेकिन वापस 42 दिन अपने मन से घर पर रहकर 23 अगस्त को आया था। 24, 25 और 26 को ड्यूटी की। उसके बाद वह बजार अपने साथियों के साथ गया, लेकिन फिर वापस नहीं आया। काफी खोजबीन के बाद इसकी सूचना परिजनों के साथ उच्चाधिकारियों को दी गई।

भोजपुर में ट्रेन से कटकर शख्स की मौत, आरा आया था काम करने

निज संवाददाता। आरा

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के पश्चिम साइड स्थित ओवरब्रिज के नीचे अप लाइन पर बुधवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव वार्ड नंबर एक निवासी विष्णु दयाल राम का बेटा कार्तिक मुसहर(22) है। वह पेशे से मजदूर था। इधर, मृतक के भाई विनोद ने बताया कि सोमवार की सुबह वह सवारी गाड़ी से आरा रेलवे स्टेशन उतरा। वहां से वह सासाराम रेलवे ट्रैक होते हुए जगदेव नगर मजदूरी करने जा रहा था। वह कान से भी बहरा था। उसी दौरान वह पीछे से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद उसके साथ जा रहे उसके साथी द्वारा इसकी सूचना उसके परिजन को दी गई। वहीं, स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी गई। इसके बाद सूचना पाकर आरा रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव रेल थाना ले आई। उधर, सूचना पाकर परिजन आरा रेल थाना पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया गया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई और एक बहन में छोटा था। उसके परिवार में मां पार्वती देवी, पत्नी उषा देवी, 1 बेटा मोल और 1 बेटी गोलकी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

जेलर के आदेश पर होती है भगवान वामन की पूजा, केंद्रीय जेल परिसर में मंदिर

दूर-दूर से पूजा के लिए आते हैं लोग; 15 सितंबर को रथ यात्रा

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर शहर के केंद्रीय जेल परिसर में भगवान वामन का मंदिर स्थापित है। मंदिर में पूजा दर्शन के लिए लोग दूर-दूर से लोग पहुंचते है। भगवान वामन के मंदिर में पूजा सेंट्रल जेल के जेलर के आदेश पर होती है। जिसको लेकर मंदिर परिसर में जगह-जगह नोटिस भी चिपकाया गया है। जेलर के आदेश पर पूजा दर्शन इसलिए किया जाता है क्योंकि मंदिर जेल परिसर में होने के कारण मंदिर का खुलने और बंद होने का समय निर्धारित किया गया है। मंदिर के गेट खुलने का समय सुबह 5 बजे से 11 बजे और शाम में 3 बजे से आरती होने के समय तक है।

सेंट्रल जेल से मुक्ति के लिए चल रही लड़ाईः सेंट्रल जेल से मुक्ति को लेकर वामन चेतना मंच लड़ाई लड़ रहा है। लड़ाई चेतना मंच के सदस्य प्रमोद चौबे ने बताया कि भगवान विष्णु के 10 अवतारों में से एक बटुक वामन का अवतार बक्सर के सिद्धाश्रम में हुआ था, जो आज केंद्रीय कारागर परिसर में मौजूद है। उन्होंने बताया कि पूरे विश्व में यदि भगवान वामन का कहीं मन्दिर है तो वह बक्सर में है। उन्होंने बताया कि यह मंदिर बेहद पुराना है। यहां आस-पास में 250 वर्ष पुराना वृक्ष भी है। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी हुकूमत के दौरान हीं यहां सेंट्रल जेल बना था, तो मंदिर का परिसर भी इसके अंदर चला गया। हालांकि, भगवान वामन के मन्दिर को जेल परिसर से मुक्त कराने के लिए कई सालों से वामन चेतना मंच लड़ाई लड़ रहा है, लेकिन अबतक इसे मुक्त नहीं किया जा सका है। जिससे श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती है।

द्वादशी पर लगता है भव्य मेलाः वामन द्वादशी पर सेंट्रल जेल के आसपास भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। विभिन्न प्रकार के झूलों के साथ तरह-तरह की दुकानें सजाई जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार वामन द्वादशी के दिन ही भगवान वामन ने अवतार लिया था। इस मौके पर तीन साल से वामन चेतना मंच द्वारा वामन भगवान की रथ यात्रा भी निकाली जाती है। रथ यात्रा बक्सर रामेश्वर नाथ मंदिर से शुरू होकर पूरे शहर का भ्रमण करते हुए सेंट्रल जेल परिसर में पहुंचती है। इस दिन लाखों की संख्या की भीड़ गंगा स्नान के बाद दर्शन पूजन के लिए आती है। विधि व्यवस्था बनाने में जिला प्रशासन के अधिकारियों को पसीने छूट जाते हैं।

इस बार वामन द्वादशी 15 सितंबर को है। जिसको लेकर वामन चेतना मंच द्वारा मेले का आयोजन और रथ यात्रा को लेकर जोर शोर से तैयारी चल रही है। हर साल की तरह इस साल भी रथ यात्रा निकाली जाएगी। मेले का भी आयोजन होगा। जिसको लेकर मंदिर प्रबंध समिति तैयारियां में जुटी हुई है।

बक्सर जिला मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूरी पर मंदिरः भगवान विष्णु के सभी अवतारों में पाचवां अवतार पहली बार शरीर धारी स्वरूप माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार दैत्यराज बलि के आतंक को खत्म करने के लिए श्री नारायण ने चरित्रवन स्थित आश्रम में ब्राह्मण दंपति के कोख से जन्म लिया था। इसके बाद इस जगह का नाम वामनाश्रम पड़ गया। कद-काठी में ठिगना यानि छोटा होने के कारण ब्राह्मण बालक का नाम वामन पड़ा। जिन्होंने अपनी बुद्धि और कौशल के बल से असुर राज बलि को साम्राज्य विहीन कर देवराज इंद्र को फिर से गद्दी दिलाई थी। फिलहाल जिस जगह को इनके अवतरण का स्थान माना जाता है। वह केंद्रीय जल परिसर है। जहां उनका मंदिर स्थापित है। यह मंदिर बक्सर जिला मुख्यालय से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

टेंट संचालक ने घर में घुसकर महिला से किया रेप

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर पीड़ित महिला ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। वहीं आवेदन मिलने के बाद पुलिस एफएसएल टीम को बुलाकर जांच में जुटी हुई है। वहीं घटना के बाद आरोपी फरार चल रहा है। घटना अंतर्गत धरहरा थाना क्षेत्र की है। धरहरा थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात घर में सोई हुई 40 वर्षीय महिला के साथ टेंट संचालक ने रेप किया। फरार हो गया। आरोपी टेंट संचालक पुष्कर कुमार है। बताया जाता है कि पीड़ित महिला के पड़ोस में श्राद्ध कर्म का भोज चल रहा था। भोज कार्यक्रम में टेंट संचालक आया था। कार्यक्रम खत्म होने के बाद देर रात टेंट संचालक ने महिला के घर में घुस कर दुष्कर्म किया।

संक्षिप्त समाचार

जेसीबी की चपेट में आने से राजीव गांधी की प्रतिमा हुई क्षतिग्रस्त, प्राथमिकी दर्ज

मुंगेर। कासिम बाजार थाना क्षेत्र के कोणार्क मोड़ के पर वर्षों से स्थापित राजीव गांधी की प्रतिमा एक अज्ञात जेसीबी चालक की लापरवाही के कारण टूटकर नीचे गिर गया। घटना के बाद जेसीबी चालक जेसीबी को लेकर भागने में सफल रहा। वहीं जब राजीव गांधी की प्रतिमा टूटने की खबर आसपास के लोगों को लगी तभी कोणार्क मोड़ पर लोगों की काफी भीड़ जुट गई। जिसके बाद प्रशासन मौके पर पहुंची और मौजूद लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। इधर इस घटना के बाद नाराज लोगों ने आरोपी जेसीबी चालक पर कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं दूसरी ओर इस मामले में को लेकर मुंगेर कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष ई. रोहित मणि भूषण ने कासिम बाजार थाना में आवेदन देकर अज्ञात जेसीबी चालक पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए केस दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया है। आवेदन के आधार पर पुलिस केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपी जेसीबी चालक की पता लगाने में लगी हुई है।

मुंगेर नगर आयुक्त निखिल धनराज का हुआ तबादला

मुंगेर। मुंगेर नगर आयुक्त निखिल धनराज के तबादला का आदेश बुधवार को जारी कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग पटना ने अधिसूचना जारी कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2018 बैच के सभी 9 आईएएस का हस्तांतरण सचिवालय पटना में कर दिया गया है। फिलहाल सभी पदाधिकारी सचिवालय में योगदान करेंगे और अगले आदेश तक पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहेंगे। मालूम हो कि जब मुंगेर शहर में सफाई कर्मियों का लंबी हड़ताल जारी था। उस वक्त मुंगेर शहर पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया था। उस समय नगर आयुक्त निखिल धनराज का पदस्थापन नगर निगम में हुआ था। नगर आयुक्त का पद ग्रहण करते ही सभी पक्षों से बातचीत कर सफाई कर्मी के हड़ताल को समाप्त कराया था। बाद में अपने 27 महीने के कार्यकाल में नगर आयुक्त ने चरमरायी सफाई -व्यवस्था को ठीक कराने के अलावा शहर को सजाने व संवारने का अनेक कार्य किए। जिसके लिए उन्हें याद किया जाएगा।

नए रैक के दोनों तरफ ड्राइविंग मोटर कोच लगे होंगे, हर रैक में 6-8 बोगी

भागलपुर। भागलपुर और जमालपुर होकर चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों से पुराने पारंपरिक इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) रैक हटाए जाएंगे। दीपावली के बाद इसकी शुरुआत हो जाएगी। उन पुराने रैक की जगह नए रैक लगाए जाएंगे, जिसके लगने से ट्रेन तुरंत रफ्तार पकड़ लेगी। अभी स्टार्ट होने पर धीमी गति से रफ्तार पकड़ती है। लेकिन नए रैक लगने से तुरंत रफ्तार पकड़ेगी, जिससे यात्रियों का 10 से 40 मिनट तक का समय बचेगा। रेलवे ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने के साथ गति और सुरक्षा पर काम कर रहा है। इसके साथ ही नए रैक के आने से भागलपुर से वापस साहिबगंज या हंसडीहा रेलमार्ग पर जाने के लिए इंजन को बदलना नहीं पड़ेगा। नए रैक के दोनों तरफ ड्राइविंग मोटर कोच (डीएमसी) लगे होंगे। नए रैक 6-8 बोगियों वाले होंगे। रेलवे के पदाधिकारियों के मुताबिक, नए रैक से ट्रेनों की स्पीड बढ़ने के साथ सुरक्षा भी पुख्ता होगी। ट्रेन स्टेशन से खुलते ही स्पीड पकड़ लेगी। नए रैक की खास बात ये है कि मौजूदा रैक की अपेक्षा ये प्रति 100 किमी में 10 मिनट का समय बचाते हैं। रेलवे से नए रैक आने लग गये हैं। इसे जल्द ही यात्रियों की सुविधा के लिए इस्तेमाल में लाया जाएगा।

23 सौ मरीज मायागंज अस्पताल के ओपीडी में इलाज कराने पहुंचे, हंगामा

भागलपुर। मायागंज अस्पताल के ओपीडी में बुधवार को 23 सौ मरीजों का रजिस्ट्रेशन हुआ। इस दौरान इतनी अधिक भीड़ दिखी कि लोग आराम से खड़े तक नहीं हो पा रहे थे। सुबह काउंटर खुलते ही मरीज के परिजन कतार में लगने लगे। दस बजे तक रजिस्ट्रेशन काउंटर के सामने इतनी भीड़ हो गयी कि आपस में ही धक्का-मुक्की होने लगी। वहां मौजूद सुरक्षा गार्ड भी इस दौरान परेशान रहे, बार-बार समझाने के बाद भी परिजन मानने को तैयार नहीं थे। वहीं बुधवार को हड्डी विभाग के सामने पीएमआर विभाग में छोटे बच्चों के जन्मजात हाथ-पांव टेढ़े होने पर प्लास्टर किया जाता है। यहां भी इतनी भीड़ हो गयी कि बच्चे ठीक से खड़े नहीं हो पा रहे थे। इससे बच्चों के साथ परिजन भी परेशान रहे। पहले हम, पहले हम के चलते प्लास्टर कराने वालों बच्चों के परिजन आपस में ही विवाद हर बुधवार को करने लगते हैं। इससे भी परेशानी होती है। जिससे यहां भी कई बार विवाद हुआ। दरअसल भागलपुर समेत आसपास के जिलों में किशनगंज व अररिया तक से बच्चे इलाज कराने आते हैं।

होल्डिंग टैक्स बढ़ोतरी के खिलाफ चेंबर जाएगा हाईकोर्ट

भागलपुर। पूर्वी बिहार चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की मासिक बैठक बुधवार को हुई। अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष श्रवण कुमार बाजोरिया ने की। बैठक में चेंबर से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श के क्रम में सदस्यों के बीच नगर निगम ने होल्डिंग टैक्स में बढ़ोतरी पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से शहरवासियों के हित में होल्डिंग टैक्स बढ़ोतरी के खिलाफ चेंबर द्वारा हाई कोर्ट में पीआईएल दाखिल करने का निर्णय लिया गया। चेंबर पीआरओ दीपक शर्मा ने दुर्गा पूजा को लेकर पिछले वर्ष बिजली विभाग से हुई बातचीत को दोहराते हुए बैठक में बताया कि बिजली विभाग के पदाधिकारी के साथ हुई बैठक में उनके द्वारा चेंबर को यह आश्वासन दिया गया था कि कुछ माह में शहर के विसर्जन मार्ग पर सड़क के दोनों किनारे बिजली के ऊंचे पोल लगाकर कवर्ड वायर से विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी, जिससे विसर्जन मार्ग से गुजरने वाली प्रतिमाओं को लेकर शहर वासियों को बिजली से संबंधित कोई परेशानियां नहीं होगी। इस पर आज तक कितना काम हुआ है। महासचिव सीए पुनीत चौधरी ने शहर में स्थित टाउन हॉल के किराए को लेकर भी चर्चा की, जिसमें उन्होंने सदस्यों को यह जानकारी दी कि टाउन हॉल के किराया से संबंधित पत्र नगर आयुक्त एवं महापौर को निर्गत किया गया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए टाउन हॉल के बड़े हुए किराए 104000 के अलावे बिजली बिल को घटकर पुराना किराया दार 25000 रुपया एवं बिजली बिल को ही लागू किया गया। इस बात पर बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नगर आयुक्त एवं महापौर का आभार व्यक्त किया।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Road Construction Department,
Road Division, Daltonganj.

e-Procurement Short Tender Notice
(3rd call)
e-Tender Ref No- 4/ RCD/Daltonganj/2024-25/ 799
Dated:- 28.08.2024

1.	Name of Work	**Construction of ROB at EP No.-291/27, 291/28 between Daltonganj to rajhara railway near Bajrha village at Palamau in the state of Jharkhand under Central Road Fund for the year 2022-23. Job No. (CRF-JHR-2022-23-65)**
2.	Estimated Cost	**Rs. 67,02,64,579.59 (Rupees Sixty Seven Crore Two Lacs Sixty Four Thousand Five Hundred Seventy Nine Rupees and Fifty Nine Paise) Only.**
3.	Bid Security (Amount)	**Rs. 67,03,000.00 (Rupees Sixty Seven Lac Three Thousand) Only.**
4.	Time of Completion	**18 Months**
5.	Date of Publication of Tender on Website	**02.09.2024, 10:30 AM**
6.	Last Date/Time of Online Bid Submission	**18.09.2024, 12:00 Noon**
7.	Date and Time of Bid opening	**20.09.2024, 12:30 PM**
8.	Pre Bid Meeting Date & Time	**09.09.2024, 15:00 PM**
9.	Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address	**Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in**
10.	Name & address of officer Inviting tender	**Executive Engineer, R.C.D, Road Division, Daltonganj.**06562–225019
11.	E-mail Id	**eercdmedini-jhr@nic.in**
12.	Helpline number of eProcurement cell	**0651-2401010**

Note : Estimated amount may vary.
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR.NO.334014 Road(24-25):D

Government of Jharkhand
Nagar Panchayat Hussainabad

E-Procurement Notice (SHORT-TERM NOTICE)
NIT No:- UDHD/NPH/06/2024-25

Sr. No.	Particulars	Details
1	Name of Work	Development of Shivpuri Park Under Nagar Panchayat, Hussainabad
2	Estimated Cost (INR)	₹ 1,17,00,598.00
3	Bid Security (INR)	₹2,34,100.00
4	Cost of Bid Document (INR)	₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable
5	Time of Completion	180 Days
6	Date of e-publication of tender	27-08-2024
7	Document downloading start Date	27-08-2024
11	Bid submission end date	18-09-2024
12	Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document	18-09-2024
13	Bid opening date (online	20-09-2024
14	Mode of Submission of Bids	e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in)
15	Name &Address of office Inviting Tender	Executive Officer, Nagar Panchayat Hussainabad
16	Helpline Number	9798635093,8809996292,8580180458

नोट :–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयॉ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर पंचायत कार्यालय, हुसैनाबाद के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 334053 District (24-25)_D

Office of The Civil Surgeon –Cum-Chief Medical Officer, Garhwa
Email ID- cs.garhwa@gmail.com,

Short e-Tender Notice
(E-Procurement Notice)
Tender No. :- CS/GRH/……../24-25 Date: 24/08/2024

Civil Surgeon, Garhwa, Jharkhand Invites e-Tender from eligible bidders for entering into rate contract for supply of Medicine, Materials, Machinery and Consumables. Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website http://jharkhand tenders.gov.in and bid should be submitted through e-procurement systems only. Hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the department on and before declared due date. Tender fee & Ernest money deposit (EMD) separately to the concerned office.

Sl.No.	Particulars	Details
1	Name of the work	Rate Contract for Supply of Medicine Materials, Machinery and Consumables.
2	Date of Publication of the Tender on Website	25/08/2024
3	Pre-Bid Conference Last date of receipt of pre bid queries (if any) from intended bidders.	27.08.2024 latest by 3.00 P.M. The bidders may visit the department concerned and submit their queries / Suggestions to the Civil Surgeon Cum CMO, Garhwa for which the intended bidders want any amendment or alteration in the tender terms of specifications.
4	Date & Time Online submission of BID	29.08.2024 to 14.09.2024
5	Bid submission closing date	14.09.2024 by 5.00PM
6	Bid Opening date	16/09/2024 by 03.00PM
7	Opening date online Financial proposal	After completion of Technical BID
8	Tender Document Fee (Non-refundable)	**5000/- (Five Thousand Only)** Non-Refundable in the form of crossed demand draft in favour of **"ASAINIK SALYA CIKITSAK, Garhwa",** Payable at Garhwa Should be deposited before Submitting tender Document at DHS Garhwa.
9	Earnest Money Deposit (EMD)	Rs. 2,00,000/- (Rs. Two Lakh only) in the form of crossed demand draft in favour of **"ASAINIK SALYA CIKITSAK, Garhwa""**, Payble at Garhwa Should be deposited before Submitting tender Document at DHS Garhwa.
10	Contact No. of Procurement Cell	9934725715

Note : The specified dates and time may change due declaration of holidays or any other unforeseen circumstance. The same shall be informed through web-portal as and when required.

Civil Surgeon-Cum-
Chief Medical Officer, Garhwa.

PR.NO.333929 Health Med Edu and Family Welfare(24-25):D

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

(GeM Portal से व्हीलचेयर क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा)

वित्तीय वर्ष 2024–25 में अन्य क्षेत्रीय उपयोजनान्तर्गत तथा अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजनान्तर्गत प्राप्त आवंटन से पलामू जिला के दिव्यांगों के लिए विधानसभा आम चुनाव, 2024 के मद्देनजर व्हीलचेयर मुहैया कराने हेतु व्हीलचेयर का क्रय GeM Portal के माध्यम से कराने हेतु निविदा दिनांक 07.09.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा GeM Portal पर Upload करना अनिवार्य होगा। अन्य माध्यम से प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। GeM Portal से प्राप्त निविदा दिनांक 12.09.2024 को अपराह्न 03:30 बजे जिला स्तरीय क्रय/निविदा समिति के सदस्यों के समक्ष पलामू समाहरणालय ब्लॉक–A सभागार में खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि व्हीलचेयर के नमूने के साथ भाग लेंगे।

निविदा की शेष शर्ते जिले के वेबसाईट–www.palamu.nic.in एवं जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR.NO.334113 Palamu(24-25):D

कार्यालयः- नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर
Emai-npsbnagar@gmail.com

आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्रान्तर्गत वैसे सभी व्यपारियों/धृतीधारीकों, जिनके द्वारा भी बिजली के पोल, दिवार, पेड–पौधों, सड़क के किनारे होर्डिंग्स लगाया गया है, दिवार लेखन का कार्य किया गया हो या पोस्टर चिपकाया गया हो उसे 03(तीन) दिनों के अन्दर अपने आप से हटा ले एवं निर्धारित स्थान पर शुल्क जमा कर होर्डिंग्स लगवायें। अन्यथा उनसे झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 600 के तहत भारी जुर्माना वसुल किया जायेगा, तथा आपके विरूद्ध कार्रवाई प्रारंभ करने हेतु नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर बाध्य होगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होगें।

नोटः– होर्डिंग्स लगवाने के लिए संपर्क करे श्री हिरा प्रसाद, मो0 नं0– 9304542945

प्रशासक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।

PR.NO.333986 Urban Development(24-25):D

कार्यालय–असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा
Mail ID: cs.garhwa@gmail.com

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि समाचार–पत्र में प्रकाशित PR No.-333707 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D) को विलोपित किया जाता है।

इस कार्यालय द्वारा आउटसोर्सिंग एजेंसी (नर्सिंग एवं पारा मेडिकल) का चयन हेतु प्रकाशित निविदा PR No.-333032 Health Med Edu and Family Welfare (24-25 D) यथावत है। निर्धारित अवधि तक प्राप्त निविदा का तकनीकी भाग का निस्तारण दिनांक–06.09.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा के सभागार में क्रय समिति के द्वारा किया जाएगा। निविदादाता स्वंय या अधिकृत व्यक्ति निविदा का तकनीकी भाग का निस्तारण के समय उपस्थित हो सकते है।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 333997 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D

कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 06/2024-25

विज्ञापन दाता का नाम	:–	जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि	:–	दिनांक– 02.09.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि	:–	दिनांक– 02.09.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक– 10.09.2024 (अपराह्न 2:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:–	दिनांक– 11.09.2024 (अपराह्न 03:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान	:–	कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी	:–	

क्र0	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0
1	सदर मेदिनीनगर	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जमुने का निर्माण।	142.75	2.855	10000.00	12 माह	DE/ZP/PALAMU-06/2024-25/GR-1

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में द्वितीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बड़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते **www.palamu.nic.in** एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए **Website- www.jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 334126 District(24-25).D

कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गढ़वा
(मनरेगा, कोषांग)

(निविदा आमंत्रण सूचना)

महात्मा गाँधी राष्ट्रीय गामीण रोजगार गारन्टी अधिनियम (MGNREGA) अन्तर्गत, गढ़वा जिला में जॉबकार्ड एवं मापी–पुस्त का मुद्रण हेतु इच्छुक निबंधित मुद्रकों से मुहरबंद निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) आमंत्रित की जाती है। छपाई हेतु नमूना जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गढ़वा के कार्यालय से कार्यालय अवधि में अवलोकन किया जा सकता है।

क्रम	सामग्री का नाम	विशिष्टता
1	2	3
1	जॉबकार्ड	80 GSM white paper with Multi-colour Front cover of 300 GSM (24 cm X 18 cm size)
2	मापी–पुस्त	50 Sheet, White paper 80 GSM (6"x4")

निविदा हेतु शर्त :–
1 संस्था के पास तीन वर्षो का आयकर रिर्टन की प्रति एवं वाणिज्य कर से संबंधित अद्यतन स्वच्छता प्रमाण–पत्र उपलब्ध होना चाहिए।
2 संस्था को मुद्रण के क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव हो।
3 जॉबकार्ड एवं मापी–पुस्त पर झारखण्ड सरकार का नया लोगो का होना अनिवार्य होगा।
4 निविदा दिनांक 15.09.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक स्वीकार किया जायेगा, एवं दिनांक 15.09.2024 को 03:00 बजे अपराह्न में क्रय समिति के सदस्यों एवं निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा।
5 निविदादाताओं को अग्रधन के रूप में 25,000.00 (पचीस हजार) रू0 का बैंक ड्राफ्ट उपायुक्त, गढ़वा के नाम से जमा करना होगा।
6 मुद्रण दर का उल्लेख सभी कर (जी.एस.टी. एवं अन्य कर) सहित करने होंगे।
7 आदेश निर्गत हाने के 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर सामग्रियों की आपूर्ति जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गढ़वा के कार्यालय में करना होगा जिसके लिये अन्य कोई परिवहन भता देय नहीं होगा।
8 बिना कारण बताये निविदा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
9 मुद्रण कार्य में हुए किसी भी प्रकार की गड़बड़ी के लिए मुद्रणकर्ता स्वंय जिम्मेवार होंगे तथा ऐसी स्थिति में किसी प्रकार का कोई भुगतान देय नहीं होगा।
10 अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी एक या सभी निविदाओं को रदद् करने अथवा कार्य को एक या एक से अधिक निविदादाताओं के बीच वितरण करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। जिसके लिए कारण दर्शाना अनिवार्य नहीं होगा।
11 निविदा निस्तारण के समय जॉबकार्ड एवं मापी–पुस्त का नमुना साथ लायेंगें।
12 निविदादाताओं को उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र की अद्यतन स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा।
13 निविदादाताओं को यह शपथ–पत्र देना होगा कि उनका प्रतिष्ठान/एजेन्सी काली सूची में दर्ज नहीं है।
14 स्थानीय निविदाताओं को प्राथमिकता दी जायेगी।

विश्वासभाजन
उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक,गढ़वा

PR 333975 Rural Development(24-25).D

संक्षिप्त समाचार

अजगर ने घोट दिया सपेरे का गला, मौत

जमशेदपुर, एजेंसी। गले में सांप डालकर लोगों से पैसा मांगने वाले की गुरुवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे मानगो डिमना रोड स्थित हीरा होटल के पास मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक हमेशा गले में सांप लेकर आता और ईश्वर का नाम लेकर दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों से पैसा मांगता था लेकिन गुरुवार सुबह सांप ने उसका गला घोट दिया। व्यक्ति के सड़क पर गिरने के बाद सांप इधर उधर भागने लगा था, जिससे स्थानीय स्थानीय लोगों में अफरातफरी मच गई। सूचना पाकर भाजपा नेता विकास सिंह मौके पर पहुंचे और सपेरा बुलाकर सांप को पकड़वाया, जिसे वन विभाग को सौंपा जाएगा। आशंका जताई जा रही है कि गले में लिपटे अजगर द्वारा शरीर को सिकोड़ने से व्यक्ति की गला दबने से मौत हो गई। इधर पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ उसकी शिनाख्त में जुटी है ताकि परिजनों को शव सौंप सके।

सड़क हादसे में दवा लेने जा रहा ग्रामीण जख्मी

गुमला, एजेंसी। गुमला से शहर से सटे करौंदी निवासी 55 वर्षीय किशुन साहू को काली मंदिर के समीप एक बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसके सिर में गंभीर चोट लगी। हादसे के बाद बाइक सवार ने उसे उठाया और इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक पांचदिन पूर्व ही किसी बीमारी को लेकर किशुन सदर अस्पताल में डॉक्टर से दिखाया था, वहीं रात में उसका दवा खत्म हो गया। दवा लेने वह सदर अस्पताल की ओर आ रहा था। इसी दौरान काली मंदिर के समीप पीछे से एक बाइक उसे टक्कर मार दी।

हेमंत सरकार की शव यात्रा निकालने का निर्णय

चाईबासा, एजेंसी। राजनगर प्रखर के डूब क्षेत्रों में लोगों को संगठित कर हेमंत सरकार की शव यात्रा जल्द निकाली जाएगी। उक्त बातें ईचा खरकई बांध विरोधी संघ के सह कोषाध्यक्ष बिरसा गोडसोरा ने कही। उन्होंने कहा कि संघ ईचा डैम रद्द करने के लिए अस्मिता, अस्तित्व और पहचान को संरक्षित करने के लिए ग्रामीणों द्वारा ग्राम सभा किया जाना जरूरी है। जनजागरण और जनांदोलन के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक कर आंदोलन को मजबूत करना है। ईचा खरकई बांध विरोधी संघ कोल्हान द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डाकुवा द्वारा डकारा करने के पश्चात सरायकेला-खरसावां के राजनगर अंचल अंतर्गत मौजा-सरजोमडीह में ग्राम मुंडा साधु पाड़ेया की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई। बैठक में अन्य इन बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर मुंडा साधु पाड़ेया, बिरसा गोडसोरा, सुनील बाड़ा, हरिपति तियू, सुनील तियू, मानी तीयू, नीति तियू, राजा देवगम, रायमानी देवगम, टुनू बोदरा, पूनम बोदरा, हरिचरण कालुंडिया समेत कई लोग थे।

ऑटो चालक महासंघ ने शहर में जाम की समस्या को लेकर करेगा आंदोलन

पलामू, एजेंसी। झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ की बुधवार को मेदिनीनगर के ऑटो स्टैंड में हुई बैठक में शहर में बढ़ती जाम की समस्या पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि निदान के लिए उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। तीन सितंबर तक समस्या का निदान नहीं होने पर चार सितंबर को उपयुक्त कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद भी स्थिति नहीं सुधरी तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। अध्यक्षता करते हुए मजदूर नेता राकेश सिंह ने कहा कि मेदिनीनगर के यातायात प्रभारी एवं यातायात व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों की मनमानी से जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। यातायात व्यवस्था सामान्य रखने के लिए शहर के छहमुहान से कचहरी चौक एवं ओवर ब्रिज पर बड़े वाहनों का आवागमन पर रोका गया था परंतु इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है। नो एंट्री के समय भी बड़े वाहन का आवागमन हो रहा है।

आधे घंटे की मूसलाधार बारिश में रांची में आया जल प्रलय

शहर के कई इलाकों के घरों में घुसा पानी

रांची, एजेंसी। झारखंड की राजधानी रांची में बुधवार दोपहर बाद तीन बजे के आसपास मौसम में तेजी से बदलाव आया। आसमान में काले बादल घिर आए। इसके बाद करीब एक घंटे बारिश हुई, जिसमें 30 मिनट मूसलाधार बारिश हुई। करीब दस मिनट तक बिजली कड़कने के साथ वज्रपात होता रहा। इस कारण शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए। कई जगह तो जल प्रलय जैसी स्थिति रही। सड़क, गली-मुहल्ले और कॉलानियों में पानी भर गया। लोगों का चलना मुश्किल हो गया।

रांची में बुधवार को बारिश के कारण शहर के कई इलाकों के घरों में पानी घुस गया। कई जगह नाली का काला पानी भर गया। बारिश रुकने के बाद पानी को घरों से निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। लोग बदबू से बेहाल रहा। वहीं, सड़कों पर जमा पानी बारिश रुकने के करीब आधे के बाद कम हुआ, जिसके बाद आवागमन सामान्य हुआ।

दूसरी ओर, भारी बारिश के कारण रिम्स के इमरजेंसी रजिस्ट्रेशन काउंटर के अंदर बहुत ही तेजी से पानी अंदर घुस गया, जिससे कर्मियों को काम करने में परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा रिम्स के शिशु रोग विभाग की ओपीडी में दूसरी पाली में पानी भर गया था। बता दें कि रिम्स प्रबंधन के बार-बार काम और रिपेयरिंग के बाद भी इस समस्या से निदान नहीं मिल पा रहा है।

8 मिमी ही हुई बारिश

राजधानी में एक घंटे बारिश हुई, जिसमें 30 मिनट मूसलाधार बारिश हुई। लेकिन, मौसम विभाग केंद्र रांची ने बताया कि 8 मिमी ही बारिश हुई। सच्चाई है कि मौसम विज्ञान तुरंत आंकड़ा हिनू में लगी मशीन के आधार पर बताती है। जबकि, दूसरे दिन प्रखंडों से आंकड़ा ले आकलन कर रिकॉर्ड कुल बारिश की सूचना देती है।

मेघगर्जन-मूसलाधार बारिश से कई मोहल्लों की बिजली गुल

रांची में बुधवार दोपहर में हुई मूसलाधार बारिश और मेघगर्जन से कई मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। बारिश के दौरान सुरक्षात्मक कारणों से बिजली बंद कर दी गई थी, लेकिन जब बारिश बंद हुई तो कई मोहल्लों में लोकल फॉल्ट आ गया। इस कारण दो से चार घंटे कई मोहल्लों में बिजली नहीं रही। देर शाम क्षतिग्रस्त लोकेशन को ट्रेस करने का काम शुरू किया गया।

क्षेत्र की जनता अब बदलाव मांग रही है: एक्का

गुमला, एजेंसी। गुमला जिले के पालकोट प्रखंड में सिमडेगा विधानसभा से झारखंड पार्टी प्रत्याशी आइरीन एक्का, मुख्य सलाहकार अभय विश्वकर्मा और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पालकोट प्रखंड अंतर्गत ढेंगूरपानी, कांशीकोना, कोटराकोना, कुलबीर,दौरी बारी, चिरोडीह गांव का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। उक्त गांवों में ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुये आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड पार्टी को ऐतिहासिक मतों से वोट देकर जीत सुनिश्चित करने का अपील की गई । इस अवसर पर झारखंड पार्टी प्रत्याशी आइरीन एक्का ने कहा कि ढेंगूरपानी गांव के लोगों का दर्द झलक रही है। गांव का विकास करनी है। क्षेत्र की जनता अब बदलाव और परिवर्तन मांग रही है। झारखंड पार्टी पुल-पुलिया,सड़क,बिजली,पानी,सामुदायिक भवन,चबूतरा और युवाओं को रोजगार के साथ गांव-गांव का विकास और उन्नति के सभी कुछ काम करुंगी। हमें सभी समाज को एक बनकर विकास का काम करना है।और यह तभी संभव होगा।जब आप आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड पार्टी का टोकरी छाप में ऐतिहासिक रुप से मतदान कर के आइरीन एक्का का जीत सुनिश्चित करेंगे।आज महिला बहनों का शोषण किया जा रहा है। कोई भी नेता आपका सहयोग के लिये आगे नहीं आयेगा।बेटी लक्ष्मी की रुप होती है।इस कुलबीर गांव के लोगों के समक्ष प्रतिज्ञा करके जा रही हूं।की सड़क और पुल और उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण करा दूंगी।

पिछड़ा वर्ग आयोग ट्रिपल टेस्ट कर रहा है इसके बाद ही निकाय चुनाव संभव

रांची, एजेंसी। झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को राज्य के नगर निकाय चुनाव कराने को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई पूरी हो गई। एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की कोर्ट ने सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि ट्रिपल टेस्ट करने के बाद ही नगर निकाय चुनाव कराना है। राज्य में सभी जिलों में ओबीसी की आबादी का आकलन किया जा रह है।

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग आबादी का आकलन कर रहा है। आयोग सभी जिलों में ओबीसी आबादी का आकलन करके राज्य सरकार को डेटा उपलब्ध कराएगी। इसके आधार पर ही निकायों में वार्डवार ओबीसी आरक्षण दिया जा सकता है। आयोग के सदस्य विभिन्न राज्यों का दौरा करके वहां ओबीसी आरक्षण तय करने की प्रक्रिया की जानकारी ले चुके हैं। इसलिए निकाय चुनाव पूरा कराने के लिए समय दिया जाए। अपर महाधिवक्ता ने अदालत से हाईकोर्ट के एकल पीठ के आदेश को रद्द करने का आग्रह किया।

प्रार्थी रोशनी खलखो की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार जान-बूझकर नगर निकायों का चुनाव टाल रही है। सरकार की मंशा चुनाव कराने की नहीं है। एकल पीठ ने भी चुनाव के संबंध में प्रार्थी के पक्ष में फैसला दिया है। लेकिन सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश की गलत व्याख्या कर रही है।

सरोतिया गांव में मिला मलेरिया का मरीज, लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

महागामा, एजेंसी। महागामा प्रखंड क्षेत्र के सरौतिया गांव में मलेरिया का एक मरीज मिलने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महागामा द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया. इस दौरान शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम मलेरिया कंट्रोल को लेकर मास फीवर सर्वे किया गया. शिविर में एसआइ बृजनयन कुंवर और एलटी अब्दुल मन्नान द्वारा ग्रामीणों को मलेरिया के लक्षण, कारण और बचाव के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया. बताया कि मलेरिया बीमारी मच्छरों द्वारा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलने वाली बीमारी है और ये पूरे गांव में फैल सकता है. पूरे गांव में मलेरिया फैलने से बचाने के लिए स्वास्थ्य टीम द्वारा गांव में कैंप के माध्यम से 110 ग्रामीणों की मलेरिया जांच की. स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों को घर व मुहल्ले के आसपास नाली में पानी जमा नहीं होने देने एवं किसी को भी बुखार होने पर तुरंत सहिया को खबर करने या स्वयं महागामा स्वास्थ्य केंद्र जाकर मलेरिया जांच कराने को लेकर जागरूक किया गया. शिविर में अब्दुल मन्नान हासमी, बृजनयन कुंवर, नौशेहर आलम, हजरत अली, अब्दुल हक, एमपीडब्ल्यू मुकेश कुमार एवं सहिया रेखा कुमारी मौजूद थे.

स्टेशन-एयरपोर्ट आना-जाना बड़ी परेशानी, टैक्सी वाले वसूल रहे दोगुना किराया

रांची, एजेंसी। शहर के 20 किमी की परिधि में चलने का नियम बदल कर 4 जोन को 17 रूट में बांटने के विरोध में लगातार दूसरे दिन भी रांची में ऑटो और ई-रिक्शा का परिचालन पूरी तहर से बंद रहा। चालकों का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को ट्रैफिक एसपी से मिला, लेकिन वार्ता असफल रही। ट्रैफिक एसपी ने प्रतिनिधिमंडल को स्पष्ट कर दिया कि फिलहाल निर्धारित 17 रूट में ही ऑटो व ई-रिक्शा का परिचालन करना होगा।

इसके अलावा ट्रैफिक एसपी ने उनको यह भी स्पष्ट कर दिया है कि बगैर परमिट के एक भी ऑटो या ई-रिक्शा को नहीं चलने दिया जाएगा। यह सुनते ही प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोग ट्रैफिक एसपी के चैंबर से बाहर निकल गए और आगे भी हड़ताल अनिश्चित काल तक जारी रखने का निर्णय लिया। मालूम हो कि सोमवार से ऑटो व ई-रिक्शा चालकों ने परिचालन पूरी तरह से बंद कर रखा है। इससे स्टेशन और एयरपोर्ट जाने या वहां से आने वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। टैक्सी व रैपिडो अन्य दिनों की तुलना में दोगुना किराया वसूल रहे हैं। यात्रियों की भी मजबूरी है, ज्यादा किराया चुका रहे हैं।

स्कूल में चलने वाले ऑटो व ई-रिक्शा भी बंद, पैदल जा रहे स्टूडेंट

शहर के विभिन्न स्कूलों तक विद्यार्थियों को पहुंचाने वाले ऑटो व ई-रिक्शा का भी परिचालन पूरी तरह से बंद है। इनके चालकों को आशंका है कि अगर वे विद्यार्थियों को लेकर सड़क पर निकलते भी हैं तो उनकी गाड़ी में तोड़-फोड़ कर दी जाएगी। ऐसे में बच्चों को 5 किमी. से ज्यादा पैदल ही जाना पड़ रहा है। इससे अभिभावक भी परेशान हैं।

वीवीआईपी मूवमेंट के लिए 20 मिनट तक एंबुलेंस को भी रोका : हरमू रोड में वीवीआईपी मूवमेंट की जानकारी मिलने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने शाम 4:41 बजे न्यू मार्केट चौक पर एक एंबुलेंस को ही रोक दिया। मरीज लेकर जा रहा एंबुलेंस चालक लगातार शायरन बजाता रहा, इसके बावजूद ट्रैफिक पुलिस ने उसे जाने का रास्ता नहीं दिया। हरमू रोड से न्यू मार्केट चौक की ओर वीवीआईपी का काफिला पार हो जाने के बाद सामान्य वाहनों का परिचालन शुरू हुआ। इस दौरान एंबुलेंस 20 मिनट से ज्यादा जाम में फंसी रही।

रिम्स में मारपीट की जांच के लिए बनी कमेटी, 48 घंटे में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश

रांची, एजेंसी। रिम्स स्टेडियम के पास मंगलवार की रात मेडिकल स्टूडेंट व होमगार्ड जवानों के बीच हुई मारपीट की जांच के लिए प्रबंधन ने जांच कमेटी बनायी है. जांच कमेटी को 48 घंटे के अंदर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है. डीन को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है. कमेटी में जेडीए अध्यक्ष को भी शामिल किया गया है. ज्ञात हो कि मामले में मेडिकल स्टूडेंट और होमगार्ड के जवान एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगा रहे हैं. इधर, मारपीट की घटना के विरोध में बुधवार की दोपहर 12 बजे (एक घंटा के लिए) मेडिकल स्टूडेंट ने ओपीडी को बंद करा दिया. इससे पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी जांच भी प्रभावित रही. हालांकि, रिम्स प्रबंधन के आग्रह पर दूसरी पाली में ओपीडी सेवा बहाल हो गयी. जेडीए ने स्पष्ट कहा कि अगर 48 घंटे में महिला होमगार्ड पर कार्रवाई नहीं की जाती है, तो फिर विरोध करेंगे.

मेडिकल स्टूडेंट का कहना है कि स्टेडियम में जवानों द्वारा पार्टी की जा रही थी. इस दौरान हमलोगों को अंदर जाने से रोका गया और मारपीट की गयी. मेडिकल स्टूडेंट की ओर से मारपीट का एक वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें घायल विद्यार्थियों को दिखाया गया है.

इधर, होमगार्ड के जवानों का कहना है कि मेडिकल स्टूडेंट को पार्टी करने से रोकने और आई कार्ड मांगने पर उनलोगों ने मारपीट शुरू कर दी. परिसर में अनधिकृत कामों को रोकने के लिए हमें तैनात किया गया है. हम अपनी ड्यूटी कर रहे थे.

रिम्स प्रबंधन, सिटी एसपी व होमगार्ड के पदाधिकारियों की हुई बैठकरिम्स परिसर में मारपीट की घटना को लेकर बुधवार को रिम्स प्रबंधन, पुलिस और होमगार्ड के पदाधिकारियों के बीच बैठक हुई. इसमें रिम्स के मेडिकल छात्र भी शामिल हुए. इस दौरान मारपीट की घटना जानकारी ली गयी. सिटी एसपी राजकुमार मेहता और निदेशक डॉ राजकुमार ने कहा कि रिम्स एक संवेदनशील जगह है, जहां हमेशा सुरक्षा की आवश्यकता है.

छह सालों में कूड़ा फेंकने का स्थान चिन्हित नहीं कर पायी बरहरवा नगर पंचायत

बरहरवा, एजेंसी। स्वच्छ भारत अभियान एवं नगर पंचायत बरहरवा को स्वच्छ बनाये रखने के लिए प्रत्येक माह लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं. इसके लिए सफाई कर्मचारी, मजदूर, सुपरवाइजर को लगाया गया है. शहर से कूड़ा-कचरा को प्रत्येक दिन सफाई कर्मी उठाकर नगर पंचायत से बाहर तो ले जाते हैं, लेकिन यह कूड़ा- कचरा फेंकने के लिए एक निश्चित स्थान नहीं रहने के कारण एनएच 80 अंतर्गत हाई स्कूल मोड़ के समीप सड़क के किनारे ही फेंक देते हैं. इस कारण बरसात में यह कूड़ा-कचरा सड़ गल रहा है, जिससे काफी दुर्गंध फैल रही है. जिससे आसपास के लोगों को परेशानी हो रही है. साथ ही एनएच से गुजरने वाले राहगीरों को भी परेशानी हो रही है. पिछले 6 वर्षों में नगर पंचायत अब तक कूड़ा कचरा फेंकने के लिए जमीन तक चिन्हित नहीं कर पायी है. कई बार तो कचरे को जला भी दिया जाता है. जिससे निकलने वाला जहरीला धुआ काफी नुकसानदायक होता है. आलम यह है कि बरहरवा हाई स्कूल मोड़ से करीब 500 मीटर की दूरी पर सड़क किनारे कचरा दिखाई पड़ता है और दुर्गंध आता है, जो स्वच्छ भारत अभियान की पोल खोलती है. नगर पंचायत कार्यालय की ओर से कुल 64 सफाई कर्मचारियों को शहर के विभिन्न 14 वार्डों में लगाया गया है. जिसमें एक सफाई कर्मी को प्रत्येक दिन 370 रुपए एवं एक ड्राइवर हेल्पर को 510 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाता है. जिनमें से 44 पुरुष एवं 20 महिला सफाई कर्मी प्रत्येक दिन वार्ड-वार्ड घूम कर कचरा उठाते हैं. इन मजदूरों की मॉनिटरिंग करने के लिए 5 सुपरवाइजर भी कार्यरत हैं. वहीं, कचरा उठाने के लिए नगर में कुल 3 ट्रैक्टर ,01 सक्शन मशीन, 6 छोटा टिपर एवं 14 वार्डों के लिए लगभग 40 हैंड ट्रॉली एवं जगह-जगह डस्टबिन भी लगाए गए हैं. कहते हैं पदाधिकारी नगर पंचायत बरहरवा के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि बरहरवा में सरकारी जमीन नहीं मिल पा रहा है, इसलिए पतना अंचल कार्यालय से भी संपर्क किया गया है. अगर सरकारी जमीन हम लोगों को मिल जाएगा तो वहां पर एसडब्ल्यूएम प्लांट लगाया जाएगा और वहां पर कचरा डीकम्पोज होगा.

झारखंड में पारा शिक्षकों के मानदेय बढ़ोतरी समेत इन फैसलों पर सरकार की हरी झंडी, लंबे समय से चल रहा आंदोलन समाप्त

रांची , एजेंसी। झारखंड के पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापक) के मानदेय में 1000 रुपये की बढ़ोतरी होगी. साथ ही शिक्षकों को इपीएफ का लाभ भी मिलेगा. शिक्षकों के इपीएफ के नियोक्ता मद का अंशदान सरकार देगी. यह निर्णय बुधवार को शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम के साथ पारा शिक्षकों की हुई वार्ता में लिया गया. बैठक के बाद पारा शिक्षकों ने आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया.

बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार, इपीएफ मद में कुल 3900 रुपये की कटौती होगी. इनमें से 1950 रुपये झारखंड सरकार देगी. जबकि शेष 1950 रुपये शिक्षक देंगे. ऐसे में देखा जाये, तो शिक्षकों के मानदेय में कुल 3000 रुपये की बढ़ोतरी होगी. इसमें से 1950 रुपये सरकार इपीएफ मद में देगी व 1000 रुपये शिक्षकों को दिये जायेंगे. ऐसे में कुल 3900 रुपये में से शिक्षकों को फिलहाल मिल रहे मानदेय में से 950 रुपये इपीएफ मद में देना होगा.

बैठक में शिक्षकों के प्रति वर्ष होनेवाले चार फीसदी मानदेय बढ़ोतरी के लिए अब प्रति वर्ष सेवा सत्यापन नहीं करना होगा. वर्तमान प्रावधान के अनुरूप शिक्षकों को प्रति वर्ष सेवा सत्यापन कराना होता है, इसके बाद मानदेय में बढ़ोतरी होती है. केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में सफल शिक्षकों को भी झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा सफल होने के समतुल्य माना जायेगा. इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया जल्द पूरी की जायेगी. बैठक में विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, अमित यादव, राजेश कच्छप, शिक्षा विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के अलावा झारखंड एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के विनोद तिवारी, विनोद बिहारी महतो, संजय दुबे, ऋषिकेश पाठक, प्रद्युमन सिंह, विकास कुमार, शेख सिद्दीकी, भगवत तिवारी, नरोत्तम सिंह मुंडा, सुशील पांडेय शामिल थे.

शिक्षक काफी दिनों से इपीएफ की मांग कर रहे थे, पर शिक्षकों की नियुक्ति ग्राम शिक्षा समिति द्वारा की गयी थी. ऐसे में नियोक्ता के अंशदान को लेकर सहमति नहीं बन पायी थी. अब इपीएफ के लिए शिक्षकों के नियोक्ता का अंशदान सरकार देगी.

पारा शिक्षक के आश्रित को अनुकंपा पर नौकरी देने के के लिए वर्तमान नियमावली में बदलाव किया जायेगा. बैठक में इस बात पर सहमति बनी की अनुबंध पर दी जानेवाली नौकरी में से 30 फीसदी सीट पारा शिक्षकों के आश्रितों के लिए आरक्षित रहेगा. बैठक में पारा शिक्षकों की आकलन परीक्षा को भी झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा के समतुल्य मान्यता देने पर भी भविष्य में विचार करने का आश्वासन दिया गया.

राज्य में वर्तमान में सबसे अधिक 23,400 रुपये मानदेय कक्षा छह से आठ में शिक्षक पात्रता परीक्षा सफल पारा शिक्षक को मिलता है. जबकि कक्षा एक से पांच में 21840 रुपये मानदेय मिलता है. वहीं, आकलन परीक्षा पास कक्षा छह से आठ के शिक्षक को 18,940 व एक से पांच को 17,472 रुपये मिलते हैं. वहीं, अप्रशिक्षित शिक्षक को 10,500 रुपये मानदेय मिलता है. सभी कोटि के शिक्षकों को मानदेय में 1000 रुपये की बढ़ोतरी की गयी है.

मांगों के समर्थन में सीपीएम समर्थकों ने दिया धरना

साहिबगंज, एजेंसी। महंगाई रोकने, पत्थर, बीड़ी और एमजीआर रैक लोडिंग से जुड़े मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी एवं उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ देने सहित सात सूत्री मांगों के समर्थन में सीपीआइएम की ओर से बुधवार को साहिबगंज में समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया. धरना की अध्यक्षता कामरेड केयरफुल इस्लाम ने किया. श्याम सुंदर पोद्दार के नेतव में धरना के बाद एक शिष्टमंडल उपायुक्त की अनुपस्थिति में मांग पत्र जिले के जिला आपूर्ति पदाधिकारी झूनु मिश्रा को समर्पित किया. धरना को संबोधित करते हुए श्याम सुंदर पोद्दार ने कहा कि जिले में बंद पड़े पत्थर उद्योग क्रेशर को शुरू करवाने के लिए जिला प्रशासन से मांग किया. जिला मंत्री असगर आलम ने भी संबोधित करते हुए कहा कि साहिबगंज जिले में किसान खेत मजदूर बीड़ी मजदूर पत्थर मजदूर परिवहन मजदूर सभी का आर्थिक हालत बहुत ही बेहाल है .और सभी मजदूर राज्य से बाहर पलायन कर रहे हैं. जिले में पत्थर उद्योग को स्थापित कर एवं किसान, मजदूर सभी के लिए एक ठोस योजना बनायी जाये. जिससे सारे मजदूरों को उनके गांव में रोजगार मिल सके. धरना कार्यक्रम में आशीष रंजन, कईफूल इस्लाम, शरीफुल इस्लाम, कामरेड माणिक स्वप्न दास, गौतम चौधरी सहित दर्जनों साथी उपस्थित थे. इन्हीं सब मुद्दों को लेकर सीपीआइएम की ओर से 21 से 28 अगस्त तक राजव्यापी कार्यक्रम के तहत सभी जिलों में धरना प्रदर्शन पार्टी की ओर से किया जा रहा है.

विचार-मंथन

संपादकीय

सेल्फी का शौक है जानलेवा

तकनीक के विकास के साथ-साथ लोगों की सोच और व्यवहार में बदलाव आना स्वाभाविक है, लेकिन यह भी महत्त्वपूर्ण है कि इसके नतीजे सकारात्मक हों। यह देखने में आया है कि लोगों के बीच सोशल मीडिया के आभासी जगत में रातों-रात लोकप्रियता पाने की भूख लगातार बढ़ रही है। स्मार्ट फोन के कैमरे से हर थोड़ी देर में सेल्फी लेना और रील (कम अवधि के छोटे वीडियो) बनाकर उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने का शौक किशोरों और युवाओं पर इस कदर हावी हो रहा है कि वे इसके लिए अपनी जिंदगी को भी दांव पर लगा देते हैं। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में सेल्फी लेने के चक्कर में तीन विद्यार्थियों के गंगा के तेज बहाव में बह जाने की घटना बेहद दुखद है। इनमें एक छात्रा और उसके दो दोस्त शामिल थे, जो बिहार के पटना से वहां घूमने गए थे। सेल्फी लेने या रील बनाने के दौरान हादसे में मौत की खबरें आए दिन आती रहती हैं। कई बार इस तरह की हरकतों के दौरान वहां से गुजर रहे अन्य लोगों को भी दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। मगर सोचने की बात यह है कि लोग ऐसी घटनाओं से सबक क्यों नहीं लेते हैं! सोशल मीडिया पर सेल्फी और रील के जरिए चंद लोगों की वाहवाही बटोरने के लिए अपने साथ-साथ अन्य लोगों की जान को खतरे में डालना वास्तव में गंभीर मसला है। अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एम्स) के विद्यार्थियों की ओर से किए गए एक अध्ययन के मुताबिक, सेल्फी लेने के दौरान दुनिया में होने वाली मौतों के मामले में भारत पहले स्थान पर है। किशोरों और युवाओं में बढ़ती जोखिम भरी प्रवृत्ति पर नियंत्रण पाने के लिए उनके अभिभावकों की भूमिका अहम है। परिजनों को अपने बच्चों को यह समझाना होगा कि उनकी जिंदगी परिवार वालों के लिए सेल्फी और सोशल मीडिया से ज्यादा जरूरी है। इसके साथ ही शासन और प्रशासन को भी चाहिए कि ऐसे पर्यटन स्थलों पर व्यापक व स्पष्ट तौर पर चेतावनी चस्पां की जाए, जहां सेल्फी लेना जोखिम भरा हो सकता है। सार्वजनिक स्थलों पर नियमों को ताक पर रखकर सेल्फी लेने और रील बनाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी अमल में लाई जानी चाहिए। वैसे शौक को उचित नहीं कहा जा सकता, जो किशोरों और युवाओं के लिए जानलेवा साबित हो रहा हो।

सेंट्रल बोर्ड के मुकाबले स्टेट बोर्ड की स्थिति ज्यादा चिंताजनक

हर वर्ष दसवीं और बारहवीं कक्षाओं के परिणाम आने के बाद आमतौर पर विश्लेषण का केंद्र होता है कि कितने विद्यार्थियों ने कामयाबी हासिल की, कौन सबसे अव्वल रहा। इसके इर्द-गिर्द होने वाली बातचीत और इससे पैदा होने वाली उम्मीद को स्वाभाविक कहा जा सकता है, क्योंकि सभी अभिभावक यही चाहते हैं कि उनका बच्चा परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो, बल्कि सबसे ज्यादा नंबर लाए। मगर इस बीच जो विद्यार्थी कम अंक ला पाते हैं या फिर किन्हीं वजहों से अपनी कक्षा की परीक्षा में पास होने के लिए निर्धारित अंक हासिल नहीं कर पाते हैं, वे मुख्यधारा की बहसों या विमर्श के दायरे से बाहर होते हैं। जबकि जो बच्चे परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाते हैं या फिर जिन्हें बहुत कम अंक मिलता है, वे भी इसी समाज और शिक्षा व्यवस्था के हिस्से होते हैं और परिणाम में उन्हें मिले अंक यही दर्शाते हैं कि उनकी पढ़ाई में कहीं कमी रह गई। सवाल है कि क्या इसके लिए केवल फेल होने वाला बच्चा जिम्मेदार होता है या फिर उसकी पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके की भी कोई भूमिका होती है! गौरतलब है कि पिछले वर्ष देश भर में दसवीं और बारहवीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षा में पैंसठ लाख से ज्यादा विद्यार्थी फेल हो गए थे। केंद्रीय बोर्ड के मुकाबले राज्य बोर्डों में विफलता की यह दर ज्यादा चिंताजनक थी। यह दुखद तस्वीर खुद शिक्षा मंत्रालय की एक रपट में सामने आई है, जिसके मुताबिक फेल होने वालों में दस लाख ऐसे विद्यार्थी हैं, जो परीक्षा देने गए ही नहीं।यह स्थिति यही बताती है कि अभी बहुत कुछ ऐसा किया जाना बाकी है जो स्कूली शिक्षा के दायरे में आने वाले बच्चों की पढ़ाई-लिखाई को गुणवत्ता आधारित बना सके और नतीजों की तस्वीर बदल सके। छिपा नहीं है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में से ज्यादातर अपेक्षया कमजोर तबके से आते हैं। स्कूलों में गुणवत्ता आधारित शिक्षा सुनिश्चित कराने का काम अभी भी अधूरा है। ऐसे भी बहुत सारे बच्चे हैं, जो अपनी पारिवारिक स्थितियों की वजह से स्कूल नहीं जा पाते या बीच में ही उनकी पढ़ाई छूट जाती है। सवाल है कि देश भर में शिक्षा की इस सूरत की जिम्मेदारी किसकी है!

भाषा और संस्कृति के माध्यम से मेघालय की यात्रा

(डॉ. सुधा कुमारी)

मेघालय, जिसका शाब्दिक अर्थ है- बादलों का निवास, पूर्वोत्तर भारत का एक महत्वपूर्ण राज्य है। इस नाम का कारण यहाँ बहुत अधिक वर्षा का होना माना जा सकता है विश्व में सबसे अधिक वर्षा चेरापूंजी में होती है जो खासी पहाड़ियों में है। यह तीन संस्कृतियों- खासी, गारो और जयंतिया का संगम है। लंबे समय से मिशनरी प्रभाव के कारण मेघालय एक अंग्रेजी-भाषी राज्य है पर मिशनरी प्रभाव के बावजूद इस राज्य ने अपनी संस्कृति नहीं छोड़ी है। यहाँ की राजधानी शिलोंग है जो खासी क्षेत्र में आता है। मेघालय की आधिकारिक भाषा अंग्रेजी है पर यहाँ बहुत सी भाषाएँ और बोलियाँ प्रचलित हैं। खासी और जयंतिया पहाड़ियों में खासी भाषा प्रचलित है और गारो पहाड़ियों में गारो भाषा।

खासी पहाड़ियां और संस्कृति : दक्षिणी मेघालय में पूर्वी खासी पहाड़ियों में स्थित गांव मावलिननॉन्ग 'एशिया का सबसे स्वच्छ गांव' के नाम से प्रसिद्ध है इसलिए यह खबरों में रहा है। यहाँ के निवासी इस गाँव को 'भगवान का अपना गांव' कहते हैं। यह शिलांग से सड़क द्वारा अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। इस गांव के पास पुराने पेड़ों की जड़ों से बने प्राकृतिक पुल (लिविंग रूट ब्रिज) हैं जो समय के साथ मजबूत होते जाते हैं। इन पुलों पर आप खड़े हो सकते हैं। ये प्राकृतिक पुल न केवल प्रकृति का उपहार हैं, बल्कि विश्व का एक आश्चर्य भी हैं। इस गाँव के पास ही प्रसिद्ध डॉकी झील है (इसे उमंगोत नदी भी कहते हैं)। यह भारत की सबसे स्वच्छ झील है। इसका पानी इतना पारदर्शी है कि उसमें चलती नाव हवा में चलती-सी दिखती है। इसके चारों ओर हरियाली, फूल और मनोरम दृश्य हैं। खासी मान्यता के अनुसार, भगवान ने सोलह परिवारों का निर्माण किया जो अपनी इच्छानुसार एक स्वर्ण सीढ़ी के माध्यम से स्वर्ग तक जाते थे और धरती पर उतरते थे। ऐसा ही सिलसिला काफी समय तक चलता रहा। जब सात परिवारों या 'सात झोपड़ियों' ने पृथ्वी पर रहने का फैसला किया तो सोने की सीढ़ी टूट गई।

> *गुर रोडिला (अश्व देवता का त्योहार) गारो के प्रमुख त्योहारों में से एक है। यह दावत, मद्यपान और मौज-मस्ती के साथ अश्व देवता को बलि चढ़ाकर वैभव के प्रदर्शन का अवसर भी होता है। जो नियमित रूप से यज्ञ करता है। यदि कोई परिवार इस प्रथा को बंद कर देता है, तो यह आनेवाले समय में पूरे परिवार पर दुख, बीमारी और अभिशाप लाता है।*

ये सात परिवार तबसे पृथ्वी पर ही रहे और खासी जाति के पूर्वज बने।

खासी भाषा और साहित्य : मेघालय की खासी भाषा कोल, मुंडा और निकोबारी की तरह भारत की एक महत्वपूर्ण ऑस्ट्रो-एशियाटिक भाषा है। लिखित खासी भाषा और साहित्य की उत्पत्ति और विकास खासी और जयंतिया पहाड़ियों में ईसाई मिशनों के इतिहास से जुड़े हैं। 1813-14 में बंगाली लिपि का प्रयोग करते हुए बाइबल का खासी भाषा में अनुवाद किया गया। 1816 के आसपास, 'गोस्पेल ऑफ़ मैथ्यू' के कुछ अनुवादित संस्करण छपे थे। बाद में, वेल्श केल्विनिस्टिक मेथोडिस्ट मिशन ने खासी लोगों के साथ बातचीत शुरू की। थॉमस जोन्स 1841 में चेरापूंजी पहुंचे और शास्त्रों के अनुवाद का काम शुरू किया। उसी वर्ष रोमन लिपि को खासी भाषा में प्रयोग किया गया क्योंकि बंगाली लिपि में खासी भाषा के साथ भगवान की प्रार्थना का उच्चारण लगभग समझ से बाहर था। इसके विपरीत, रोमन लिपि खासी के उच्चारण और ध्वनि प्रणालियों के काफी करीब थी।

खासी बाइबिल : 1891 में का-कोट-बाह (खासी बाइबिल) लिखित खासी भाषा और साहित्य में एक मील का पत्थर बना। यह पुस्तक असंख्य कहानियों, प्रलेखित अभिलेखों, इतिहास गीतों और लेखन के कई अन्य साहित्यिक और गैर-साहित्यिक रूपों का एक खजाना है। इसने मुहावरों, शब्दावली (गढ़े हुए शब्दों की) और मानक खासी की भाषा भी प्रदान की। समाचार पत्र, समाचार पत्र, पाठ्यपुस्तकों, कविता, गद्य और नाटक के माध्यम से लिखित खासी के उपयोग में निरंतर प्रगति हुई और इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात, खासी बाइबिल के उपयोग ने पूरे खासी-जयंतिया पहाड़ियों में और खासी लोगों के बीच साक्षरता और शिक्षा का प्रसार करने में मदद की।

जयंतिया पहाड़ियां और संस्कृति : मेघालय के दक्षिण-पूर्वी भाग में जयंतिया पहाड़ियां स्थित हैं जिनका प्रमुख शहर जोवाई है। यहाँ वार-जयंतिया एक ऑस्ट्रो-एशियाटिक भाषा है और इस भाषा को बोलने वाले लोगों को वार-जयंतिया कहा जाता है। वार-जयंतिया का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार- नोंगक्रेम नृत्य शिलांग से कुछ किलोमीटर की दूरी पर खिरिम सिएमशिप (खिरिम क्षेत्र के राजा) के आधिकारिक निवास स्मिट में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। यह त्योहार पांच दिनों तक चलता है जो पूर्वजों का सम्मान और श्रद्धांजलि अर्पित करने और भगवान का आशीर्वाद मांगने के लिए आयोजित किया जाता है। टाइगर फेस्टिवल (रोंग खिल) वार-जयंतिया पहाड़ियों में किया जाता है। यहाँ के जंगल जंगली जानवरों से भरे हुए हैं और वहां बाघ एक बड़ा खतरा है। रोंग खिल (टाइगर फेस्टिवल) की शुरुआत जंगली जानवरों से आत्मरक्षा के लिए उनके पूर्वजों के बहादुर प्रदर्शन से हुई होगी। स्थानीय कहानी के अनुसार, जंगल में एक पेड़ इतना विशाल हो गया कि उसने प्रकाश को रोकते हुए पृथ्वी को ढक लिया और अँधेरा छा गया। लोगों ने पेड़ काटने का प्रयास किया लेकिन हर रात एक बाघ आता और पेड़ के कटे हुए हिस्से को चाट लेता। काटने का निशान गायब हो जाता और पेड़ फिर से बढ़ जाता। अगली बार लोगों ने पेड़ पर अपनी धारदार कुल्हाड़ियों और चाकुओं को बांध कर छोड़ दिया। बाघ हमेशा की तरह आया और उसने पेड़ को चाटा, लेकिन कुल्हाड़ियों और चाकुओं के तेज धारों ने उसकी जीभ काट दी। पेड़ गिर गया और एक बार फिर से यहाँ प्रकाश दिखाई दिया।

गारो पहाड़ियां और संस्कृति : गारो क्षेत्र पश्चिम मेघालय में पड़ता है। तुरा इसका प्रमुख शहर है। वहां जाने के लिए असम के गोलपारा की ओर से जाया जा सकता है। गारो पहाड़ियों का प्रमुख प्राकृतिक आकर्षण हैं- बादलों में खोयी, घटाओं से बात करती नीली-श्यामल पर्वत चोटियाँ, सुन्दर हरे-भरे दृश्य, रुकने के लिए विश्राम गृह और अत्यंत स्वादिष्ट काजू के खेत। यहाँ तुरा पर्वत चोटी (तुरा पीक) और सिजू की गुफा प्रसिद्ध हैं। पश्चिम गारो पहाड़ियों में गनोलग्रे-सेल्बल्ग्रे-रोंग्राम नदी घाटी के बीच त्रिभुजाकार क्षेत्र पाषाण युग के लोगों के शायद सबसे बड़े आवास और प्रागैतिहासिक स्थल में से एक है। यह स्थल लगभग 16 वर्ग कि.मी. का है और इसकी परिधि में सेल्बल्ग्रे, मिसिमाग्रे, बिब्राग्रे, रेसांग्रे, रोंग्राम, गनोलग्रे, चिब्राग्रे के गांवों के क्षेत्र शामिल हैं।

इंटरनेट सेवा पर पाबंदी लगा देने से नहीं थमेंगे उपद्रव

(हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार)

यह अफसरशाही और पुलिस का नया नजरिया है। वे मानते हैं कि आज के दौर में अशांति की जान जिस तोते में बसती है, उसका नाम है इंटरनेट। इसलिए कहीं भी गड़बड़ी की आहट मिलते ही सबसे पहले वहां इंटरनेट पर पाबंदी लगा दी जाती है। यह मान लिया जाता है कि अगर इंटरनेट नहीं चलेगा, तो अफवाहें भी नहीं फैलेंगी और लोगों के गुस्से को भुनाकर उन्हें एकत्र करने के टूलकिट बेमतलब हो जाएंगे। हमारे पास ऐसा कोई अध्ययन नहीं, जिससे पता चल सके कि प्रशासन का यह तरीका वास्तव में कितना कारगर होता है। फिर भी इसका इस्तेमाल आए दिन होता रहता है। पिछले दिनों महाराष्ट्र के बदलापुर में दो छोटी बच्चियों पर यौन हमले की खबर आई, तो इस छोटे से नगर के लोग भड़क उठे। इससे पहले कि पुलिस हिंसा करने वालों को गिरफ्तार करती, प्रशासन ने सबसे पहले पूरे इलाके की इंटरनेट सेवाएं बंद कर दीं। अभी कुछ ही दिन पहले इंटरनेट बंद करने की ऐसी ही खबर ओडिशा के बालासोर में दंगे की कुछ घटनाओं के बाद भी आई थी। मणिपुर और कश्मीर तो देश के दो ऐसे इलाके हैं, जो कई-कई महीनों के लिए इंटरनेट की मुख्यधारा से कटे रह चुके हैं। पिछले साल मणिपुर में तो लगातार पांच हजार घंटे से भी ज्यादा समय तक के लिए इंटरनेट सेवाएं ठप कर दी गई थीं। इसके अलावा भी देश भर में 2023 में 30 मौकों पर इंटरनेट सेवाओं को बाधित किया गया था। पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय संस्था 10वीपीएन ने जो रिपोर्ट जारी की है, उसमें इंटरनेट सेवाएं ठप करने के मामले में भारत का नंबर पहला था। यह सच है कि इंटरनेट के जरिये बहुत सारी अफवाहें और झूठी खबरें फैलाई जाती हैं। अशांति और दंगों को भड़काने में भी इसकी भूमिका कई बार उजागर हो चुकी है। मगर इंटरनेट ठप करने जैसा कदम कितना प्रभावी होता है, इसकी कोई प्रामाणिक जानकारी हमारे पास नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाने के बाद जब कश्मीर में इंटरनेट सेवाएं बाधित की गई थीं, तो कुछ दिनों में पता चला कि वहां बहुत से लोगों ने इंटरनेट के बिना ब्लूटूथ के जरिये मैसेजिंग के विकल्प निकाल लिए हैं। फिर आज इंटरनेट की पहुंच सिर्फ कंप्यूटर और स्मार्टफोन तक नहीं है। हमारे घरों में ऐसे टेलीविजन बढ़ते जा रहे हैं, जो इंटरनेट से ही सिग्नल ग्रहण करते हैं। इंटरनेट के बंद हो जाने का अर्थ इनका बंद हो जाना भी होता है और जब परंपरागत मीडिया थम जाता है, तो फर्जी खबरों के लिए जमीन तैयार हो जाती है। वैसे इंटरनेट का इस्तेमाल सिर्फ टीवी या मोबाइल तक सीमित नहीं है। ऐसे फ्रिज, वाशिंग मशीन और एयर कंडीशनर भी मिल जाएंगे, जो वाईफाई के जरिये इंटरनेट से जुड़ सकते हैं। अपने यहां तो ट्रेनों के परिचालन में भी बड़े पैमाने पर इंटरनेट का इस्तेमाल होता है, हालांकि इंटरनेट की पाबंदी का इस पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि रेलवे के पास संचार का अपना अलग नेटवर्क है। वैसे, दुनिया भर के बहुत से देशों में इंटरनेट सेवा न होने से जल और विद्युत आपूर्ति तक बाधित हो सकती है। यहां तक कि इससे सड़क परिवहन भी रुक जाएगा। और तो और, सिर्फ इतने से ही शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं भी ठप हो सकती हैं। आठ साल पहले जब दुनिया में बहुत सी चीजें आज की तरह इंटरनेट से नहीं जुड़ी थीं, तब 'ग्लोबल नेटवर्क इनीशिएटिव' नामक संस्था ने एक अध्ययन किया था, जो बताता है कि दुनिया भर में जो बहुत ज्यादा नेट कनेक्टिविटी वाले देश हैं, वहां एक दिन के लिए इंटरनेट सेवा ठप होने का सकल घरेलू उत्पाद, यानी जीडीपी पर 1.9 प्रतिशत तक असर पड़ सकता है। इंटरनेट नागरिक जीवन से भी कहीं ज्यादा हमारी उत्पादन व्यवस्था का आधार बन चुका है। देर सवेर यही भारत में भी होने वाला है। यह मान लिया गया है कि डिजिटल कदमों को उठाते हुए ही हम एक विकसित अर्थव्यवस्था बन सकेंगे। जाहिर है।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5476

			2	4		6		
9								3
1					3		4	5
5	6			7		1		
		4	8		5	9		
		1		6			5	2
6	9		5					1
4								9
		8		9	6			

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5475

4	1	6	9	2	3	5	8	7
5	8	2	4	1	7	6	9	3
3	9	7	6	8	5	4	1	2
7	3	9	1	6	4	2	5	8
1	5	8	3	7	2	9	4	6
6	2	4	8	5	9	7	3	1
9	7	3	2	4	1	8	6	5
2	6	1	5	9	8	3	7	4
8	4	5	7	3	6	1	2	9

वर्ग पहेली 5476

1	2	3			4	■	5
6			■	■	7	8	
	■	■	9	10			
11	12				■		■
13		■		■	14	■	15
■		■	16	17			
18	■	19	■	20		■	
21		■	22				■

संकेत: बाएं से दाएं

1. दादामुनिय के नाम से फिल्म इंडस्ट्री में प्रसिद्ध रहे इस अभिनेता ने 13 अक्टूबर 1911 को जन्म लिया था (6)
6. टेसू को यह भी कहा जाता है (3)
7. श्रद्धापूर्वक बार-बार दोहराना (3)
9. धीमा या शिथिल करना (5)
11. घनिष्ठ मित्र (5)
13. ताप, उष्णता, प्रहार सहने की शक्ति (2)
16. भारत की पहली महिला जो विश्वसुंदरी बनी (1996)(5)
19. यह एक नदी है जो उत्तरी इटली के पूर्व में बहती है (1)
20. रक्तवाहिनी नली, रग (2)
21. विश्व की एकमात्र फिल्म जो एक पात्रीय भूमिका वाली फिल्म थी जिसके निर्माता, निर्देशक अभिनेता सुनील दत्त थे (2)
22. प्राचीन काल से चला हुआ क्रम, परंपरागत (4)

ऊपर से नीचे

1. शाकद्वीप की सात नदियों में से एक, पुराणानुसार महादेव द्वारा सृष्ट एक मानस-पुत्री का नाम (5)
2. आग की लपट, अग्निज्वाला (2)
3. खींचना, फूंक, चाबुक (2)
4. प्रक्षालनकर्मी, प्रक्षालक, मैले वस्त्र साफ करने वाला (3)
5. अस्तित्व प्रदान करना, निर्माण करना (3)
8. गुण-दोष को निश्चय करने के लिए वस्तु की परीक्षा (3)
9. मयदानव की पुत्री जो लंकापति रावण की पटरानी थी (4)
10. हाथ, पतली विष्ठा, बालिश्त (2)
12. अमानत में खयानत, प्रेमचंद की प्रसिद्ध उपन्यास (3)
14. स्वच्छता, निर्मलता, सूक्ष्मता (उर्दू) (4)
15. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी पूर्वी तट पर स्थित इस देश की राजधानी जार्जटाउन थी (3)
17. खींचकर बड़ा या लंबा करना (3)
18. परछाई, प्रतिबिम्ब, सूर्य की पत्नी संज्ञा की अनुचरी (2)

वर्ग पहेली 5475 का हल

बो	ली	वि	या	■	■	का	बा
ध	मा	ल	■	आ	त	शी	■
हो	■	य	ल	गा	र	■	नौ
ना	दा	न	■	■	ह	बी	ब
■	न	■	हों	■	■	या	त
सा	व	न	की	घ	टा	■	■
फा	गु	न	■	रा	ल	■	गु
■	रू	■	या	ना	■	शु	रू

आज का राशिफल

मेष

आज करियर में लाभ और सफलता का दिन है। आपके सोचे गए सभी कार्य पूर्ण होंगे और कारोबार में तरक्की होने के योग हैं। आपको ऑफिस या फिर रिश्तेदारों की ओर से किसी प्रकार का कोई तनाव मिल सकता है। धन के लेनदेन में सावधानी रखें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

वृष

आज दिन शानदार है। कार्ययोजनाएं सफल होंगी और बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है। आर्थिक दिशा में किए प्रयास सफल होंगे। खान-पान पर संयम रखें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। झगड़ा विवाद से बचें। आपके घर में कोई मेहमान आ सकता है। उनकी वजह से खर्च और व्यस्तता दोनों बढ़ सकते हैं। संभलकर रहें।

मिथुन

आज करियर में लाभ का दिन है और आप आगे बढ़ने के लिए जो भी प्रयास कर रहे हैं उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। राजनीतिक सहयोग मिलेगा और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। सेहत के प्रति लापरवाही करना आपको भारी पड़ सकता है। वाणी पर संयम रखें। विरोधी परास्त होंगे।

तुला

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। किसी कार्य के संपन्न होने से आपके स्वभाव और वर्चस्व में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष से तनाव मिलेगा। मैत्री संबंध मधुर होंगे और दूसरे लोगों से आपको किसी प्रकार की जरूरी मदद मिल सकती है। किसी से पैसों का लेनदेन न करें।

वृश्चिक

आज भाग्य साथ दे रहा है और दिन आपके लिए सफलता से भरा होगा। खान-पान में संयम रखें। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ सकता है। विरोधियों का अंत होगा और रोजी रोजगार में सफलता मिलेगी। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपके जीवन में सुख सुविधाएं बढ़ेंगी।

धनु

आज करियर में सफलता के योग बन रहे हैं। आपके कोष में वृद्धि का संकेत है। आपका जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। शारीरिक व मानसिक क्लेश मिल सकता है। परीक्षा की दिशा में किया गया श्रम सार्थक होगा। विरोधी परास्त होंगे। आपके धन में वृद्धि होगी और काफी समय से आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे।

कर्क

आज भाग्य साथ देगा और आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रोजगार के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। राजनीतिक सहयोग मिलेगा। सेहत के प्रति उदासीन न रहें। वाणी पर संयम रखें। रिश्तों में मधुरता आएगी। आपके धन में अचानक से वृद्धि होगी और आपके कई रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

सिंह

आज लाभ होगा और धन में वृद्धि होने से आपको लाभ होगा। व्यावसायिक योजनाओं को बल मिलेगा। सेहत के के प्रति सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में आ रही कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। विरोधी परास्त होंगे। आपकी योजनाएं सफल होंगी और आनंद में वृद्धि होगी।

कन्या

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता से आपकी पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपको सेहत के प्रति सावधान रहने की जरूरत है। वरना बीमार पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खान-पान में संमय बरतें।

मकर

आज दिन सफलता से भरा होगा और आज आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। आपका रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। दूसरों के सहयोग लेने में सफल होंगे। यात्रा देशाटन से आपको लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। प्रियजनों के साथ आपकी भेंट संभव है।

कुंभ

आज भाग्य में वृद्धि होगी और आपका पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने व चोरी की संभावना है। फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। आपको आज कहीं से रुका पैसा मिलने से लाभ होगा और संपन्नता बढ़ेगी। आप किसी मामले में पैसों का निवेश भी कर सकते हैं।

मीन

आज लाभ होगा और आपके द्वारा राजनीतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा और आपके पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप हो सकता है और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। वरना आगे चलकर आपको किसी से पैसे उधार लेने पड़ सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

संक्षिप्त समाचार

हिमाचल में 75 से अधिक आयु के पेंशनरों के लिए अधिसूचना जारी

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने 75 साल व इससे अधिक आयु के पेंशनरों व पारिवारिक पेंशन धारकों को पेंशन के एरियर की अधिसूचना जारी कर दी है। इस आयु वर्ग के पेंशनरों को जनवरी 2016 से देय संशोधित पेंशन का एरियर मिलेगा। वित्त विभाग की तरफ से बुधवार देर शाम जारी अधिसूचना के मुताबिक चालू अगस्त माह में ही 22.50 फीसद एरियर का भुगतान होगा। एरियर मिलने से लगभग 28 हजार पेंशन भोगियों को राहत मिलेगी। संशोधित पेंशन के एरियर के भुगतान पर करीब 450 करोड़ की रकम खर्च होने का अनुमान है। राज्य सरकार ने 75 साल अथवा इससे अधिक उम्र के पेंशनरों को जनवरी 2016 से देय संशोधित पेंशन का करीब 55 फीसद का पहले ही भुगतान कर दिया था। अब इन पेंशनरों का 45 फीसद एरियर ही बकाया देय था। अधिसूचना के तहत इसमें से 22.50 फीसद का भुगतान अगस्त माह में किया जाना है। इसे मिलाकर पेंशनरों व पारिवारिक पेंशन धारक परिवारों को 77.50 फीसद संशोधित पेंशन के एरियर का भुगतान हो जाएगा। बकाया संशोधित पेंशन के एरियर का भुगतान करने को लेकर सरकार अलग से अधिसूचना जारी करेगी। बता दें कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 15 अगस्त को देहरा में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में 75 साल अथवा इससे अधिक उम्र के पेंशनरों व पारिवारिक पेंशन धारकों को जनवरी 2016 से देय संशोधित पेंशन के एरियर के भुगतान करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए और वित्त विभाग ने यह अधिसूचना जारी की है। सचिवालय कर्मचारी नाराज, सरकार ने जारी किया नोटिस खास बात यह है कि प्रदेश सरकार को लाखों कर्मचारियों के भी लंबित डीए व एरियर की अदायगी करनी है। इसे लेकर सचिवालय कर्मचारी प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। सचिवालय कर्मचारी महासंघ के बैनर तले कर्मचारी इस मुद्दे पर सरकार से वार्ता के लिए नहीं बुलाए जाने से नाराज हैं। कर्मचारी ड्यूटी के दौरान काले बिल्ले लगाकर अपना विरोध जता रहे हैं। वहीं, राज्य सरकार की तरफ से कर्मचारी नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। स्वतंत्रता दिवस पर लाखों सरकारी कर्मचारियों को आशा थी कि सरकार डीए और एरियर के भुगतान को लेकर घोषणा करेगी, लेकिन देहरा में आयोजित हुए स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने न तो चार फीसदी डीए का जिक्र किया और न ही एरियर के भुगतान की घोषणा की। हालांकि इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को अगले वर्ष से चरणबद्ध तरीके से डीए-एरियर के भुगतान की बात कही थी। प्रदेश सरकार को डीए की तीन किश्त देनी है। इसमें पहली किश्त 1 जनवरी 2023, दूसरी 1 जुलाई 2023 और तीसरी किश्त 1 जनवरी 2024 से दी जानी है। और अब 1 जुलाई 2024 से चौथी किस्त भी देय होगी। इसे लेकर 12 अगस्त को मुख्यमंत्री से मिलकर मांग भी की गई थी। संशोधित वेतनमान का एरियर काफी समय से लंबित है।

कांग्रेस झुकने तो तैयार नहीं, उद्धव मान नहीं रहे, महाराष्ट्र में एमवीए में सीट शेयरिंग पर तकरार

मुंबई, एजेंसी। कई दौर की बैठकों के बावजूद महाविकास अघाड़ी (एमवीए) में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर सहमति नहीं बन पा रही है। घटक दलों में सीट की संख्या के साथ ही इन पर दावों को लेकर विवाद है। वहीं, कई सीटें ऐसी हैं, जिन पर कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी (एसपी) तीनों की दावेदारी है। आपको बता दें कि सीट बंटवारे को लेकर महाविकास अघाड़ी के घटक दलों के बीच एक माह में चार बैठकें हो चुकी हैं। पर अभी तक मुंबई की तीन दर्जन सीटों पर सहमति नहीं बन पाई है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने मुंबई में सहमति का दावा किया है, पर कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) ने इसे खारिज कर दिया है।

हुड्डा के मुकाबले दावेदारी ठोक रहीं शैलजा को कांग्रेस से झटका, टिकट ही नहीं मिलेगा

चंडीगढ़, एजेंसी।
हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने का सपना देख रहे कांग्रेस सांसदों को झटका लगा है। पार्टी ने साफ कर दिया है कि किसी भी सांसद को चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस ऐलान के साथ ही कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। दरअसल, दोनों ही सांसदों ने विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की थी। इधर, भारतीय जनता पार्टी ने गुटबाजी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। साथ ही शैलजा को मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करने की चुनौती दी है।

खास बात है कि यह ऐलान ऐसे समय पर आया है, जब अटकलें थीं कि हरियाणा कांग्रेस में वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और शैलजा को लेकर गुटबाजी जारी है। दोनों ही नेता अलग-अलग कार्यक्रम और घोषणाएं करते भी देखे गए थे।

कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया ने बुधवार को कहा कि पार्टी के किसी भी सांसद को विधानसभा चुनाव लड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। बाबरिया से सवाल किया गया कि कुछ सांसद भी चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं तो उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'किसी को इजाजत नहीं दी जाएगी।' उन्होंने बताया कि प्रदेश की 90 विधानसभा सीट के लिए 2500 से अधिक आवेदन आए हैं जिनमें से कई लोगों के साक्षात्कार भी किए गए हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में यह भी कहा कि जिन विधायकों के खिलाफ जमीन पर माहौल होगा, उनके टिकट काटे जा सकते हैं। हरियाणा में सभी 90 विधानसभा सीट के लिए एक अक्टूबर को मतदान होगा। मतगणना चार अक्टूबर को होगी।

खास बात है कि शैलजा और सुरजेवाला को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा कैंप का विरोधी माना जाता है। कुछ दिन पहले ही सैलजा ने 'पीटीआई' के विशेष कार्यक्रम '4पार्लियामेंट स्ट्रीट' में समाचार एजेंसी के संपादकों के साथ बातचीत में विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी और कहा था कि वह राज्य में काम करने की इच्छुक हैं, लेकिन इस बारे में अंतिम फैसला कांग्रेस आलाकमान को करना है। सैलजा 5 बार लोकसभा और 1 बार राज्यसभा सदस्य रह चुकी हैं। 2024 चुनाव में उन्होंने सिरसा से जीत हासिल की थी। ऐसा माना जा रहा था कि वह हरियाणा में कांग्रेस के सीएम फेस के लिए भी दावेदारी कर रहीं हैं राज्यसभा सदस्य सुरजेवाला ने मंगलवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया था, 'कैथल मेरा मंदिर...फिर सजाएंगे, फिर संवारेंगे।' सुरजेवाला अतीत में कैथल विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला के पुत्र भी चुनाव लड़ सकते हैं तो बाबरिया ने कहा, 'हो सकता है।

मेवात की 3 विधानसभा सीटों पर भाजपा के लिए कमल खिलाना चुनौती

नूंह, एजेंसी। हरियाणा के नूंह जिले में मेवात इलाके की तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा के लिए कमल खिलाना बड़ी चुनौती बना हुआ है। यहां भाजपा को जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है, जबकि अन्य क्षेत्रीय पार्टियां भी अपना खाता खोल चुकी हैं। मेवात के दिग्गज नेता जाकिर हुसैन भी हार के इस सिलसिले को नहीं रोक पाए हैं। बहरहाल, इस साल 1 अक्टूबर को होने वाले चुनाव में भी भाजपा को कड़ी मशक्कत करनी होगी। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों में नूंह सीट से भाजपा ने जाकिर हुसैन को मैदान में उतारा था। जाकिर हुसैन मेवात के एक प्रमुख नेता माने जाते हैं, लेकिन उनकी मजबूत छवि भी भाजपा को इस सीट पर जीत नहीं दिला सकी। कांग्रेस के उम्मीदवार आफताब अहमद ने इस चुनाव में जाकिर को हरा दिया। इससे यह स्पष्ट होता है कि मेवात में भाजपा की पकड़ कमजोर है और यहां के मतदाताओं का समर्थन प्राप्त करना उसके लिए कठिन है। यहां मतदान प्रतिशत भी भाजपा के पक्ष में नहीं बढ़ पाया है। मेवात की तीनों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारों को भाजपा से अधिक वोट मिले हैं, चाहे वो विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव। इस क्षेत्र में भाजपा का कमजोर नेटवर्क और प्रभावी नेतृत्व का अभाव इसका मुख्य कारण माना जा रहा है। मेवात की तीन सीटों पर भाजपा का कमजोर प्रदर्शन उसकी राजनीतिक चुनौतियों को उजागर करता है। मेवात क्षेत्र में कांग्रेस, निर्दलीय, इनेलो का दबदबा रहा है। नूंह, फिरोजपुर झिरका, पुन्हाना सीट पर 9 बार कांग्रेस, 7 बार निर्दलीय, 6 बार इनेलो और 7 बार अन्य पार्टियों की जीत हुई है।

छत्तीसगढ़ में चरमपंथियों के पास लूट के 80 फीसद ऑटोमेटिक हथियार

बस्तर, एजेंसी। माओवादी प्रभावित बस्तर इलाके में सुरक्षा एजेंसियों से साल 2001 से लेकर 2024 के बीच में कुल 516 ऑटोमेटिक हथियार लूटे गए थे। इनमें से छत्तीसगढ़ पुलिस ने केवल 21.5 फीसदी ही बरामद कर पाए हैं। यानी कुल 111 ऑटोमेटिक हथियार बरामद हुए हैं। 24 अगस्त को गृह मंत्री अमित शाह ने साल 2026 तक राज्य से माओवादियों के सफाया करने की बात कही थी। ऐसे में सुरक्षा बलों ने शंका जताई है कि इतनी बड़ी मात्रा में चरमपंथियों के पास ये हथियार होने से गृहमंत्री की घोषणा में बाधा आ सकती है। हालांकि साल 2024 के बीते छह महीनों में पिछले 20 सालों में सबसे ज्यादा हथियार बरामद हुए हैं। मगर फिर भी सुरक्षा बलों का मानना है कि राज्य के लिए और खासकर बस्तर इलाके के दक्षिणी हिस्से के लिए लूट के ये हथियार गंभीर चुनोती बने हुए हैं। आपको बता दें कि 24 अगस्त को गृह मंत्री अमित शाह ने साल 2026 तक राज्य से माओवादियों के सफाया करने की बात कही थी। वहीं छत्तीसगढ़ पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि माओवादियों के पास सुरक्षाबलों से लूटे गए 400 से अधिक ऑटोमेटिक हथियार हैं। ये गृहमंत्री द्वारा की गई घोषणा में सबसे बड़ी बाधा हैं। बरामद किए गए हथियारों में एके-47, एसएलआर राइफल, आईएनएसएएस राइफल, 9 और 4 एमएम की पिस्टल, लाइट मशीन गन, बीजीएल लॉन्चर, और स्थानीय हथियार शामिल हैं। 15 मार्च 2007 को बस्तर जिले से सबसे ज्यादा मात्रा में हथियार लूटे गए थे। लूट के अलावा इस घटना में बीजापुर के रानी बोदली में 55 पुलिस वालों की हत्या भी कर दी गई थी।

अधिकारी ने इन वामपथी चरमपंथियों के आत्मसमर्पण पर चिंता भी जाहिर की है, क्योंकि इनमें से शायद ही किसी ने ऑटोमेटिक हथियारों के साथ सरेंडर किया है। इसके लिए उन्होंने कहा कि हथियारों के साथ सरेंडर करने वाले चरमपंथियों को बढ़ावा देना चाहिए। उन्हें जॉब देकर, आर्थिक सहायता या अन्य तरह से प्रोत्साहित करना चाहिए। वहीं बस्तर में लंबे समय से तैनात एक अधिकारी ने बताया कि इन माओवादियों के पास हथियार तो हैं, लेकिन गोला बारूद की कमी होना हमारे लिए अच्छा संकेत है। घरेलू स्तर पर कारतूस बनाने की प्रामाणिक पुष्टि नहीं है। हो सकता है यही कारण है कि ये लोग जंगलों में सीधे तौर पर सुरक्षा बलों से मुकाबला नहीं करते हैं।

मुजफ्फरपुर में बनेगा खेल मैदान:20 एकड़ में दी जाएगी सारी सुविधाएं

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। मुजफ्फरपुर शहर में एक बड़ा खेल मैदान बनने वाला है। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। 20 एकड़ के इस खेल मैदान में हर तरह के खेल की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके बनने से खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। राज्य मंत्रि मंडल से इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। मुजफ्फरपुर के डीएम सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि राज्य में खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने हर प्रमंडलीय मुख्यालय में सभी सुविधाओं से लैस खेल मैदान बनाने का निर्णय लिया है। इसी के तहत जिला स्कूल के सी फील्ड को किलकारी परियोजना के तहत एनआईटी पटना की टीम ने पूरे प्रोजेक्ट को लेकर वीडियो प्रेजेंटेशन दिया गया। खेल को लेकर एक लंबा-चौड़ा इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाना है। जिला स्कूल के पीछे का कैंपस है। इसे एक बेहतर पार्क बनने के लिए पटना की एनआईटी टीम प्लान बनाकर प्रेजेंटेशन तैयार कर रही है। उस पार्क मे वॉकिंग ट्रैक बना रहे हैं।

गुलाम नबी आजाद अपने ही नेताओं का नहीं करेंगे प्रचार, कहा- चाहें तो वापस ले लें नामांकन

कश्मीर, एजेंसी।
वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी को चुनाव से पहले बड़ा झटका लगा है। खबर है कि आजाद ने संकेत दिए हैं कि वह खराब स्वास्थ्य के चलते उम्मीदवारों के लिए प्रचार नहीं कर पाएंगे। उन्होंने यह तक कह दिया है कि अगर नेता चाहें, तो उम्मीदवारी वापस ले सकते हैं। खास बात है कि कांग्रेस से अलग होने के बाद आजाद ने डीपीएपी का गठन किया था। हालांकि, शुरुआत से ही पार्टी दल बदल समेत कई झटकों का सामना करती रही है।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, आजाद का कहना है कि वह आगामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के लिए प्रचार नहीं कर पाएंगे। श्रीनगर में भी एक स्थानीय एजेंसी को दिए बयान में आजाद ने उम्मीदवारों के लिए प्रचार नहीं करने पर दुख जताया है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा, कुछ अप्रत्याशित हालात ने मुझे प्रचार से पीछे हटने के लिए मजबूर कर

दिया है...।

उन्होंने कहा, उम्मीदवार खुद आकलन करें कि वह मेरी मौजूदगी के बगैर आगे बढ़ पाएंगे या नहीं। अगर उन्हें लगता है कि मेरी अनुपस्थिति उनकी संभावनाओं पर असर डालती है, तो उनके पास उम्मीदवारी वापस लेने की भी आजादी है। मंगलवार को ही 13 उम्मीदवारों ने डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी से पर्चा दाखिल किया था। 24 सीटों के लिए 18 सितंबर को पहले चरण का मतदान होना है। खास बात है कि अब अटकलें लगाई जाने लगी हैं कि 25 सितंबर और 1 अक्टूबर यानी दूसरे और तीसरे चरण के लिए लिस्ट जारी होंगी या नहीं।

अखबार से बातचीत में पार्टी के प्रवक्ता सलमान निजामी ने कहा, आजाद साहब ने कहा है कि वह स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के कारण प्रचार नहीं कर पाएंगे। अगर किसी उम्मीदवार को लगता है कि वह उनकी गैरमौजूदगी के चलते आगे नहीं बढ़ पाएंगे, तो वह उम्मीदवारी वापस लेने के लिए स्वतंत्र है। निजामी ने कहा, ऐसा पहले चरण के लिए है, जिसके लिए नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन शुक्रवार है।

हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। पार्टी ने अनंतनाग-राजौरी और ऊधमपुर-डोडा क्षेत्रों से उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन दोनों की ही जमानत जब्त हो गई। खास बात है कि दोनों ही उम्मीदवार दो लोकसभा सीटों में शामिल 36 विधानसभा क्षेत्रों में कहीं भी बढ़त हासिल नहीं कर सके थे। इसके अलावा पार्टी से नेताओं का छोड़कर जाना भी जारी है। कुछ समय पहले ही वरिष्ठ नेता ताज मोहिउद्दीन और आदिवासी नेता हारून खताना ने पार्टी को अलविदा कहा है।

मुख्यमंत्री बनकर भी नहीं पूरा कर पाऊंगी एजेंडा; महबूबा मुफ्ती का ऐलान- नहीं लड़ूंगी विधानसभा चुनाव

श्रीनगर, एजेंसी। पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को ऐलान किया कि वह जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि अगर वह मुख्यमंत्री बन भी गईं तो भी वह केंद्र शासित प्रदेश में अपनी पार्टी का एजेंडा पूरा नहीं कर पाएंगी। दरअसल, मुफ्ती से पूछा गया था कि क्या चुनाव लड़ने को लेकर उनका इरादा बदला है? क्योंकि उनके धुर विरोधी नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश बने रहने तक चुनाव में भाग नहीं लेने के अपने रुख से पलटी मार ली है।

महबूबा मुफ्ती ने कहा, मैं भाजपा के साथ एक सरकार की मुख्यमंत्री रही हूं जिसने (2016 में) 12,000 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी वापस ले ली थी। क्या हम अब ऐसा कर सकते हैं? मैंने (प्रधानमंत्री) मोदी के साथ सरकार की मुख्यमंत्री के रूप में अलगाववादियों को बातचीत के लिए आमंत्रित करने के लिए एक पत्र लिखा था। क्या आप आज ऐसा कर सकते हैं? मैंने जमीनी स्तर पर संघर्ष विराम (लागू) करवाया। क्या आप आज ऐसा कर सकते हैं? अगर आप मुख्यमंत्री के तौर पर प्राथमिकी वापस नहीं ले सकते, तो ऐसे पद का क्या मतलब है?

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, उमर ने खुद कहा कि चपरासी के तबादले के लिए उन्हें (लेफ्टिनेंट) गवर्नर के दरवाजे पर जाना पड़ेगा। मुझे चपरासी के तबादले की चिंता नहीं है, लेकिन क्या हम अपना एजेंडा लागू कर सकते हैं? उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश बने रहने तक विधानसभा चुनावों में भाग नहीं लेने का संकल्प व्यक्त किया था लेकिन मंगलवार को पार्टी द्वारा घोषित 32 उम्मीदवारों की सूची में उनका नाम भी शामिल था।

बिना हेलमेट बाइक चला रहे थे दुष्यंत चौटाला, फरीदाबाद पुलिस ने काट दिया 2000 का चालान

फरीदाबाद, एजेंसी।
हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पर फरीदाबाद में एक रोड शो के दौरान हेलमेट नहीं पहनने के लिए यातायात पुलिस ने जुर्माना लगाया है। पुलिस ने बताया कि जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के चौटाला पर मोटरसाइकिल चलाते समय सड़क सुरक्षा उल्लंघन के लिए 2000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पुलिस ने रोड शो में शामिल 14 मोटरसाइकिलों को भी जब्त किया है।

चौटाला जिस दोपहिया वाहन पर सवार थे, वह रियासत अली नामक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर है। जेजेपी नेता करामत अली ने गोची में एक जनसभा आयोजित की थी और चौटाला मुख्य अतिथि के रूप में वहां गए थे। पुलिस ने बताया कि कम से कम 100 जेजेपी कार्यकर्ता बिना हेलमेट के बाइक चलाते देखे गए। उन्होंने कहा कि वे चालान भेजने के लिए नंबर प्लेटों की पहचान कर रहे हैं। रोड शो के दौरान कुल 15 चालान जारी किए गए।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पार्टी जल्द ही 1 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों को अंतिम रूप देगी। उन्होंने कहा कि संगठन के साथ विश्वासघात करने वालों के लिए कोई जगह नहीं होगी। पूर्व

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जेजेपी पूरी तरह से चुनावी मोड में है और इसकी तैयारियां तेजी से चल रही हैं।

अजय सिंह चौटाला की अगुवाई वाली जेजेपी और चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने मंगलवार को विधानसभा चुनाव के लिए अपने गठबंधन की घोषणा की। गठबंधन के फॉर्मूले के तहत जेजेपी 90 विधानसभा सीटों में से 70 पर चुनाव लड़ेगी, जबकि आजाद समाज पार्टी 20 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी की राजनीतिक मामलों की समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक 2 सितंबर को होनी है, जिसमें उनकी पार्टी के अधिकांश उम्मीदवारों के नाम तय किए जाएंगे।

छत्तीसगढ़ में दोगुनी होगी मुफ्त उपचार की सीमा, आयुष्मान भारत योजना के तहत इन लोगों को फायदा

रायपुर, एजेंसी।
छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आने वाले महीनों में बीपीएल कार्ड धारकों के लिए आयुष्मान भारत प्रधान मंत्री-जन आरोग्य योजना के तहत उपचार की सीमा को दोगुनी करने की संभावना है। अभी बीपीएल कार्ड धारकों का इस योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त किया जाता है। अधिकारियों ने कहा कि एपीएल कार्ड धारकों की सीमा भी 50,000 रुपये से दोगुनी होकर एक लाख रुपये कर दी जाएगी। अधिकारियों ने दावा किया कि इस योजना के तहत लगभग 55 लाख बीपीएल परिवार और लगभग 8 लाख एपीएल परिवार लाभान्वित होंगे।

स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि राज्य सरकार ने राशि बढ़ाने के लिए एक रोड मैप तैयार करने को कहा है। विभाग की एक टीम इस पर काम कर रही है। अगर

सब कुछ ठीक रहा तो 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ दिवस पर इसकी घोषणा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ की शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत गैर-एपीएल कार्डधारकों के लिए इलाज की सीमा 5 लाख रुपये है, जबकि एपीएल के लिए यह सीमा 50,000 रुपये है।

अधिकारी ने कहा कि इस योजना के तहत कवर किए जाने वाले परिवारों की संख्या का आकलन करने और इस योजना से लाभान्वित होने वाले परिवारों की वर्तमान संख्या कैसे तैयार की जाएगी, इस पर काम किया जा रहा है। पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में अत्यंत गरीब परिवारों के लिए 5 लाख रुपये की सीमा है, जबकि राजस्थान में सभी प्रकार के परिवारों के लिए 5 लाख रुपये की सीमा है।

अधिकारी ने कहा कि इससे राज्य के कई परिवारों को मदद मिलेगी। लोगों को उन अस्पतालों में भी इसका लाभ मिलेगा जहां जटिल चिकित्सा स्थितियों के लिए विशेष देखभाल प्रदान की जाती है। स्वास्थ्य विभाग के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, छत्तीसगढ़ में अब तक कुल 3541424 लोगों ने इस योजना के तहत लाभ उठाया है।

अयोध्या हार चुकी भाजपा वैष्णो देवी में हुई सतर्क, कलह दूर करने में झोंकी ताकत

जम्मू-कश्मीर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंका जा चुका है। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को टिकट वितरण के कारण आपसी कलह का सामना करना पड़ रहा है। वैष्णो देवी सीट के लिए टिकट दावेदारों के बीच कलह खुलकर सामने आ चुकी है। इससे परेशान भाजपा ने बुधवार देर रात पूर्व विधायक बलदेव राज शर्मा और रोहित दुबे के बीच सुलह कराने की कोशिश की। भाजपा को आपसी कलह के कारण ही अयोध्या में लोकसभा चुनाव में नुकसान उठाना पड़ा था। रोहित दुबे की जगह बलदेव राज शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया। चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवारों की सूची से दुबे का नाम बाहर किए जाने से कटरा में उनके समर्थकों की नाराजदी खुलकर सामने आ गई है। उन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने भाजपा के खिलाफ वोट देने की धमकी दी। उन्हें शांत करने के लिए भाजपा प्रमुख रविंदर रैना को कटरा ले जाया गया। बुधवार देर शाम पार्टी ने बयान जारी कर कहा कि संगठन की एकता और मजबूती को दर्शाने के लिए कटरा से भाजपा नेता रोहित दुबे ने जम्मू स्थित पार्टी मुख्यालय का दौरा किया और माता वैष्णो देवी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बलदेव राज और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ फोटो खिंचवाई। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और जम्मू-कश्मीर भाजपा के प्रभारी तरुण चुघ, रविंदर रैना, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, लोकसभा सांसद और चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक जुगल किशोर शर्मा, सरब सिंह नाग, कुलदीप राज दुबे और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

विंडीज तेज गेंदबाज स्शैनन गेब्रियलका संन्यास

● कभी हुई थी कर्टनी वॉल्श से तुलना

नईदिल्ली, एजेंसी। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शैनन गेब्रियल (ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने 59 टेस्ट, 25 वनडे और दो टी20 मैच खेले और कुल 202 विकेट लिए। गैब्रियल ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर कहा कि पिछले 12 वर्षों के दौरान मैंने खुद को वेस्टइंडीज के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए समर्पित कर दिया है। इस प्रिय खेल को उच्चतम स्तर पर खेलने से मुझे बहुत खुशी मिली है, लेकिन जैसा कि कहा जाता है, सभी अच्छी चीजों का अंत होना चाहिए। आज मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं।

सबसे पहले, मैं वेस्ट इंडीज के लिए खेलने के दौरान मुझे और मेरे परिवार को मिले अनगिनत आशीर्वादों और अवसरों के लिए भगवान का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। दूसरा मैं क्रिकेट वेस्टइंडीज के प्रशासकों, कोचों को दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। वर्षों से आपकी कड़ी मेहनत और समर्थन के लिए मेरे मन में जो सराहना है उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। अंत में मैं अपने साथियों और उन सभी का आभारी हूं जो मेरे साथ खड़े रहे और मेरा समर्थन किया शीर्ष तक की मेरी यात्रा को वास्तव में विशेष बना दिया है। मेरी योजना अपने देश (त्रिनिदाद और टोबैगो), क्लब और दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टीमों का उसी प्यार और जुनून के साथ प्रतिनिधित्व करना जारी रखने की है जो मैंने अपने पूरे करियर में दिखाया है। गेब्रियल ने विंडीज के लिए टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया।

उन्होंने जून 2018 में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर 121/13 का आंकड़ा दिया जो उनका सर्वश्रेष्ठ है। गति और उछाल पैदा करने की उनकी क्षमता इतनी प्रभावशाली थी कि उनकी वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श की तुलना की गई।

टेस्ट रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचे ब्रूक

● नौवें स्थान पर खिसके बाबर आज़म

दुबई, एजेंसी। बल्लेबाज़ों की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के बल्लेबाज़ हैरी ब्रूक तीन स्थान की छलांग लगाकर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के ख़िलाफ़ पहले टेस्ट में उन्होंने 56 और 32 रन की पारी खेलकर इंग्लैंड को सीरीज़ में 1-0 से बढ़त दिलाने में मदद की थी। जो रूट ने रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरक़रार रखा है, जबकि केन विलयिमसन दूसरे और डैरिल मिचेल नंबर तीन पर बने हुए हैं।

ब्रूक, बाबर आज़म, स्टीवन स्मिथ और रोहित शर्मा को पछाड़कर चौथे स्थान पर पहुंचे गए हैं। वहीं बांग्लादेश के ख़िलाफ़ पहले टेस्ट में शून्य और 22 रन का स्कोर बनाने वाले आज़म छह स्थान लुढ़ककर नौवें स्थान पर खिसक गए हैं।

पेरिस पैरालंपिक 2024

पेरिस पैरालंपिक का शानदार आगाज, भारत समेत 167 देश शामिल

पेरिस, एजेंसी। फ्रांस की राजधानी पेरिस में पैरालंपिक 2024 का शानदार आगाज हुआ। भारत समेत 167 देशों के खिलाड़ियों में परेड के दौरान जबरदस्त उत्साह दिखा। दिलचस्प बात यह है कि खेलों के इतिहास में उद्घाटन समारोह पहली बार स्टेडियम से बाहर चैंप्स एलिसीस और प्लेस डे ला कोंकोर्ड में आयोजित हुआ। भारतीय भालाफेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल (एफ 64) और शॉटपुट खिलाड़ी भाग्यश्री जाधव (एफ34) संयुक्त ध्वजवाहक रहे।

उद्घाटन समारोह में 167 देशों की परेड

भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने बताया कि 29 अगस्त को स्पर्धाओं के कारण 32 खिलाड़ियों ने उद्घाटन समारोह में भाग नहीं लिया। 167 देशों की परेड में भारतीय दल के 106 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इनमें 52 खिलाड़ी और 54 अधिकारी शामिल रहे।

भारतीय दल में कुल 179 सदस्य शामिल

भारत की 84 सदस्यीय टीम पेरिस पैरालंपिक में हिस्सा लेगी जिसमें उनके साथ 95 अधिकारी भी गए हैं। इनमें खिलाड़ियों की विशेष जरूरतों को देखते हुए उनके साथ जाने वाले निजी कोच और सहायक भी शामिल हैं। इस तरह भारत के दल में कुल 179 सदस्य शामिल हैं। इन 95 अधिकारियों में से 77 टीम अधिकारी, नौ दल के चिकित्सा अधिकारी और नौ अन्य दल अधिकारी शामिल हैं।

भारतीय दल से रिकॉर्ड पदक लाने की रहेगी उम्मीद

भारत ने 2021 में टोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 19 पदक जीते थे और वह समग्र रैंकिंग में 24वें स्थान पर रहा था। इसके तीन साल बाद भारत का लक्ष्य स्वर्ण पदकों की संख्या दोहरे अंक में पहुंचाने और कुल 25 से अधिक पदक जीतना है। भारत इस बार 12 खेलों में भाग ले रहा है, जबकि टोक्यो में 54 सदस्यीय टीम ने नौ खेलों में भाग लिया था। भारत ने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 19 पदक जीते थे।

चार साल पहले के इस आयोजन में भारत समग्र रैंकिंग में 24वें स्थान पर रहा था। इसके तीन साल बाद भारत का लक्ष्य स्वर्ण पदकों की संख्या दोहरे अंक में पहुंचाने और कुल 25 से अधिक पदक जीतना है।

भारत ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में 29 स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 111 पदक जीते थे। पेरिस पैरालंपिक के उद्घाटन समारोह में पश्चिम एशियाई देश साइप्रस के खिलाड़ियों का दल भी पहुंचा। चार साल में एक बार होने वाले इस खेलों के महाकुंभ के रंगारंग आगाज के मौके पर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह दिखा। पेरिस के स्थानीय समयानुसार उद्घाटन समारोह 28 अगस्त की रात लगभग 8 बजे शुरू हुआ।

करीब दो घंटे से अधिक समय तक चली 167 प्रतिभागी देशों की परेड के बाद पैरालंपिक आयोजन समिति के अध्यक्ष टोनी एस्टानगुएट ने सभी देशों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि पैरालंपिक खेलों की शुरुआत और बड़ी संख्या में प्रतिस्पर्धा कर रहे खिलाड़ियों की संख्या चुनौतियों के बावजूद कभी हार न मानने के जज्बे का जीवंत प्रमाण और खेल जगत की बेमिसाल क्रांति है। उन्होंने 4400 से अधिक खिलाड़ियों को पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा करार दिया।

फ्रांस के राष्ट्रपति ने खेलों के शुरुआत की औपचारिक घोषणा की

उद्घाटन समारोह में इंटरनेशनल पैरालंपिक कमेटी के प्रमुख एंड्रयू पारसंस ने कहा कि पेरिस पैरालंपिक में प्रतिस्पर्धा करने आए 4400 से अधिक खिलाड़ी दुनिया के 1.3 अरब दिव्यांगों के प्रतिनिधि हैं।

उन्होंने कहा कि पेरिस पहुंचे 167 देशों के खिलाड़ियों का जज्बा इस बात की मिसाल है कि वैश्विक ताकतों के बीच टकराव के इस दौर में भी खेल सबको जोड़ कर रखने की क्षमता रखता है।

61वीं राष्ट्रीय सीनियर शतरंज

बेहतर टाईब्रेक से कार्तिक नें जीता अपना राष्ट्रीय खिताब

गुरुग्राम (हरियाण) एजेंसी। भारत की 61वीं राष्ट्रीय सीनियर शतरंज का खिताब रोमांचक अंतिम राउंड के बाद आंध्र प्रदेश के ग्रांड मास्टर कार्तिक वेंकटरमन नें अपने नाम कर लिया है , छह बार के राष्ट्रीय चैम्पियन पीएसपीबी के ग्रांड मास्टर सूर्या शेखर गांगुली अंतिम राउंड के पहले भी 8.5 अंको के साथ आधा अंक की बढ़त पर थे और अगर वह अंतिम राउंड रेल्वे के हिमल गुसेन से जीत पाते तो उनका सातवाँ खिताब जीतना तय था पर अंतिम राउंड में उनकी बाजी ड्रॉ रही और वह 9 अंक ही बना सके वहीं तीसरे बोर्ड पर 8 अंको पर खेल रहे

कार्तिक वेंकटरमन नें रेल्वे के मित्रभा गुहा को पराजित करते हुए तो चौंथे बोर्ड पर नीलाश सहा नें महाराष्ट्र के सम्मेद जयकुमार शेटे को पराजित करते हुए 9 अंक बना लिया और ऐसे में टाईब्रेक के आधार पर कार्तिक नें अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीत लिया जबकि सूर्या को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा वहीं नीलाश नें पहली बार शीर्ष 3 में अपनी जगह बनाई , बड़ी बात यह रही की इस जीत के साथ कार्तिक नें विश्व कप के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है ।

8.5 अंको पर टाईब्रेक के आधार पर दीप्तयान घोष ,अरोण्यक घोष, हिमल गुसेन, ललित रोहित बाबू , अभिजीत गुप्ता और श्याम निखिल क्रमशः चौंथे से नौवे स्थान पर रहे जबकि 8 अंको पर सबसे बेहतर टाईब्रेक के साथ एसपी सेथुरमन दसवें स्थान पर रहे ।

एलएलसी 4 दशकों के बाद कश्मीर में वापस ला रहा है क्रिकेट एक्शन

श्रीनगर, एजेंसी। भारतीय और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सितारे चार दशकों के बाद कश्मीर में क्रिकेट खेलेंगे क्योंकि श्रीनगर का बख्शी स्टेडियम लीजेंड्स लीग क्रिकेट के अंतिम चरण की मेजबानी करेगा, जो 20 सितंबर को जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में शुरू होगा। एलएलसी 20 सितंबर को जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में शुरू होगा और अंतिम चरण श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में खेला जाएगा।

फ्रेंचाइजी-आधारित टूर्नामेंट, जिसमें 200 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे, चार शहरों - जोधपुर, सूरत, जम्मू में आयोजित किया जाएगा और अंततः 38 वर्षों के बाद श्रीनगर में क्रिकेट की वापसी होगी। आखिरी बार श्रीनगर ने 1986 में किसी अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी की थी, जब ऑस्ट्रेलिया ने एक वनडे मैच में भारत को तीन विकेट से हराया था। छह टीमों के बीच कुल 25 मैच खेले जाएंगे और अंतिम दो टीमें 16 अक्टूबर को रोमांचक फाइनल खेलेंगी।

लीग 20 सितंबर को बरकतुल्ला खान स्टेडियम, जोधपुर में शुरू होगी, जो 27 सितंबर को सूरत के लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में पहुंचेगी।

जोकोविच चारों ग्रैंडस्लैम में 90 मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी

● यूएसओपन के तीसरे राउंड में पहुंचे, विंबलडन चैंपियन क्रेसिकोवा बाहर

जोकोविच का चारों ग्रैंडस्लैम में परफॉर्मेंस

ग्रैंडस्लैम	जीत	हार
ऑस्ट्रेलियन ओपन	94	9
फ्रेंच ओपन	96	16
विंबलडन	97	12
US ओपन	90	13

नईदिल्ली, एजेंसी। डिफेंडिंग चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच यूएसओपन के तीसरे राउंड में पहुंच गए हैं।

जोकोविच को बुधवार रात को खेले गए दूसरे राउंड के मैच में वॉकओवर मिला। दूसरे राउंड में सर्बिया के ही लास्लो जेरे चोट की वजह से रिटायर हो गए। यह मैच जोकोविच ने 6-4, 6-4, 2-0 से जीता। यह जोकोविच की यूएसओपन में 90वीं जीत रही। जोकोविच इस जीत के साथ सभी चार ग्रैंड स्लैम में 90 से ज्यादा मैच जीतने वाले पहले टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं। यह जोकोविच की यूएस ओपन में 90वीं जीत रही।

24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन जोकोविच का चौथे दौर में मुकाबला शुक्रवार को 28वीं सीड एलेक्सी पोपिरिन से होगा।

बार-बार हो रहे थे कंन्कशन का शिकार

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट ओपनर का 26 की उम्र में संन्यास

नई दिल्ली, एजेंसी। साल 2021 में भारत के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू करने वाले ऑस्ट्रलिया के युवा ओपनिंग बल्लेबाज विल पुकोवस्की ने सिर्फ 26 साल की उम्र में अपनी रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है. इस बल्लेबाज को अपने छोटे से करियर के दौरान कई बार सिर (हेल्मेट पहने हुए) पर गेंद लगी और वह अकसर कंन्कशन का शिकार हुए. इसीके चलते उन्होंने संन्यास का ऐलान कर दिया. पुकोवस्की को एक्सपर्ट्स की समिति ने क्रिकेट छोड़ने की सलाह दी थी, जिसके बाद उन्हें यह फैसला लेना पड़ा.

वह आखिरी बार मार्च 2024 में कन्कशन का शिकार हुए थे, जब शेफील्ड शील्ड के एक मैच में रिले मेरेडिथ की गेंद उनके हेल्मेट पर जा लगी. इसके चलते उन्हें ऑस्ट्रेलिया का बाकी बचा सीजन छोड़ना पड़ा और इंग्लैंड की काउंटी टीम लीस्टरशर के साथ हुआ कॉन्ट्रैक्ट भी छोड़ना पड़ा, जो उन्हें 2024 की गर्मियों के सीजन के लिए मिला था.

पुकोवस्की ने माना कि बार-बार हेल्मेट पर गेंद लगने के चलते उन्हें शारीरिक नुकसान तो हो ही रहा था लेकिन साथ ही साथ उनकी मानसिक सेहत पर भी इसका असर हो रहा था. पुकोवस्की के खेल जारी रखने या न रखने पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया, क्रिकेट विक्टोरिया और स्वतंत्र मेडिकल विशेषज्ञों को मिलाकर एक पैनल गठित किया गया था, जिसने यह फैसला लिया कि उनका क्रिकेट से दूर रहना ही बेहतर है.

ऑस्ट्रेलिया के युवा ओपनिंग बल्लेबाज विल पुकोवस्की ने सिर्फ 26 साल की उम्र में रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है. वह कई बार कंन्कशन का शिकार हुए थे और इसी के चलते उन्होंने यह फैसला लिया.

विम्बलडन चैम्पियन बारबोरा क्रेसिकोवा यूएस ओपन से बाहर

न्यूयॉर्क, एजेंसी। विम्बलडन चैम्पियन बारबोरा क्रेसिकोवा अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में एलेना गैब्रियेला रूसे से 4.6, 5.7 से हारकर बाहर हो गई। आठवीं वरीयता प्राप्त क्रेसिकोवा ने पेरिस ओलंपिक के बाद कोई मैच नहीं खेला था। रूसे का सामना अब 26वीं वरीयता प्राप्त पाउला बाडोसा से होगा जिन्होंने अमेरिका की टेलर टाउनसेंड को 6.3, 7.5 से मात दी। किसी महिला

खिलाड़ी ने 2012 में सेरेना विलियम्स के बाद एक ही साल में विम्बलडन और अमेरिकी ओपन खिताब नहीं जीते हैं।

पुरूष वर्ग में फ्रांसिस टियाफो ने 32 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच अलेक्जेंडर शेवचेंको के खिलाफ पहले दो सेट जीत लिए लेकिन तीसरे सेट के पहले गेम में शेवचेंको ने कोर्ट छोड़ दिया। वहीं 13वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने रॉबर्टो बतिस्ता एगुट को 6.3, 6.4, 6.4 से हराया। अब उनका सामना टियाफो से होगा जिन्हें पिछले साल उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हराया था। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने मातेओ बेरेतिनी को 6.3, 7.6, 6.1 से मात दी जबकि ब्रेंडन नाकाशिमा ने आर्थर काजाक्स को हराया और अब उनका सामना 18वीं वरीयता प्राप्त लोजेंजो मुसेत्ती से होगा।

जिरि लेहेका ने मिचेल क्रूगर को 6.7, 0.6, 6.4, 6.4, 7.5 से हराया।

परिवार संग तिरुअनंतपुरम पहुंचे पीआर श्रीजेश का अपमान

केरल सरकार ने बिना बताए टाल दिया 2 बार के ओलंपिक मेडलिस्ट का सम्मान समारोह

नईदिल्ली, एजेंसी। ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की झलक पाने को प्रशंसक जहां पलक पावड़े बिछाए रहते हैं। पेरिस ओलंपिक से पदक जीतकर स्वदेश लौटे भारतीय खिलाड़ियों को सिर-आंखों पर बैठाया जा रहा है, लेकिन केरल की माकपा सरकार पर यह बात बिल्कुल फिट नहीं बैठती। उनके लिए शायद ओलंपिक पदक विजेता की कोई अहमियत ही नहीं है, नहीं तो उसके अधिकारी एक नहीं, बल्कि दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पीआर श्रीजेश का 'अपमान' क्यों करते।

खबर के मुताबिक, 26 अगस्त 2024 को पीआर श्रीजेश को तब शर्मसार होना पड़ा, जब वह परिवार समेत अपने घर कन्नूर से 485 किलोमीटर का सफर कर केरल की राजधानी तिरुअनंतपुरम पहुंचे। तिरुअनंतपुरम में सोमवार 26 अगस्त 2024 को श्रीजेश का सम्मान समारोह होना था। पीआर श्रीजेश और उनका परिवार रविवार 25 अगस्त 2024 को कन्नूर से तिरुवनंतपुरम पहुंचे।

खाली हाथ घर लौटे पीआर श्रीजेश

इस बीच, शनिवार 24 अगस्त 2024 की रात अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थगित करने का फैसला किया, लेकिन उन्होंने श्रीजेश को इस बारे में सूचित नहीं किया। पीआर श्रीजेश को राजधानी पहुंचने पर ही कार्यक्रम स्थगित होने की जानकारी मिली। इस घटना के बाद ओलंपियन ने अपने परिवार के साथ घर लौटने का फैसला किया।

पीआर श्रीजेश का प्रतिक्रिया देने से इनकार

'मातृभूमि' ने श्रीजेश के हवाले से लिखा, 'मैं अभी इस स्थिति पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देना चाहता हूं।' इस बीच, इस घटना को लेकर पिनारई विजयन सरकार के भीतर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी के अनुसार, चूंकि श्रीजेश शिक्षा विभाग में संयुक्त निदेशक हैं, इसलिए हॉकी खिलाड़ी के लिए सम्मान समारोह आयोजित करना विभाग की जिम्मेदारी है।

आरोप-प्रत्यारोप का दौरा जारी

इससे पहले शिक्षा मंत्री ने ऐलान किया था कि सम्मान समारोह शनिवार 24 अगस्त को आयोजित किया जाएगा, लेकिन बाद में कार्यक्रम रद्द कर दिया गया था। वहीं, खेल मंत्री वी अब्दुरहमान ने कहा कि ओलंपिक पदक विजेता को सम्मानित करने की मुख्य जिम्मेदारी राज्य के खेल विभाग की है। इसी असहमति के कारण, मुख्यमंत्री कार्यालय ने कथित तौर पर हस्तक्षेप किया और कार्यक्रम को स्थगित करने का फैसला किया।

इससे पहले, इस आयोजन के तहत शिक्षा विभाग में एशियाई खेलों के पदक विजेताओं को नौकरी देने की भी योजना बनाई गई थी।

मूल रूप से 24 अगस्त के लिए तय इस कार्यक्रम को बाद में 26 अगस्त के लिए टाल दिया गया था, लेकिन आखिरकार फिर उसे स्थगित कर दिया गया। विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने आरोप लगाया कि मंत्रियों के बीच अहंकार की लड़ाई के कारण श्रीजेश का अपमान किया गया।

न्यूज बाइट्स

गंभीर रोग से पीड़ित अंजनी कुमार सिंह को पृथ्वीराज ट्रस्ट ने की मदद

बारूण (औरंगाबाद) (नि.सं.)। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बारुण प्रखंड के बरौली ग्राम निवासी समाजसेवी रामनाथ सिंह के पुत्र अंजनी कुमार सिंह के सीरियस रोग से पीड़ित होकर दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती होने पर पीड़ित परिवार को मदद करने के निमित 40000 की मदद की गई। 13000 बैंक में ट्रांजैक्शन के माध्यम से दिया गया। जबकि,27000 रुपए का चेक जसोईया मोड पेट्रोल पंप के समीप बुधवार की संध्या में ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने जाकर उनको सुपुर्द किया। मौके पर उपाध्यक्ष प्रोफेसर ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह,वरीय सदस्य रामप्रवेश सिंह, बरियांवा पंचायत पूर्व मुखिया सत्येंद्र नारायण सिंह, समाजसेवी कमलेश कुमार सिंह संयोजक जगदीश सिंह मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी उपस्थित रहे। विदित हो कि वर्तमान परिदृश्य में ट्रस्ट अपने बायोलॉज में लिए गए गए निर्णय के आलोक में सामाजिक कार्यों को मूर्त स्वरूप देने के लिए कृत संकल्पित है।

औरंगाबाद के नाटककार आफताब राणा की निर्देशित फिल्म 'बैंड मास्टर एंड डॉटर' की नागपुर में हुई शूटिंग

औरंगाबाद (का.सं.)। औरंगाबाद ने साहित्य, संस्कृति, शिक्षा, खेल और फिल्म निर्माण के क्षेत्र में देश भर में अपनी अलग पहचान बनाई है। यहां की मिट्टी ने हर क्षेत्र में अनेक प्रतिभाओं को जन्म दिया है। ऐसी ही एक प्रतिभा हैं आफताब राणा, जिन्होंने अपने संघर्ष और मेहनत से मायानगरी में अपनी जगह बनाई है।औरंगाबाद की तंग गलियों से निकलकर आफताब ने मुंबई तक का सफर तय किया और आज वे देश के शीर्ष निर्देशकों में से एक हैं। उनका सफर स्ट्रीट कलाकार से स्टेट कलाकार और फिर कंट्री कलाकार तक पहुंचा, जिसमें उन्हें कई खट्टे-मीठे अनुभवों का सामना करना पड़ा। उनके संघर्ष ने उन्हें और मजबूत किया और आज उनकी फिल्म 'बैंड मास्टर एंड डॉटर' रिलीज से पहले ही लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई है।फिल्म 'बैंड मास्टर एंड डॉटर' एक बैंड मास्टर के जीवन पर आधारित है, जिसमें पारिवारिक ताने-बाने को खूबसूरती से दिखाया गया है। अब्दुल रज्जाक शाह की लेखनी ने फिल्म को गहराई दी है, और उनके शब्दों की अदायगी दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है।फिल्म का निर्देशन आफताब राणा और ए.आर. शाह ने किया है, जिन्होंने अपने निर्देशन कौशल से फिल्म को निखारा है।

एसपी कार्यालय में हुई लंबित कांडों की समीक्षा बैठक, शीघ्र निष्पादन हेतु दिए गए दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

गुरूवार को औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता औरंगाबाद की पुलिस अधीक्षक महोदया ने की, जिसमें मुफ्फसिल अंचल के थाना क्षेत्र के 300 दिनों से अधिक समय से लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित अनुसंधानकर्ताओं की उपस्थिति में लंबित मामलों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। पुलिस अधीक्षक महोदया ने कांडों के शीघ्र निष्पादन हेतु अनुसंधानकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामलों के निष्पादन में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी कांडों के निष्पादन में ढिलाई या लापरवाही बरतेगा, उसके खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। बैठक का उद्देश्य लंबित कांडों को शीघ्रता से निपटाना और जनता को न्याय प्रदान करना था। पुलिस अधीक्षक महोदया ने इस दौरान यह भी सुनिश्चित किया कि सभी अनुसंधानकर्ता समय-सीमा के भीतर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहें। समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदया ने मामलों की प्रगति पर भी विस्तृत चर्चा की और अनुसंधानकर्ताओं को विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि सभी को एकजुट होकर काम करना चाहिए ताकि न्यायिक प्रक्रियाएं तेजी से आगे बढ़ सकें और अपराधियों को समय पर सजा मिल सके। इस बैठक से यह स्पष्ट संदेश गया कि औरंगाबाद पुलिस प्रशासन लंबित मामलों के प्रति गंभीर है और जनता के हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा। बैठक का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराध को नियंत्रित करना ही नहीं, बल्कि कानून का पालन सुनिश्चित करना और जनता के विश्वास को बनाए रखना भी है।

फरार नक्सली को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | अंबा (औरंगाबाद)

नक्सल विरोधी अभियान के तहत एक नक्सली को अंबा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली अंबा थाना क्षेत्र के जोड़ा गांव निवासी तुलसी भुइयां का बेटा फेसर भुइयां उर्फ केसरी भुइयां है। वर्तमान में देव थाना क्षेत्र के बेड़नी गांव में घर बना कर रह रहा था। जिसे आज जेल भेजा जाएगा। अंबा थाना अध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि 12 नवंबर 2006 को नक्सली गतिविधि में रहने पर फेसर भुइयां उर्फ केसरी भुइयां को कांड संख्या 36/06 में नामजद अभियुक्त बनाया गया था। इसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट, सरकारी कार्य में बाधा डालना सहित अन्य मामलों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज है। नक्सलियों के गतिविधि पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद स्वापन्ना गौतम मेश्राम के निर्देशन और एसडीपीओ-2 अमित कुमार की अध्यक्षता में मदनपुर थाना की पुलिस और केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल (कोबरा-205) वाहिनी के यू/सी उपेन्द्र प्रताप के नेतृत्व में मदनपुर थाना अन्तर्गत पचरुखिया के जंगली-पहाड़ी क्षेत्रों के आस-पास कुछ प्वाइंट को चिह्नित कर नक्सल गतिविधियों के विरुद्ध संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया। जहां से 2 किलो का आईईडी प्रेशर बम बरामद किया गया। जिसे नष्ट कर दिया गया। हाल ही में औरंगाबाद पुलिस ने 50 कांडों में नामजद अभियुक्त कई वर्षों से फरार चल रहे नक्सली गोविंद यादव उर्फ अभय यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इससे पूर्व रफीगंज थाना क्षेत्र के पोगर में जेसीबी जलाने वाले इनामी नक्सली बिहारी रवानी उर्फ श्याम बिहार चंद्रवंशी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

मुखिया विकास कुमार सिंह के प्रयासों से चेंई नवादा हुआ ओडीएफ प्लस घोषित

विद्या भूषण | मदनपुर (औरंगाबाद)

मदनपुर प्रखंड के चेंई नवादा पंचायत को हाल ही में ओडीएफ (खुले में शौच से मुक्त) प्लस घोषित किया गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय पंचायत के मुखिया विकास कुमार उर्फ बब्लू सिंह को जाता है, जो एक विकासशील जनप्रतिनिधि के रूप में अपने क्षेत्र के समर्पित सेवक हैं। बब्लू सिंह ने जानकारी दी कि उनका पंचायत न केवल खुले में शौच से मुक्त हो चुका है, बल्कि ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के मानकों को भी सफलतापूर्वक पूरा कर चुका है। स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत यह पंचायत अब स्वच्छता के क्षेत्र में एक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। पंचायत के ओडीएफ प्लस घोषित होने का अर्थ है कि यहां के लोग अब खुले में शौच नहीं करते हैं और अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ठोस व्यवस्था की गई है। मुखिया बबलू सिंह की सक्रियता और नेतृत्व ने इस कार्य को साकार करने में अहम भूमिका निभाई है। मुखिया ने इस उपलब्धि के लिए सभी पंचायतवासियों और जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और विकास के इस मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए यह केवल एक कदम है, और पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा। बब्लू सिंह के नेतृत्व में चेंई नवादा पंचायत ने स्वच्छता की दिशा में जो कदम उठाए हैं, वे अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकते हैं। स्वच्छता के इस संदेश को फैलाने और इसे एक आदत बनाने में सभी पंचायतवासियों का सहयोग भी सराहनीय है। मुखिया बब्लू सिंह ने भविष्य में भी स्वच्छता और विकास के विभिन्न पहलुओं पर काम करते रहने का आश्वासन दिया है।

श्री सीमेंट का 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान : सामूहिक वृक्षारोपण से पर्यावरण संरक्षण की ओर कदम

2500 पौधों का हुआ वितरण, 1825 लोगों को मिला लाभ

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत श्री सीमेंट द्वारा औरंगाबाद के बभंडीह, भरथौली, रायपुरा, बेला, खैराबिन्द, जसोइया, धभौल, कन्हाई बिगहा गाँवों के स्कूली विद्यार्थियों और ग्रामीणों के बीच आम, जामुन, बादाम, शीशम, कटहल, सागवान आदि के पौधे 23 से 28 अगस्त 2024 तक वितरित किए गए। इस अभियान में 1825 विद्यार्थियों और ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया और कुल 2500 पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए, यूनिट हेड अनिल शर्मा ने कहा, 'पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए, हमारी भूमि का कम से कम एक तिहाई हिस्सा वनों से ढका होना चाहिए। पेड़ छाया, फल, फूल, औषधियों के साथ-साथ प्राकृतिक वेंटिलेटर के रूप में भी कार्य करते हैं क्योंकि वे ताजा ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। प्लांट एच आर हेड बीएस राठौड़ ने पर्यावरण संरक्षण में सार्वजनिक भागीदारी की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि वनों की कटाई से निपटने के लिए पेड़ लगाना आवश्यक है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे अपने आंगनों में पेड़ लगाएं और परिवार के सदस्य की तरह उनका पालन-पोषण करें। वर्तमान परिदृश्य में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण की आवश्यकता पर बल देते हुए दिलीप शेखावत, वीरेंद्र सिंह और अभय मिश्रा ने कहा कि ऑक्सीजन के स्तर को बढ़ाने और वैश्विक तापमान को कम करने के लिए वृक्षारोपण महत्वपूर्ण है।

वृक्षारोपण अभियान के वितरण कार्यक्रम में अनिल शर्मा (बीजीयू-यूनिट हेड), बीएस राठौड़ (प्लांट एचआर हेड), दिलीप सिंह शेखावत (क्यू.सी-एचओडी), वीरेंद्र सिंह (प्रोसेस-एचओडी), पवन सिंह (स्टोर्स-एचओडी), अभय मिश्रा (आईटी एचओडी), सुनील अग्रवाल (अकाउंट- एचओडी), रंजन कुमार, सतीश सिंह, नरेश नागर, कुंदन सिंह, आरपी सिंह, राजू भटनागर, अंकुर द्विवेदी, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन रोहित कुमार (सीएसआर विभाग) द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।

मिला प्रशंसा प्रमाण पत्र

श्री फाउंडेशन ट्रस्ट औरंगाबाद के प्रयासों को स्वीकार करते हुए, स्कूल प्रबंधन-भभांडीह ने इस पहल की सराहना की और पारिस्थितिक संतुलन को संरक्षित करने की दिशा में सक्रिय योगदान के लिए 'प्रशंसा प्रमाणपत्र' प्रदान किया। सभी उपस्थित लोगों, स्कूल स्टाफ सदस्यों और ग्रामीणों ने श्री सीमेंट लिमिटेड औरंगाबाद के प्रति आभार व्यक्त किया और इसके प्रयासों की सराहना की। विद्यार्थियों एवं सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण का संकल्प लेते हुए कहा कि यह प्रतिज्ञा हमारे ग्रह के संरक्षण के प्रति उनकी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने चेक डैम के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया, गुणवत्ता पर उठाए सवाल

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने सदर प्रखंड अंतर्गत परसडीह पंचायत के ग्राम खैरा सलेम में लघु सिंचाई विभाग के तहत लगभग 2 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से बन रहे चेक डैम के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए और अपनी चिंता व्यक्त की। पूर्व सांसद ने कहा कि कई वर्षों के प्रयास के बाद इस योजना को स्वीकृति मिली, लेकिन दुख की बात है कि इसके प्राक्कलन में गुणवत्ता से समझौता किया गया है। इस चेक डैम के निर्माण में पानी की आमद और स्टॉक की सही जांच नहीं की गई है। परिणामस्वरूप, इसे पानी के आमद और डिस्चार्ज के अनुसार छोटा बना दिया गया है, और इसकी मजबूती के लिए पर्याप्त मात्रा में छड़ भी नहीं डाला गया है। उन्होंने आगे कहा कि 'निर्माण कार्य के दौरान ही चेक डैम का एक हिस्सा बह गया है, जिससे इसकी स्थायित्व पर सवाल उठते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस प्राक्कलन की जानकारी संवेदक और इंजीनियर द्वारा सही ढंग से नहीं दी गई है।

सुशील कुमार सिंह ने कहा कि हम जनप्रतिनिधि जनहित में योजनाओं को स्वीकृत करवाते हैं, लेकिन अगर कार्य में तकनीकी तौर पर त्रुटियाँ हों और गुणवत्ता से समझौता किया जाए, तो यह गलत है। मेरा प्राथमिक उद्देश्य विकास के कार्य करना है, और ऐसे मामलों में कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, कार्यपालक अभियंता और ठेकेदार सभी दोषी होते हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यपालक अभियंता से दूरभाष पर बात कर उन्हें सभी बातों से अवगत कराया। उन्होंने निर्देश दिया कि आप स्वयं पूरे टीम के साथ साइड का निरीक्षण करें, ग्रामीणों से बात करें और पानी की आमद और डिस्चार्ज की जानकारी लेकर, प्राक्कलन के अनुसार यदि गेट बढ़ाने की आवश्यकता हो, तो गेट को बढ़ाएं। इसके अलावा, दोनों तरफ की सुरक्षात्मक दीवार का मजबूती से निर्माण करवाएं। पूर्व सांसद ने कहा कि वे इस मुद्दे को सरकार के समक्ष उठाएंगे और दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे।

वृद्ध की हत्या करने पर अभियुक्त को मिली आजीवन कारावास की सजा

औरंगाबाद (का.सं.)। गुरूवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे पांच उमेश प्रसाद ने देव थाना कांड संख्या-42/15, जी आर- 1202/15 में सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त योगेन्द्र सिंह सिमरी टोला देव को भादंवि धारा-302/34 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एपीपी परशुराम सिंह ने बताया कि अभियुक्त योगेन्द्र सिंह को 22/08/24 को हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था, आज दोनों पक्षों के सुनने के पश्चात सज़ा सुनाई गई है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक सुशीला कुंवर सिमरी टोला देव ने प्राथमिकी में बताया था कि अभियुक्त के घर कुछ साल पहले एक घटना घटी थी और अंधविश्वास में मेरे घर में डायन का आरोप लगाता था।

उर्दीना के कुन्दन ने बढ़ाया औरंगाबाद का सम्मान, उतराखंड में बने डीपीआरओ

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

बिहार के औरंगाबाद जिले के बारुण प्रखंड स्थित उर्दीना ग्राम निवासी कुंदन कुमार सिंह, पिता श्री अशोक कुमार सिंह ने उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर जिला जनसंपर्क अधिकारी के पद पर चयनित हुए हैं। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार कुंदन की स्कूली शिक्षा देश के प्रतिष्ठित संस्थान 'राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल, चैल, शिमला हिल्स, हिमाचल प्रदेश से हुई है। इनकी शिक्षा दीक्षा एशिया के सबसे बड़े आवासीय विश्वविद्यालय 'बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी' से हुई है। बता दें कि कुंदन के पिता अशोक कुमार सिंह एक साधारण किसान हैं और इनकी माता एक कुशल गृहणी हैं। कुंदन के जिला सूचना जन संपर्क पदाधिकारी बनने पर गांव के लोगो में खुशी व्याप्त है। परिजनों ने कहा कि कुंदन शुरुआत से ही प्रतिभाशाली है, पढ़ाई में मन लगने के कारण हमेशा बेहतर अंक लाता था, हमेशा से मृदुभाषी होने के कारण परिवार में चहेता भी रहा है। कुंदन की इस सफलता से गांव का ही नहीं बल्कि जिले का नाम रौशन है, जिले का मान सम्मान बढ़ा है। बधाई देने वाले में बड़ा भाई संतोष कुमार सिंह उर्फ़ चिंटू कंचनपुर (पैक्स अध्यक्ष), उदय सिंह, नंदन सिंह, पवन कुमार सिंह उर्फ चुन्नू, अनिल पवार, धनंजय सिंह, रोहित कुमार, संजू सिंह सहित समस्त ग्रामीणों ने बधाई दी है।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल और नशामुक्ति का संकल्प

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने इस अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को स्मरण करते हुए उन्हें विद्यालय परिवार की ओर से भावांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्मकुमारी संस्था के जिला प्रमुख दिनेश प्रसाद और धनंजय कुमार ने बच्चों को खेल और पढ़ाई का महत्व समझाया। उन्होंने युवाओं में तेजी से बढ़ रही नशाखोरी की समस्या पर चिंता जताते हुए बताया कि उनकी संस्था इस सामाजिक बुराई के खिलाफ विभिन्न प्रयास कर रही है। उन्होंने बच्चों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। ब्रह्मकुमारी संस्था की ओर से लाए गए कैंपेन वाहन में बच्चों को नशे की विभीषिका पर आधारित वीडियो और संदेश दिखाए गए। बच्चों ने नशे से दूर रहने और अन्य लोगों को भी इस सामाजिक बुराई से बचाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही, उन्होंने विभिन्न खेल गतिविधियों में भी हिस्सा लिया। हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने बताया कि 2 सितंबर से शुरू होने वाली जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में स्कूल के कई छात्र विभिन्न खेलों में भाग लेंगे, जिससे उनकी खेल प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा।

नकली खाद दुकान का सील खोलने के मामले में होगी कार्रवाई

देव (औरंगाबाद)(नि.सं.)। नकली उर्वरक बेंचने के आरोप में औरंगाबाद के देव में सील किए गए खाद दुकान का सील खोल दिए जाने के मामले में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यद आश्वासन औरंगाबाद के जिला कृषि पदाधिकारी राम ईश्वर प्रसाद ने गुरुवार को सील खोल दिए जाने की शिकायत लेकर उनसे मिलने आए देव के किसानों के प्रतिनिधिमंडल को दिया। उन्होने किसानों की शिकायत सुनते ही संज्ञान लेते हुए देव के प्रखंड कृषि पदाधिकारी(बीएओ) कृष्णदेव चौधरी को फ़ोन किया। उनसे पूरे मामले की जानकारी ली।